रांची, बुधवार
05.03.2025
वर्ष : 10, अंक : 94 पृष्ठ : 12
मूल्य : दो रूपए

# बिहान भारत

रांची से प्रकाशित हिन्दी दैनिक
खबरें हमारी, विश्वास आपका

website : www.bihanbharat.org | bihanbharat@gmail.com | @bihan_bharat | Bihan Bharat | RNI NO - JHAHIN/2015/73988



## संक्षिप्त खबरें

### संघ प्रमुख डॉ. भागवत आज से बिहार के पांच दिवसीय प्रवास पर



**पटना।** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भागवत बिहार के पांच दिवसीय प्रवास पर कल पटना पहुंचेंगे। वो यहां से पूर्व विभाग संघचालक एवं विश्व संवाद केंद्र के पूर्व अध्यक्ष दिवंगत प्रकाश नारायण सिंह उपाख्य छोटे बाबू के घर जाएंगे। उनके परिजनों से मिलकर रात्रि विश्राम मुजफ्फरपुर स्थित संघ कार्यालय में करेंगे। संघ प्रमुख छह मार्च को सुबह वीरपुर, सुपौल के लिए प्रस्थान करेंगे। वहां विद्या भारती द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर के भवन का उद्घाटन करेंगे। सात, आठ और नौ मार्च को मुजफ्फरपुर में कार्यकताओं की बैठक में रहेंगे। नौ मार्च को नागपुर के लिए प्रस्थान करेंगे।

### मोदी ने बेल्जियम की राजकुमारी एस्ट्रिड से मुलाकात की



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंगलवार को बेल्जियम की राजकुमारी एस्ट्रिड से मुलाकात की। प्रधानमंत्री ने भारत में 300 सदस्यीय आर्थिक मिशन का नेतृत्व करने की राजकुमारी एस्ट्रिड की पहल की सराहना की। प्रधानमंत्री ने कहा कि वह व्यापार, प्रौद्योगिकी, रक्षा और कृषि में नई साझेदारी के माध्यम से दोनों देशों के लोगों के लिए असीमित अवसरों के द्वार खोलने के लिए तत्पर हैं। प्रधानमंत्री ने मुलाकात की तस्वीरें सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर साझा करते हुए लिखा, बेल्जियम की राजकुमारी एस्ट्रिड से मिलकर प्रसन्नता हुई। भारत में 300 सदस्यीय आर्थिक मिशन का नेतृत्व करने की उनकी पहल का मैं तहेदिल से सराहना करता हूं। व्यापार, प्रौद्योगिकी, रक्षा, कृषि, जीवन विज्ञान, नवाचार, कौशल और शैक्षणिक आदान-प्रदान में नई साझेदारी के माध्यम से हमारे लोगों के लिए असीमित अवसरों को खोलने की आशा करता हूं।

## गिरिडीह में झामुमो का 52 वां स्थापना दिवस, मुख्यमंत्री के साथ कल्पना ने किया सभी का अभिवादन

# नीति आयोग की रिपोर्ट में झारखंड देश के चार सर्वश्रेष्ठ राज्यों में शामिल : हेमंत

बिभा संवाददाता

**गिरिडीह:** सीएम हेमंत सोरेन और उनकी पत्नी गांडेय विधायक कल्पना सोरेन झामुमो के स्थापना दिवस कार्यक्रम में पहुंचे. यहां सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि नीति आयोग ने देश के चार सर्वश्रेष्ठ राज्यों में झारखंड का नाम रखा है जो अपनी आर्थिक व्यवस्था को मजबूत कर रहा है. हमने यहां के गरीब, किसान, आधी आबादी को अपने पैरों पर खड़ा करने का संकल्प लिया है.

सीएम हेमंत सोरेन ने लोगों को कहा कि अभी थोड़ा सा महिलाओं के खाते में पैसा जाने से रुका है. हमें पता चला है कि इतना बड़ा पैसा जो हम राज्य की आधी आबादी को दे रहे हैं, तो कुछ चालक, चतुर, लोमड़ी, भेड़िया लोग पीछे के दरवाजे से वह पैसा निकालने का काम कर रहे हैं. कई लाख पुरुषों ने महिलाओं के नाम पर पैसा निकालने का काम किया है. यह दुर्भाग्य की बात है.

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने गिरिडीह झामुमो स्थापना दिवस समारोह में कहा कि आज राज्य को अपने पैरों पर खड़ा करने का संकल्प हम सब को लेना है. हम लोगों के लिए काम करें और यहां से चोर लोग चुरा कर ले जाएं तो कैसे चलेगा, कैसे राज्य अपने पैरों पर खड़ा होगा. इसलिए हम अपील करते हैं कि ऐसा काम हम लोग नहीं करें कि राज्य को दलदल से निकालने में हमें युग-युग लग जाए. हमारा यह संकल्प है हम जल्द से जल्द इस राज्य के गरीब-गुरबा लोगों को गरीबी रेखा से बाहर निकालने का काम करेंगे.

सीएम हेमंत सोरेन ने कहा कि आज बहुत ही विकट परिस्थिति है. देश की राजनीती एक ऐसे मोड़ से गुजर रही है जहां देश के विकास को लेकर केंद्र सरकार को चिंता है न भय है. अभी देश की स्थिति अच्छी नहीं है. महंगाई आसमान छू रही है. सभी चीजों में टैक्स लगा. इतना टैक्स जो कभी जीवन में नहीं लगा. इसी महंगाई से बचने के लिए मंईयां सम्मान के नाम पर सहयोग देने का काम किया है. उन्होंने कहा कि झारखंड देश का सबसे पिछड़ा राज्य है. लेकिन अब यह राज्य पिछड़ा नहीं रहेगा. इस राज्य को दलदल में धकेल दिया गया था, जिससे निकालने में हमें पांच साल लग गए. पांच साल में हम लोग इतने मजबूती से काम करेंगे की इस राज्य को कभी पीछे मुड़कर देखने का जरूरत नहीं पड़ेगा.



### नहीं देगा हक तो कोयला का ढेला भी नहीं उठेगा

सीएम हेमंत ने कहा कि भारत सरकार हमेशा से ही हम लोगों के साथ सौतेला व्यवहार करती है. केंद्र ने नाक रगड़ने पर भी आवास नहीं दिया तो हमने अबुआ आवास शुरू किया गया. आने वाले पांच साल में सब को आवास मिलेगा. सभी काम के लिए पैसा की आवश्यकता होती है. पैसा आने का भी व्यवस्था किया गया है. अभी तो एक ही डंडा चला है, अभी डंडा का असर मिलेगा. भारत सरकार के उपक्रम का जितना भी कोयला खदान चलता है उस उपक्रम से हम लोगों को एक लाख 36 हजार करोड़ मिलेगा. नहीं देगा तो, कोर्ट से फैसला लेंगे, नहीं तो खदान भी बंद करने का काम किया जाएगा. सीएम ने कहा कि जब तक यहां के लोगों का रैयत की मांग पूरी नहीं होगी एक ढेला कोयला नहीं जाएगा.

### गांव से चलेगी सरकार : सीएम

सीएम हेमंत ने कहा कि हमारी सरकार रांची से नहीं गांव से चलने वाली सरकार है. यही कारण है अधिकारी गांव में जाकर यहां के लोगों की समस्या को दूर करने का काम कर रहे हैं. मंईयां सम्मान योजना का खाता के लिए, फॉर्म भरने के लिए कैम्प लगवाया गया. आने वाला समय में जाति, आय, निवासी प्रमाण पत्र, जन्म- मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने के लिए ऑफिस के चक्कर लगाना नहीं पड़ेगा. अधिकारी और कर्मी गांव में जाकर प्रमाण पत्र बनाएंगे. आज सभी बुजुर्ग को पेंशन मिलता है. हर व्यक्ति के लिए काम होगा. काम ऐसा होगा जो जनता को दिखेगा. केंद्र की सरकार जो बोलती है वह करती नहीं है लेकिन हम जो बोलते हैं वही करते हैं.

### जिले के लोगों ने बेटी जैसा प्यार दिया : कल्पना



**गिरिडीह** : कल्पना मुर्मू सोरेन ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह वही मंच है जहां एक साल पहले आपने मुझे रोते हुए देखा था. यह वही मंच हैं जहां सब थे, हमारे बड़े बुजुर्ग थे, सिर्फ एक व्यक्ति नहीं था वह था आपका बेटा हेमंत सोरेन लेकिन आज हेमंत हैं. विधायक ने कहा कि झारखंड की बहू को यहां के लोगों ने बेटी समझ कर प्यार रिया. जिसके लिए आजीवन ऋणी रहूंगी. घर का अभिभावक यदि घर में न हो तो परिवार क्या करता है. परिवार के बड़े लोग अभिभावक का फर्ज निभाते हैं. पिछली बार जनता ने यही साथ निभाया. गांडेय, गिरिडीह, झारखंड की जनता के लिए कल्पना सोरेन ऋणी है. झारखंड में किसी की सरकार रहेगी वह अबुआ की सरकार रहेगी. हमलोगों ने चुनावी समय में जो प्रण लिया था उसे पूरा करने में हेमंत सोरेन जुटे हैं. गिरिडीह – गांडेय के अलावा झारखण्ड पर्यटन के क्षेत्र में नया आयाम देने का काम किया जाएगा. धैर्य रखियेगा हरेक वादा पूरा किया जाएगा.

### झारखंडियों की सोच से चलेगा राज्य: सुदिव्य

**गिरिडीह** : विधायक सह मंत्री सुदिव्य कुमार ने कहा कि जनता ने हेमंत सोरेन को 56 सीटों का बहुमत दिया, हेमंत पर यह भरोसा जताया है कि जो काम अधूरे रह गए हैं उसे पूरा करना है. दिशोम गुरु शिबू सोरेन ने जिस सोना झारखंड की कल्पना की थी वह सोना झारखण्ड धरातल पर उतारने का समय है. मैं आपको भरोसा देना चाहता हूं राजनीतिक साजिश करने वाले कितनी भी ताकत लगा ले लेकिन गिरिडीह के इस ऐतिहासिक झंडा मैदान से यह संदेश स्पष्ट है कि यह राज्य झारखंडियो सोच से चलेगा.


सभा को सम्बोधित करते हुए राज्यसभा सांसद डॉ सरफराज अहमद ने कहा कि इसी मंच से राजनीतिक जीवन को कल्पना सोरेन जैसा सितारा मिला. हेमंत सोरेन की तरह कल्पना सोरेन को जनता का प्यार मिला. कल जब हेमंत सोरेन की सरकार ने बजट पेश किया तो झारखंडी होने का सबूत भी दिया.

# दुनिया का हर देश आज भारत के साथ आर्थिक साझेदारी को मजबूत करना चाहता है : प्रधानमंत्री

एजेंसी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए विकास इंजन बताते हुए मंगलवार को कहा कि आज दुनिया का हर देश भारत के साथ अपनी आर्थिक साझेदारी को मजबूत करना चाहता है। उन्होंने कहा कि हमारे विनिर्माण क्षेत्र को इन साझेदारियों का लाभ उठाने के लिए अधिक से अधिक पहल करनी चाहिए।






प्रधानमंत्री वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम (एमएसएमई) क्षेत्र पर बजट के बाद वेबिनार को संबोधित करते कर रहे थे। उन्होंने कहा कि विनिर्माण और निर्यात पर ये बजट वेबिनार हर दृष्टि से बहुत महत्वपूर्ण है। ये बजट हमारी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला पूर्ण बजट था। इस बजट की सबसे खास बात रही, अपेक्षाओं से अधिक डिलीवरी। कई क्षेत्र ऐसे हैं जहां विशेषज्ञों ने भी जितनी अपेक्षाएं की थीं, सरकार ने उससे अधिक कदम उठाए हैं।


उन्होंने कहा कि किसी भी देश में विकास के लिए स्थिर नीति और अच्छा कारोबारी माहौल बहुत जरूरी है। कुछ साल पहले हम जन विश्वास अधिनियम लेकर आए। हमने अनुपालन को कम करने की कोशिश की। केंद्र और राज्य स्तर पर 40 हजार से अधिक अनुपालन समाप्त किए गए। इससे व्यापार करने में आसानी हुई। हमने सरलीकृत आयकर की अवधारणा पेश की। हम जनविश्वास 2.0 विधेयक पर काम कर रहे हैं। गैर-वित्तीय क्षेत्र के नियमों की समीक्षा के लिए, हमने एक समिति बनाने का फैसला किया है। हम उन्हें आधुनिक, लोगों के अनुकूल और कार्य-आधारित बनाना चाहते हैं।

उन्होंने कहा कि हमने आत्मनिर्भर भारत के विजन को आगे बढ़ाया और सुधारों की अपनी गति को और तेज किया। हमारे प्रयासों से अर्थव्यवस्था पर कोविड का प्रभाव कम हुआ। इससे भारत को तेज गति से बढ़ने वाली अर्थव्यवस्था बनाने में मदद मिली। उन्होंने कहा, ‍जब कोविड-19 महामारी के दौरान वैश्विक अर्थव्यवस्था धीमी हो गई तो भारत ने वैश्विक विकास को गति दी। यह आसानी से नहीं हुआ। हमने अपने सुधारों की गति को तेज किया और आत्मनिर्भर भारत के विजन की दिशा में काम किया। हमारे प्रयासों से कोविड-19 का हमारी अर्थव्यवस्था पर न्यूनतम प्रभाव पड़ा। आज भी भारत वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए विकास का इंजन है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज 14 क्षेत्रों को पीएलआई योजना का फायदा मिल रहा है। इस योजना के तहत 7.5 करोड़ यूनिट को मंजूरी दी गई है। इससे 1.5 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का निवेश आया है, 13 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का प्रोडक्शन हुआ है और पांच लाख करोड़ रुपये से ज्यादा का एक्सपोर्ट हुआ है। उन्होंने कहा कि भारत की मैन्युफैक्चरिंग यात्रा में आरएंडडी का अहम योगदान है। इसे और आगे बढ़ाने और गति देने की आवश्यकता है। आरएंडडी के द्वारा हम इनोवेटिव प्रोडक्ट्स पर फोकस कर सकते हैं, साथ ही प्रोडक्ट्स में वैल्यू एडिशन कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि आज देश में एमएसएमई की संख्या बढ़कर 6 करोड़ से ज्यादा हो गई है। इससे करोड़ों लोगों को रोजगार के अवसर मिले हैं। इस बजट में एमएसएमई की परिभाषा को फिर विस्तार किया है, ताकि हमारे एमएसएमई को निरंतर आगे बढ़ते रहने का विश्वास मिले। इससे युवाओं के लिए और ज्यादा रोजगार के अवसर तैयार होंगे।

## भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हराया, अब फाइनल का कटाया टिकट



एजेंसी

**नई दिल्ली** : दुबई 04 मार्च (वार्ता) मोहम्मद शमी (तीन विकेट) वरुण चक्रवर्ती और रवींद्र जडेजा (दो-दो) विकेट की शानदार गेंदबाजी के बाद विराट कोहली (84), केएल राहुल (नाबाद 42) और श्रेयस अय्यर (45) रनों की बेहतरीन पारियों की बदौलत भारत ने मंगलवार को चैंपियंस ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में 11 गेंदें शेष रहते ऑस्ट्रेलिया को चार विकेट हराकर टूनामेंट के फाइनल में प्रवेश किया। 265 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी भारत की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने 43 के स्कोर पर अपने दोनों सलामी बल्लेबाजों के विकेट गवां दिये। शुभमन गिल (आठ) और कप्तान रोहित शर्मा (28) रन बनाकर आउट हुये। इसके बाद विराट कोहली और श्रेयस अय्यर की जोड़ी ने पारी को संभाला। दोनों बल्लेबाजों के बीच तीसरे विकेट के लिए 91 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी हुई। 27वें ओवर में एडम जम्पा ने श्रेयस अय्यर को बोल्ड कर इस साझेदारी को तोड़ा। श्रेयस अय्यर ने 62 गेंदों में (45) रनों की पारी खेली। अक्षर पटेल (27) को नेथन एलिस ने बोल्ड किया। हार्दिक ने 24 गेंदों में एक चौका और तीन छक्के लगाते हुए (28) रनों की पारी खेली। के एल राहुल ने 34 गेंदों में दो चौके और दो छक्के लगाते हुए (नाबाद 42) रन बनाये। रवींद्र जडेजा (दो) रन बनाकर नाबाद रहे। भारत ने 48.1 ओवर में छह विकेट पर 267 रन बनाकर मुकाबला चार विकेट से जीत लिया। इसी के साथ भारत टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंच गया है जहां उसका मुकाबला दूसरे सेमीफाइनल की विजेता टीम से होगा।

# राजनीतिक दलों के साथ नियमित बैठक कर मुद्दों का हल करें निर्वाचन अधिकारी : ज्ञानेश कुमार

एजेंसी

**नई दिल्ली** : मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने आयोग के अधिकारियों को राजनीतिक दलों के लिए सुलभ और उत्तरदायी होने का निर्देश देते हुए सभी वैधानिक स्तरों पर सभी दलों की बैठकें नियमित रूप से आयोजित करने तथा 18 वर्ष से अधिक आयु के सभी नागरिकों का संविधान के अनुसार मतदाता सूची में पंजीकरण सुनिश्चित करने को कहा है। इस तरह के निर्देश का उद्येश्य जानी चाहिए ताकि निर्वाचक पंजीकरण अधिकारी ( ईआरओ ) या जिला चुनाव अधिकारी ( डीईओ ) या मुख्य चुनाव अधिकारी ( सीईओ )जैसे सभी सक्षम प्राधिकारियों द्वारा मौजूदा वैधानिक ढांचे में किसी भी मुद्दे को हल तत्परता से किया जा सके।



आयोग की मंगलवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार प्रत्येक सीईओ द्वारा विषय संबंधित की गई कार्रवाई की रिपोर्ट 31 मार्च, 2025 तक उनके संबंधित डीईसी को प्रस्तुत की जानी है।

निर्वाचन आयोग ने आज राजधानी में सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य चुनाव अधिकारियों का दो दिवसीय सम्मेलन शुरू किया। श्री ज्ञानेश कुमार के मुख्य निर्वाचन आयुक्त (सीईसी) के रूप में कार्यभार संभालने के बाद से यह पहला ऐसा सम्मेलन है। श्री कुमार और निर्वाचन आयुक्त (ईसी) डॉ. सुखबीर सिंह संधू और डॉ. विवेक जोशी ने सीईओ के साथ चुनाव प्रबंधन संबंधी कई विषयों पर बातचीत की ।

विज्ञप्ति के मुताबिक मुख्य चुनाव आयुक्त कुमार ने अपने संबोधन में देश भर के सभी सीईओ, डीईओ, ईआरओ, बीएलओ सहित सभी अधिकारियों से पारदर्शी तरीके से काम करने और सभी वैधानिक दायित्वों को पूरी लगन से पूरा करने और समय-समय पर ईसीआई द्वारा जारी निदेर्शों के अनुसार काम करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि अधिकारियों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भारत के सभी नागरिक जो 18 वर्ष से अधिक आयु के हैं, संविधान के अनुच्छेद 325 और अनुच्छेद 326 के अनुसार मतदाता के रूप में पंजीकृत हो। उन्होंने निर्देश दिया कि सभी बीएलओ को मतदाताओं के साथ विनम्र व्यवहार करने के लिए प्रशिक्षित किया जाए और यह भी सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी व्यक्ति झूठे दावों का उपयोग करकें चुनावी कर्मचारी या अधिकारी को भयभीत न करें।

इस सम्मेलन में अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि वे प्रत्येक मतदान केंद्र में 800-1200 मतदाताओं की उपस्थिति सुनिश्चित करने का प्रयास करें तथा यह सुनिश्चित करें कि मतदान केंद्र प्रत्येक मतदाता के निवास से 2 किलोमीटर की दूरी पर हो तथा ग्रामीण क्षेत्रों में समुचित न्यूनतम सुविधाओं वाले मतदान केंद्र स्थापित किए जाने चाहिए। इसी तरह शहरी क्षेत्रों में मतदान बढ़ाने के लिए बड़ी इमारतों के साथ-साथ झुग्गी बस्तियों में भी मतदान केंद्र स्थापित करने के निर्देश दिए गए हैं।

## आईआईएमसी के दीक्षांत समारोह में बोले अश्विनी वैष्णव- यह असीमित अवसरों का युग है

बिभा संवाददाता

**रांची** : केंद्रीय सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को भारतीय जनसंचार संस्थान (आईआईएमसी) के दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित करते हुए युवाओं को राष्ट्र प्रथम की भावना से ओतप्रोत होकर जीवन में आगे बढ़ने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि यह असीमित अवसरों का युग है। ऐसे में यह हम पर निर्भर करता है कि हम इस बदलते समय का किस तरह से लाभ उठाते हैं।




आईआईएससी के कुलाधिपति, केंद्रीय मंत्री वैष्णव ने संस्थान के महात्मा गांधी सभागार में 56वें दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक सत्र 2023-24 के बैच के 9 पाठ्यक्रमों के 478 विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रदान किए गए। इसके अलावा 36 विद्यार्थियों को उनकी शैक्षणिक उत्कृष्टता के सम्मान में पदक और नकद पुरस्कार प्रदान किए गए।

वैष्णव ने दीक्षांत समारोह में डिप्लोमा प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों के लिए आज के दिन को उनके जीवन का प्रमुख मील का पत्थर करार दिया। उन्होंने कहा कि अब आप जीवन के अगले चरण में प्रवेश करेंगे। उन्होंने इसे रोमांचक समय बताया और कहा कि बड़े पैमाने पर परिवर्तन आ रहा है। पहले काम करने के लिए सीमित दायरा होता था लेकिन अब नए अवसर आ रहे हैं। आज आपमें से प्रत्येक एक नया उद्यम बना सकता है। मीडिया की पूरी दुनिया बदलने के कारण यह संभव हुआ है।

वैष्णव ने विद्यार्थियों को जीवन में आने वाले बदलावों को स्वीकार करने की सलाह देते हुए कहा कि जो लोग बदलाव को आत्मसात करते हैं वह जीवन में आगे बढ़ जाते हैं। कुछ लोग स्वयं को बदलाव से अलग कर लेते हैं वह पीछे रह जाते हैं। जो लोग स्वयं में बदलाव करके आगे जाते हैं वही भविष्य में सफल होते हैं। उन्होंने कहा कि कॉलेज से बाहर की दुनिया में आपके सामने अनेक चुनौतियां आएंगी। उन्होंने ऐसे कठिन समय में विद्यार्थियों को केवल अपने काम पर फोकस करने की सलाह दी।

# संक्षिप्त खबरें

## रामगढ़ प्रेस क्लब की बैठक संपन्न, 18 अप्रैल को होगा एजीएम



**रामगढ़(बिभा):** रामगढ़ प्रेस क्लब की एक्जीक्यूटिव कमेटी की बैठक स्थानीय सभागार में रामगढ़ प्रेस क्लब के अध्यक्ष महेश मरवाह की अध्यक्षता में संपन्न हुई। इस बैठक में आने वाले 18 अप्रैल को होने वाले एजीएम को किस तरह से बेहतर बनाना है साथ ही रामगढ़ प्रेस क्लब की लिस्ट धार्मिक सामाजिक कॉरपोरेट जगत को उपलब्ध कराने हेतु तमाम चीजों पर बैठक में चर्चा की गई। नई सदस्यों को वार्षिक शु की जानकारी दी गई तथा नियम व प्रेस क्लब से संबंधित तमाम चीजों की जानकारी दी गई। इस बैठक में मुख्य रूप से उपाध्यक्ष नंदकिशोर अग्रवाल, सहसचिव अनुज कुमार, संरक्षक राजेश राय, संरक्षक राजेश वर्मा, राहुल सिंह, आशीष मुखर्जी, अमितेश प्रकाश, प्रकाश पटवारी, संगठन सचिव करमजीत सिंह जग्गी मुख्य रूप से उपस्थित हुए।

## मायुमं के मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर में 150 से अधिक लोगों ने कराई जांच



**रामगढ़(बिभा):** मारवाड़ी युवा मंच रामगढ़ कैंट शाखा द्वारा 4 मार्च को मारवाड़ी धर्मशाला चट्टी बाजार में एक दिवसीय मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें रांची के ऑर्किड मेडिकल सेंटर के जाने माने कार्डियोलॉजिस्ट एवं मधुमहरोग विशेषज्ञ डॉ विनय कुमार, किडनी रोग विशेषज्ञ डॉ शालिनी प्रिया, जनरल फिजिशियन डॉ एस कुमार, एवं आइरिस हॉस्पिटल की नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ अंशुकिता, यूरोलॉजिस्ट डॉ अभिषेक अग्रवाल, हड्डी एवं नस रोग विशेषज्ञ डॉ राहुल बरेलिया, एवं दंत चिकित्सक डॉ पूजा शर्मा बंसल ने अपना योगदान दिया। जिसमें 150 से अधिक लोगों ने अपनी स्वास्थ जांच कराई। इस स्वास्थ जांच शिविर में मरीजों की शुगर जांच, ब्लड प्रेशर जांच, दांत , आंखों एवं ईसीजी आदि जांच की गई । शिविर में और भी कई बिमारियों कि जांच कर प्रामर्श के साथ दवाईयां निशुल्क दि गई। इस स्वास्थ जांच शिविर को सफल बनाने में युवा मंच के कार्यक्रम संयोजक राहुल अग्रवाल, आशुतोष बरेलिया, नीतेश बरेलिया एवं सदस्य श्रिंजय मेवाड़, आशीष अग्रवाल, धीरज बंसल, निलिंद अग्रवाल, अमित अग्रवाल, लोकेश बगड़िया, पंकज अग्रवाल, संतोष गोकुलका, सुमित अग्रवाल, पुरन अग्रवाल, राकेश अग्रवाल, ऋषभ अग्रवाल, हिमांशु बजाज, ऋतिक परसरामपुरिया आदि ने अपना योगदान दिया।

## अर्पिता महिला मंडल ने शांति सदन में कंबल, टॉयलेट्री आइटम्स और भोजन का किया वितरण



**ओरमांझी(बिभा):** अर्पिता महिला मंडल ने समाज सेवा की अपनी प्रतिबद्धता को निभाते हुए शांति सदन में एक विशेष सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया। इस पहल के तहत, संगठन की अध्यक्षा प्रीति सिंह और रीता मिश्रा के मार्गदर्शन में मानसिक रूप से अस्वस्थ मरीजों के बीच 50 कंबल, टॉयलेट्री आइटम्स और भोजन के पैकेट वितरित किए। इस सहायता से शांति सदन के निवासियों को ठंड से राहत, व्यक्तिगत स्वच्छता और पोषण प्राप्त हुआ। इस अवसर पर, सीसीएल के विभिन्न क्षेत्रों के जीएम और मुख्यालय की कमेटी मेंबर्स भी उपस्थित रहे और इस मानवीय कार्य की सराहना की। शांति सदन के निवासियों और कर्मचारियों ने इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया। अर्पिता महिला मंडल ने इस पहल को अपने सामाजिक सेवा कार्यों की कड़ी में एक और महत्वपूर्ण कदम बताया। संगठन आगे भी समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है और जरूरतमंदों की सहायता के लिए निरंतर प्रयास करता रहेगा।

## विमेंस कॉलेज में नुक्कड़ नाटक, भाषण, निबंध, पेंटिंग, स्लोगन तथा क्विज प्रतियोगिता आयोजित



**रांची(बिभा) :** प्राचार्य डॉ सुप्रिया के निर्देशन में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर रांची विमेंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई 4 और 5 मार्च 2025 को नुक्कड़ नाटक, भाषण, निबंध, पेंटिंग, स्लोगन तथा क्विज प्रतियोगिता आयोजित कर रही है। 6 मार्च 2025 को महाविद्यालय के विजेताओं की प्रतियोगिता रांची विश्वविद्यालय में होगी और प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 8 मार्च को पुरस्कृत किया जाएगा । आज रांची विमेंस कॉलेज में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं को डॉ कुमारी उर्वशी, डॉ कुमारी भारती सिंह, श्रीमती हर्षिता सिंहा ने संचालित किया। भाषण प्रतियोगिता के लिए :महिलाओं के अधिकार और उनकी चुनौतियाँ विषय निर्धारित किया गया जिसमें विनीता दास, साक्षी टोप्पो ,प्रिया कुमारी, श्रेया,श्रीजा प्रसाद, श्रेया राय, शालिनी गुप्ता, हर्षिता रानी, सोनाली कुमारी ,कृति साहू, सविता वर्मा ने हिस्सा लिया। निबंध प्रतियोगिता के लिए : समाज में महिलाओं की स्थिति: प्रगति और चुनौतियाँ विषय निर्धारित किया गया जिसमें सुमन कुमारी, सुप्रिया जयसवाल, निकिता रौंदा, प्रिया कुमारी, सपना भोक्ता, शिवानी कुमारी, दिया चंद्र देव, सोनाली कुमारी, ओमी प्रिया सहदेव, ज्योति तिर्की, अलीशा कुमारी ,विनीता दास, आकांक्षा, रीता कुमारी, शालिनी गुप्ता, प्राची कुमारी, पायल रानी, अंजना कुमारी ,श्रीजा प्रसाद ,श्रेया राय, सविता वर्मा ,सुहानी कुमारी, प्रभा तेलरा ने हिस्सा लिया। पेंटिंग प्रतियोगिता के लिए : सशक्त नारी, समृद्ध समाज विषय निर्धारित किया गया जिसमें सोनी प्रकाश यादवेंद्र, रिया जायसवाल, ज्योति कुमारी,मधु प्रिया, दीक्षा कुमारी ,सुनिधि एक्का ,सदफ खातून, नेहा तिर्की, तमन्ना कुमारी, मोनू सिंह ,अर्चिता कुमारी, अनीता उरांव ,शीतल मुंडा, पूनम कुमारी, रागिनी ने हिस्सा लिया। स्लोगन प्रतियोगिता के लिए :₹महिला सशक्तीकरण, देश की तरक्की का आधार !₹ विषय रहा जिसमें निधि कुमारी, अलीशा कुमारी, प्राची कुमारी, सविता वर्मा, मधुबाला कुमारी ,अंजना कुमारी ,श्रीजा प्रसाद, दीपिका रश्मि ,मधु प्रिया ने हिस्सा लिया।

# कोतरे बसंतपुर पंचमों प्लॉट संख्या 31 से भूमि पूजन कर उत्खनन का कार्य प्रारम्भ करें : उपायुक्त

बिभा संवाददाता



**रामगढ़:** मंगलवार को उपायुक्त, रामगढ़ चंदन कुमार की अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक अजय कुमार की उपस्थिति में रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू प्रखंड में कोतरे बसंतपुर पंचमों कोल परियोजना से संबंधित बैठक का आयोजन किया गया।

सर्वप्रथम कोतरे बसंतपुर पंचमो कोल परियोजना पदाधिकारी के द्वारा पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम परियोजना की विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई गई। जिसमें इनके द्वारा प्लॉट संख्या 31 से भूमि पूजन कर उत्खनन का कार्य प्रारम्भ करने की बात कही गई। अभी तक कुल 84.92 एकड़ भूमि का स्टेटमेंट VI निर्गत कर दिया गया है। जिस पर उपायुक्त के द्वारा वर्षवार गैरमजरूआ खास जंगल झाड़ी एवं अन्य पर स्टेटमेंट VI निर्गत किये जाने की संख्या एवं रकवा पृच्छा की गई। उक्त के आलोक में के०बी०पी के द्वारा कोतरे बसंतपुर पंचमो कोल परियोजना हेतु पाँच वर्षों का माइन ऑपरेशन तालिका पर वर्षवार समीक्षा किया गया।

पूर्व में ही 33.00 एकड़ भूमि का स्टेटमेंट VI वर्ष 2026-27 से 2029-30 तक उल्लेखित तालिका हेतु निर्गत है। इस पर उपायुक्त के द्वारा निर्देश दिया गया कि अगले एक माह के अन्तराल पर सभी चार वर्षों में एक-एक वर्ष कर शतप्रतिशत स्टेटमेंट VI निर्गत करने की कार्रवाई करे। अगले, अन्तिम व छठे वर्ष का प्लान सी०सी०एल० से मंतव्य के अनुसार किया जाना आपेक्षित है। उपस्थित सी०सी०एल० एवं उनके एम०डी०ओ० को निदेश दिया गया कि ग्रामीणों को प्राप्त स्टेटमेंट VI के अनुसार नौकरी एवं मुआवजा के लिए प्रेरित करे एवं विशेष कैम्प लगाकर ग्रामीणों से आवेदन लेते हुए अग्रेत्तर कार्रवाई करे।

साथ ही सी०सी०एल० कोतरे बंसतपुर पचमो परियोजना के अन्तर्गत मौजा कोतरे, बंसतपुर एवं पचंडा के तहत कुल रकवा 59.91 एकड़ रैयती भूमि में 11.105 एकड़ भूमि का स्टेटमेंट VI निर्गत है। शेष बचे 48.805 एकड़ भूमि का स्टेटमेंट VI निर्गत करने हेतु लंबित है। अंचल अधिकारी, माण्डू को निर्देश दिया गया कि शेष 48.805 एकड भूमि का स्टेटमेंट VI हेतु संबंधित रैयतों से आवेदन प्राप्त कर अग्रेत्तर कार्रवाई करना सुनिश्चित करेंगे। इस कार्य हेतु सी०सी०एल० एवं उनके एम०डी०ओ० रैयतों से समन्वय स्थापित करते हुए अंचल कार्यालय को आपेक्षित सहयोग करेंगे।

बैठक के दौरान अपर समाहर्ता, अनुमंडल पदाधिकारी, भूमि सुधार उपसमाहर्ता, प्रभारी पदाधिकारी गोपनीय शाखा, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, जिला खनन पदाधिकारी सहित अन्य उपस्थित थे।

# अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन 12 को

### हास्य कवि सुनील पॉल, ठहाको के सरदार जानी बैरागी, हास्य व्यंग कवि रमेश मुस्कान, इटावा वीर रस के कवि गौरव चौहान, श्रृंगार रस की प्रसिद्ध कवयित्री डॉ. भुवन मोहिनी, एवं हास्य-व्यंग्य के कवि शशिकांत यादव होंगे शामिल

बिभा संवाददाता



**रांची :** कवि सम्मेलन आयोजन समिति रांची के तत्वाधान में 12 मार्च को रात्रि 9 बजे से हरमू रोड स्थित मारवाड़ी भवन मे होली के अवसर पर अखिल भारतीय हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया है। कवि सम्मेलन आयोजन समिति के अध्यक्ष अशोक नारसरिया एवं मुख्य संयोजक सुरेश चंद्र अग्रवाल ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी उत्साह एवं उमंग के पावन पर्व होली के अवसर पर 12 मार्च को आयोजित कवि सम्मेलन में राष्ट्रीय एवं अंतर्राष्ट्रीय स्तर के ख्याति प्राप्त सुप्रसिद्ध हास्य कवि सुनील पॉल (लाफ्टर चैलेंजर), ठहाको के सरदार जानी बैरागी, हास्य व्यंग कवि रमेश मुस्कान, इटावा वीर रस के कवि गौरव चौहान, श्रृंगार रस की प्रसिद्ध कवयित्री श्रीमती डॉ. भुवन मोहिनी, एवं हास्य-व्यंग्य के कवि शशिकांत यादव पधार रहे हैं जो की अपने हास्य रस, वीर रस, श्रृंगार रस, व्यंग कविता प्रस्तुत कर दर्शकों को हंसी के ठहाके की बौछार के साथ-साथ तीखे बाण व्यंग्य का मधुर संगम पेश करेंगे। उन्होंने बताया कि इस बार आयोजन में समिति द्वारा चार नए सदस्यों अंजय सरावगी, हरिशंकर कनोडिया, निर्भय शंकर हरित एवं चंद्र प्रकाश धेलिया को जोड़ा गया है।निर्वतमान अध्यक्ष विनोद कुमार जैन एवं पूर्व अध्यक्ष ललित कुमार पोद्दार ने बताया कि कवि सम्मेलन को सफल व्यवस्था हेतु निम्न कमेटी बनाई गई है। तथा सदस्यों को विभिन्न जिम्मेवारियां जिसमें- स्वागत सत्कार-पवन शर्मा एवं विनोद जैन, अर्थ-व्यवस्था- ललित कुमार पोद्दार, सभागार व्यवस्था- अनिल कुमार अग्रवाल, सुरक्षा व्यवस्था- पवन पोद्दार एवं कमल जैन, मंच सज्जा रतन मोर एवं मनोज बजाज, प्रशासनिक कार्य किशोर मंत्री एवं कमल जैन, अल्पाहार व्यवस्था- पवन पोद्दार, तथा कार्यक्रम मीडिया प्रभारी - संजय सर्राफ को दी गई है।

समिति के सचिव अनिल कुमार अग्रवाल ने कहा कि कवि सम्मेलन मे पूर्णतया प्रवेश निःशुल्क है। तथा महिलाओं को बैठने की विशेष व्यवस्था की गई है दर्शकों के लिए एलईडी भी मैदान में लगाए जाएंगे। हल्के जलपान की व्यवस्था की गई है। आयोजन स्थल पर सुरक्षा के मद्देनजर प्रशासन के द्वारा पूर्ण सहयोग का आश्वासन मिला है।

उक्त जानकारी कार्यक्रम के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने दी है।

## 54 लाख की लागत से बनने वाले 6 योजनाओं का सांसद संजय सेठ ने किया शिलान्यास



बिभा संवाददाता

**रांची :** देश के केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री शाह रांची के सांसद संजय सेठ ने अपने सांसद मत से 54 लाख की लागत से बनने वाली 6 योजनाओं का शिलान्यास किया।

वार्ड नंबर 34 गंगानगर साई सिटी में पीसीसी पथ, वार्ड नंबर 50 हेथु में शमशान सेड का निर्माण ,सरई टोला टाटी सिल्वे सामुदायिक भवन का निर्माण ,वार्ड संख्या 53 ब्रिज फोर्ड स्कूल के पास अटल कॉलोनी में पीसीसी पथ का शिलान्यास ,होटवासी शिवपुरी रोड नंबर 7 में पीसीसी पथका शिलान्यास होंटवासी रोड नंबर 4 में पीसीसी पथ का आज शिलान्यास किया गया इस अवसर पर रांची के लोकप्रिय सांसद संजय सेठ ने कहा प्राथमिकता के आधार पर हर क्षेत्र का विकास किया जाएगा देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रेरणा से हम लोग सभी कार्य करते हैं और आगे भी निरंतर क्षेत्र का विकास किया जाएगा आज के इस अवसर पर आरती कुजूर विनोद सिंह अरुण झा राजू सिंह मनोज झा कमल किशोर झा गुड्डु साहू राजेंद्र महतो प्रमोद सिंह उमेश यादव रामजी प्रसाद अशोक मुंडा संजय सिंह राजू नायक अंकित सिंह विशेष रूप से शामिल रहे।

## सरहुल पूजा को लेकर की गई बैठक, समिति के विस्तार को लेकर 07 मार्च को पुनः बैठक

**खलारी(बिभा)।** सरहुल पूजा मनाने को लेकर महावीर नगर कमाती धौड़ा के तत्वाधान में सरना स्थल मंगलवार को एक बैठक की गई।इस बैठक की अध्यक्षता राजकुमार उरांव ने किया। बैठक में गत वर्ष के आय व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया गया।साथ ही बैठक में उपस्थित समिति के लोगों ने सरहुल पूजा के आयोजन को लेकर अपने अपने विचार रखे।बैठक में सर्वसम्मति से 07 मार्च को पुनः बैठक कर सरहुल पूजा के सफल संचालन के लिए सरहुल समिति का विस्तार करने का निर्णय लिया गया।बैठक में मुख्य रूप से मुखिया तेजी किस्पोट्टा, सुभाष उरांव,देवपाल मुंडा,शशि मुंडा, रंथु उरांव,रंजीत लकड़ा,बिनोद मुंडा, साहिल मुंडा,बजरंग उरांव,विजय पहान,किसुन मुंडा,राजेश कुमार उरांव,राहुल गंझू,विजय मुंडा, सुदामा उरांव,सोनी कुमारी,गौरी उरांव,रतनी उरांव,किरण किस्पोट्टा, रीता देवी,निभा एक्का, सुरजमनी उरांव, रामपतिया देवी सहित अन्य उपस्थित थे।

## राज्यपाल से आदिवासी महासभा का शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट



बिभा संवाददाता

**रांची :** राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को आदिवासी महासभा, रांची के समन्वयक देव कुमार धान के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की तथा जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा संकाय, रांची विश्वविद्यालय, रांची के कुँड़ुख भाषा विभाग में पीएचडी शोध अनियमितता की ओर ध्यान आकृष्ट कराया। शिष्टमंडल ने बताया कि पीएचडी शोध में गड़बड़ी बढ़ती जा रही है, जिससे कुँड़ुख भाषा, साहित्य, संस्कृति एवं इतिहास लेखन में गंभीर त्रुटियाँ उत्पन्न हो रही हैं। ज्ञापन के माध्यम से कहा गया कि कुँड़ुख भाषा में पीएचडी करने वाले छात्रों को गाइड/पर्यवेक्षक के रूप में मुंडारी भाषा के शिक्षकों को नियुक्त किया जा रहा है, जिन्हें कुँड़ुख भाषा की जानकारी नहीं है। राज्यपाल से इस स्थिति को सुधारने और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए शिष्टमंडल ने पीएचडी शोध निबंधन रद्द करने और आवश्यक कार्रवाई हेतु पहल करने का आग्रह किया।

## महामंत्री राघवान रघुनंदन का हुआ आगमन



**खलारी(बिभा)।** केंद्रीय संगठन सचिव ध्वजा राम धोबी ने जानकारी देते हुए कहा कि कोल फील्ड मजदूर यूनियन सीसीएल के महामंत्री राघवान रघुनंदन का एनके एरिया में आगमन हुआ।यूनियन महामंत्री के आगमन का उद्देश्य एनके एरिया के सभी परियोजनाओ का निरीक्षण अथवा दो दिवसीय कार्यक्रम में शिरकत करेंगे।

## राज्यपाल से मिला मूलवासी सदान मोर्चा का शिष्टमंडल



**रांची (बिभा):** राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज मूलवासी सदान मोर्चा का एक शिष्टमंडल ने राज भवन में भेंट की तथा पेशा अधिनियम 1996 के तहत मूलवासी सदानों को भी ग्राम प्रधान अध्यक्ष बनाने और ओबीसी के फजीवाड़ा सर्वेक्षण पर रोक के संदर्भ में ज्ञापन समर्पित किया।

# झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अनुशासन समिति की बैठक संपन्न

बिभा संवाददाता



**रांची:** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी अनुशासन समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक कमिटी के अध्यक्ष ब्रजेन्द्र प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में आज प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय, रांची में संपन्न हुई। विगत विधानसभा के चुनावों में पार्टी के कुछ नेताओं के खिलाफ अनुशासनहीनता का मामला जिलाध्यक्ष एवं पार्टी के प्रत्याशी के द्वारा समिति के संज्ञान में लाया गया था, जिसके आलोक में समिति ने इन तमाम नेताओं से अपना-अपना स्पष्टीकरण देने हेतु पत्र लिखा था। समिति के पत्र के बाद लोगों ने अपना स्पष्टीकरण समिति को दिया है।

प्रदेश कांग्रेस मीडिया प्रभारी राकेश सिन्हा बताया कि संपन्न हुई बैठक में समिति ने यह निर्णय लिया कि लातेहार के पप्पू पासवान, सलाम अंसारी, धनबाद के इम्तियाज अली, पलामू के लक्ष्मी नारायण तिवारी के द्वारा दिये गये स्पष्टीकरण को स्वीकार करते हुए यह चेतावनी भी दी गई कि भविष्य में अनुशासनहीनता माफ नहीं की जाएगी।

वहीं लोहरदगा के पार्टी प्रत्याशी और विधायक डॉ रामेश्वर उरांव द्वारा प्रेषित पत्र में वर्णित लोहरदगा जिला के पार्टी पदाधिकारियों पर लगाये गये अनुशासनहीनता के आरोपों के मद्देनजर अनुशासन समिति ने दो सदस्यीय टीम का गठन किया है जिसमें अनादि ब्रह्म, अमुल्य नीरज खलखो शामिल हैं और इन्हें यह कहा गया है कि लोहरदगा जिला के जिला अध्यक्ष, प्रखंड अध्यक्ष, से वन टू वन बात प्रतिवेदन प्रस्तुत करेंगे।

बैठक में समिति के सदस्य अनादि ब्रहम, शमशेर आलम, अमुल्य नीरज खलखो शामिल थे।

# नारी सम्मान के बिना विकसित भारत की कल्पना नहीं की जा सकती है : डॉ. वंदना

### महिलाओं के सम्मान से देश गौरवांवित होता है : डॉ. ब्रजेश

बिभा संवाददाता



**रांची :** राँची विश्वविद्यालय, राँची की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं इंटर्नल कमेटी (महिला कोषांग) के संयुक्त तत्वावधान में अन्तरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर पूर्व घोषित कार्यक्रम 4 एवं 5 मार्च को होने वाले विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन 04 मार्च, 2025 को आर.यू. के 50 से ज्यादा महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय विभागों में प्रतियोगिता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

राँची विश्वविद्यालय के वनस्पतिशास्त्र एवं जंतुविज्ञान विभाग का संयुक्त कार्यक्रम डॉ. वंदना कुमारी, डीन साइंस के अध्यक्षता में आयोजित किया गया।

अपने संबोधन में डॉ. वंदना कुमारी ने कहा कि जब तक महिलाओं का सम्मान प्राप्त नहीं होगा तब तक विकसित भारत की कल्पना नहीं की जा सकती है। उन्होंने कहा कि महिला पुरुष में समानता आज भी पूरी तरह नहीं आई है इसके लिए सभी को सामुहिक प्रयास करना पड़ेगा।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता आर. यू के कार्यक्रम समन्वयक डॉ. ब्रजेश कुमार ने कहा कि किसी भी देश की महिलाओं का सम्मान होता है तो वो देश गौरवान्वित होता है। उन्होंने कहा कि देश के आजादी के 78 वर्ष पूर्ण होने के बावजूद भी आज भी लिंग समानता, महिला दुर्व्यवहार समाज में दिखाई पड़ रहा है जो किसी भी समाज के लिए घातक है।

आज दोनों विभागों में भाषण एवं निबंध प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें दोनों विभागों के 125 छात्र छात्राओं ने भाग लिया एवं अपने प्रतिभाओं का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत वनस्पतिशास्त्र के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. लाडली रानी ने किया तथा धन्यवाद ज्ञापन जंतु विज्ञान विभाग के कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. सीमा केशरी ने किया। कार्यक्रम को भौतिकी विभाग अध्यक्ष डॉ सुनील कुमार सिंह, राधा कृष्ण झा, डॉ. बिनोद कुमार महतो, डॉ. प्रभा, डॉ. श्वेता, डॉ सुनील कुमार झा ने भी संबोधित किया। अंत में महिला सम्मान शपथ करके कार्यक्रम की समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में टीम लीडर क्रमशः अल्बेला, अंकित, प्रीति, प्रिंस आदि का उल्लेखनीय योगदान रहा।

## बच्चों में शेयरिंग और सदका के प्रति जागरूक करने के लिए रमजान किट वितरण किया जा रहा :शबनम आरा

बिभा संवाददाता



**रांची :** रॉयल पाम इंटरनेशनल स्कूल, हाजी चौक, सिमलिया , रांची में चेयरमैन मोहम्मद जमशेद अंसारी ने कहा कि इस्लाम धर्म के फर्ज में सदका ,जकात को प्रैक्टिकल रूप से सीखने के लिए बच्चों के द्वारा ही रमजान की सामानों को एक जगह कर किट बनाकर जरूरतमंदों के बीच वितरण मकसद है कि जिससे कि बच्चे भी सदका और जकात के बारे में जान सके।. रॉयल पाम इंटरनेशनल स्कूल के प्रिंसपल शबनम आरा ने बताया कि रमजान में जरूरतमंदों के बीच किट वितरण कर बच्चों के बीच इस्लाम के प्रति जागरूक करना हमारा मुख्य मकसद है. उन्होंने कहा कि रमजान किट बांटने का सिलसिला शुरू रमजान से लेकर पूरे रमजान तक चलता रहेगा। स्कूल की चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर शबनम आरा ने कहा बच्चों में इस्लाम के पांच पीलर में से एक पीलर को प्रेक्टिकल करके सिखाया जा रहा है। मुफ्ती मोहम्मद हदीसुल कादरी ने कहा कि बच्चों में छोटे से ही तरबियत और देने वाला हो उसे सीखने के मकसद से यह काम किया जा रहा है। मौलाना दानिश अब्दुल्ला ने कहा कि बच्चों के तालीम के साथ-साथ अखलाक रहे इसी के तहत सदका,जकात देकर दिखाया जा रहा है यह कैसे देने वाले बने यही मकसद है। इस मौके पर मुख्य रूप से हाजरा खातून, तहमीना, खदीजा, निखत और जीनत समेत स्कूल के सभी शिक्षक और शिक्षकोत्तर कर्मी मौजूद थे.

## संक्षिप्त खबरें

### पैलाडीह में पांच दिवसीय अखण्ड हरिनाम संकीर्तन के चौथे दिन श्रदालुओं की भीड़ उमड़ी



**बोकारो(बिभा):** चास प्रखण्ड पंचायत बेलुंजा के श्री श्री शिव पार्वती मंदिर व सती माता मंदिर पैलाडीह गाँव में पांच दिवसीय अखण्ड हरिनाम संकीर्तन व जागरण आयोजित के चौथे दिन मंगलवार को श्रदालुओं की भीड उमड़ पड़ी। श्रदालुओं ने पुज अर्चना कर शांति सुख समृद्धि की कामना किया। इस अवसर पर निलांजना सेन गुप्ता रायपुर सिउरी बीरभूम पंशिचम बंगाल के कीर्तन पार्टी द्वारा श्री राधाकृष्ण लीला कीर्तन व रासलीला की प्रस्तुति कर श्रदालुओं कै भावविभोर कर दिया। कमिटी ने श्रदालुओं के बीच राखाल भोग महाप्रसाद का वितरण किया। कमिटी ने बताया कि 5 मार्च को महुदा धनबाद के हेमंत दुबे जागरण दल द्वारा भक्ति जागरण व कथा प्रवचन प्रस्तुत किया जायेगा। आयोजन को लेकर पैलाडीह सोलह आना समिति व ग्रामीण जुटे हुए हैं।

### महिला टोली ने की होली मिलन समारोह का आयोजन



**बोकारो(बिभा)।** नगर के सेक्टर दो बी स्थित एफ रोड़ मुहल्ले में महिला टोली द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें महिलाओं ने एक दुसरे को गुलाल लगा कर होली की बधाईया दी। वहीं गीत संगीत का भी आयोजन हुअ। जिसमें होली के गीतों पर समारोह में शामिल महिलाए जमके झुमे। होली के गीतों पर शेरो शायरी का दौर देर रात तक चलता रहा। महिलाओं ने स्वदीष्ट वैंजन का लुत्प उठाए। समारोह में रेखा, मध्रुवाला, अंजु, सुनीता, रम्भा, पूनम, कंचन, गुड़िया, सुजाता,मोना, पिंकी सहित काफी संख्या में महिलाए शामिल थी।

### मिथिला महिला समिति का होली मिलन समारोह आयोजित




**बोकारो(बिभा) :** प्रतिष्ठित सामाजिक व सांस्कृतिक संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद्, बोकारो की इकाई मिथिला महिला समिति का होली मिलन समारोह सोमवार को सेक्टर 4 स्थित मिलन मंडप में आयोजित हुआ। इस मौके पर समिति की सदस्याओं ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली की अग्रिम बधाई व शुभकामनाएं दीं। होली गीतों का गायन भी हुआ। सभी ने होली गीत पर नृत्य भी प्रस्तुत किए। मिथिला महिला समिति की अध्यक्ष पूनम मिश्रा व सचिव आभा झा ने समिति की निवर्तमान अध्यक्षा सीमा झा को सम्मानित किया। अध्यक्ष पूनम मिश्रा ने कहा कि होली समाज में प्रेम व सदभावना को बढ़ावा देने वाला त्योहार है। सदस्याओं ने भगवती वंदना से कार्यक्रम की शुरूआत की। इसके बाद होली गीतों मिथिला में राम खेलथि होरी मिथिला में.., बिरज में होली खेलत नंदलाल.., गौरी के दुल्हा होली खेलै छै मसाने में.., शिव मठ पर शोभे लाल ध्वजा... आदि की सुंदर प्रस्तुति से सभी को आनंदित किया। कार्यक्रम का संचालन कमला झा ने किया। इस अवसर पर अध्यक्ष पूनम मिश्रा, सचिव आभा झा सहित किरण मिश्रा, शीला मिश्रा, अमिता झा, लीला झा, रुबी ठाकुर, सीमा झा, बीणा झा, मीरा मिश्रा, जयंती पाठक, प्रीति प्रिया, कंचन झा, किरण झा, पूनम झा, आशा पाठक, पद्मा चौधरी, रंजना भगत, प्रेरणा ओझा, बिनीता राय, प्रेरणा अनुपम, मीरा राय, ऋतु मिश्रा, सविता मिश्रा, अलका झा, रीता झा, नंदा झा आदि उपस्थित रहीं।

### गैस यूटिलिटी विभाग में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का आयोजन




**बोकारो(बिभा) :** बोकारो स्टील प्लांट के गैस यूटिलिटी विभाग में राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस 2025 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर कार्यस्थल सुरक्षा और दुर्घटना निवारण पर विशेष जोर देते हुए सुरक्षा मार्च का आयोजन किया गया, जिसका नेतृत्व महाप्रबंधक (गैस यूटिलिटी) श्री विनीत कुमार शर्मा ने किया. इस वर्ष की राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस की थीम झ ₹सुरक्षा और कल्याणः विकसित भारत के लिए अनिवार्य₹ के अनुरूप, इस आयोजन का उद्देश्य सुरक्षा जागरूकता को बढ़ावा देना, दुर्घटनाओं की रोकथाम को प्रोत्साहित करना और उच्च जोखिम वाले परिचालन क्षेत्रों में समग्र कल्याण को सुदृढ़ करना था. सुरक्षा मार्च के दौरान कर्मियों ने हाथों में बैनर और तख्तियां लेकर सुरक्षा जागरूकता संबंधी संदेश प्रसारित किए। कर्मचारियों ने सुरक्षा नारों के माध्यम से कार्यस्थल पर संभावित खतरों, आपातकालीन प्रतिक्रिया उपायों और व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरणों के उचित उपयोग के प्रति जागरूकता बढ़ाई. कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाप्रबंधक (गैस यूटिलिटी) श्री विनीत कुमार शर्मा ने औद्योगिक संचालन में सक्रिय सुरक्षा उपायों की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला और कर्मचारियों को सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करने के लिए प्रेरित किया। सहायक महाप्रबंधक (ऑपरेशन्स, जीयू) कृष्ण चंद्र पात्र ने विभाग में सुरक्षा प्रोटोकॉल के निरंतर उन्नयन और सर्वोत्तम प्रक्रियाओं को अपनाने पर बल दिया। सहायक प्रबंधक (सुरक्षा इंजीनियरिंग विभाग) श्री विराट चौधरी ने कार्यस्थल पर जोखिम की पहचान और न्यूनीकरण के महत्व को रेखांकित किया. इस अवसर पर सहायक महाप्रबंधक (जीयू) श्री एस. डब्ल्यू. किस्पोट्टा, प्रबंधक (जीयू) श्री अमन कुमार मिश्रा, सहायक प्रबंधक (जीयू) श्री मनीष स्नेही सहित बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी एवं ठेका श्रमिक उपस्थित रहे। कार्यक्रम का समापन सुरक्षा प्रतिज्ञा के साथ किया गया।

# झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू का 7 को बोकारो आगमन, जिला कांग्रेस कमेटी ने की भव्य स्वागत की तैयारी

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** बोकारो जिला कांग्रेस कमेटी के द्वारा बोकारो सर्किट हाउस में बैठक आयोजित कि गई, आगामी 7 मार्च 2025 को झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजू के संयुक्त भ्रमण कार्यक्रम के तहत बोकारो आगमन की तैयारी को लेकर एससी विभाग के जिला अध्यक्ष प्रदीप रजक अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई। बैठक का संचालन झारखंड प्रदेश सचिव एससी विभाग बबलाराम के द्वारा किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एससी विभाग के जिला अध्यक्ष प्रदीप रजक ने संबोधित करते हुए कहा कि आज सर्किट हाउस में एक बैठक आयोजित कि गई जिसमें झारखंड प्रदेश में झारखंड कांग्रेस प्रभारी के राजु सहित कई पदाधिकारी लोग बोकारो धनबाद भ्रमण का आगमन होने वाला है जिसकी तैयारी हेतु बैठक किया गया है जो उनके स्वागत में गंजे बाजे और झारखंड संस्कृति का भी दृश्य रहेगा। साथ ही आज के बैठक में एससी मोर्चा में दर्जनों कि संख्या में कार्यकर्ता ने दामन थामा है सभी को माला और प्रशस्ती पत्र सौंपा गया। साथ ही सर्व समिति से यह निर्णय लिया गया कि सेक्टर 4 गांधी चौक बाबा भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा के समझ 7 मार्च को झारखंड भ्रमण पर आ रहे झारखंड प्रदेश प्रभारी के द्वारा भीमराव अम्बेडकर जी कि प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। ज्यादा से ज्यादा संख्या में उपस्थित होकरा चट्टानी मजबूती एकता एवं अखंडता उपस्थित होकरा अपना परिचय दें। इस अवसर पर नवनियुक्त पदाधिकारी, बोकारो जिला सचिव सुनील कुमार बोकारो महानगर अध्यक्ष रवि कुमार राम बोकारो जिला वरिष्ठ सलाहकार ललन आनंदकर, नंदेश्वर बौद्ध ,सदस्य संतोष राम, अफजल जी, जितेंद्र कुमार, प्रदीप कालिंदी, संतोष कुमार, अमर राम, विपुल कुमार, दीपक कुमार, संदीप राम सहित कई लोग उपस्थित रहे।

### अबुआ सरकार का बजट झारखंड के आम लोगों के लिए फायदेमंद और ऐतिहासिकः उमेश प्रसाद



बोकारो : वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने झारखण्ड के उज्जवल भविष्य के लिए पहला वित्तीय बजट 2025-26 पेश किया हैं जिसमे सामाजिक सेक्टर सहित, शिक्षा मेडिकल पर विशेष ध्यान दिया हैं। कांग्रेस जिलाध्यक्ष श्री उमेश प्रसाद गुप्ता जी ने कहा कि राज्य के आम लोगों के लिए अबुआ सरकार का बजट फायदेमंद और ऐतिहासिक है यह बजट झारखण्ड को आत्मनिर्भर और समृद्ध बनाने का ठोस आधार तैयार करेगा। यह बजट सामाजिक सेक्टर पर विशेष ध्यान दिया गया हैं साथ ही साथ उच्च एवं तकनिकी शिक्षा विभाग, किसानो के ऋण माफी जिसका लाभ इस बार 4 लाख किसानो को होगा तथा सभी विभागों का सरकार ने ध्यान रखा हैं ।जहाँ शिक्षा के क्षेत्र को नई उड़ान दी गईं हैं, मेडिकल के साथ साथ मास कम्युनिकेशन, बिजनेस के कॉलेज खुलेंगे जिससे कि झारखण्ड के छात्र -छात्राओं को दुशरे प्रदेशो में उच्च शिक्षा के लिए नही जाना पड़ेगा।

### मोबाइल दुकान में भीषण आग, लाखों का नुकसान

**बोकारो (बिभा):** बोकारो के सेक्टर 1 राम मंदिर मार्केट स्थित एक मोबाइल दुकान में देर रात भीषण आग लग गई। देखते ही देखते आग ने पूरी दुकान को अपनी चपेट में ले लिया। स्थानीय लोगों ने अपने स्तर पर आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। इसके बाद दमकल विभाग को सूचना दी गई। मौके पर पहुंची दमकल की एक गाड़ी ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। यह घटना सिटी थाना क्षेत्र के राम मंदिर इलाके में हुई। आग लगने से पूरी दुकान जलकर खाक हो गई, जिससे लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है। दुकान में रखे मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान पूरी तरह नष्ट हो गए। आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है, लेकिन शॉर्ट सर्किट की संभावना जताई जा रही है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# महारत्ना और ग्रेट प्लेस टू वर्क वाली कंपनी प्रबंधन, मोबाईल तथा इंटरनेट सुविधा उपलब्ध कराए : बीएकेएस

बिभा संवाददाता

**बोकारो :** बीएसएल अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने अधिशासी निदेशक एचआर को पत्र लिखकर बोकारो इस्पात के गैर कार्यपालक कर्मियों को मोबाईल, सीम, वाई फाई सुविधा तथा इंटरनेट पैक उपलब्ध कराने माँग किया है । एक तरफ भारत सरकार सेल /बीएसएल को महारत्ना कंपनी की उपाधी से विभुषित करती है तो दूसरी तरफ पिछले कुछ वर्षो से एक निजी संस्था द्वारा ग्रेट प्लेस टू वर्क की उपाधी से भी विभुषित किया जा रहा है । फिर भी संयंत्र प्रबंधन द्वारा, बोकारो इस्पात संयंत्र में कार्यरत गैर कार्यपालक कर्मचारियों के प्रति भेदभाव भरे रवैये के कारण , बोकारो इस्पात संयंत्र में कार्यरत गैर कार्यपालक कर्मचारियों के दिल में न तो महारत्ना कंपनी तथा न ही ग्रेट प्लेस टू वर्क कंपनी में कार्य करने का गर्व महसुस हो रहा है । जिसको मोबाईल सेट, मोबाईल सीम तथा मोबाइल कॉलिंग ,इंटरनेट पैक के सुविधा से जाना जा सकता है ।

एक तरफ बोकारो इस्पात संयंत्र में कार्यरत अधिकारी वर्गो को (कनीय प्रबंधक से अधिशासी निदेशक स्तर के पदाधिकारीगण) बगैर जरुरत जाने ही , सभी को उनके ग्रेड तथा पदानुसार मोबाईल सेट, मोबाईल सीम तथा कॉलिंग पैक/इंटरनेट पैक, घर में फ्री वाई फाई आदि की सुविधा दी जा रही है तो दूसरी तरफ संयंत्र के रिकॉर्ड उत्पादन तथा मुनाफे में लगे सभी अनधिशासी कर्मचारियों (एस 1 से एस 11 ग्रेड ) से उनके निजी मोबाईल का उपयोग कंपनी के उत्पादन, सर्विस सुविधा देने तथा लेने में किया जा रहा है ।

वही दूसरी तरफ बोकारो इस्पात संयंत्र प्रबंधन द्वारा दैनिक उपस्थिति, छुट्टी नकदीकरण, छुट्टी अप्लाई, चिकित्सिय परामर्श, नगर सेवा से जुड़े शिकायत, सुझाव आदि सुविधाओं को भी डिजिटलाईज्ड /ऑनलाइन किया जाना स्वागत योग्य प्रयास है,इसलिए सभी कर्मियों यह सुविधा दी जाए ताकि ऑनलाइन सेवाओं का लाभ कर्मचारी उठा सके। उपरोक्त सभी सुविधाओं के लिए स्मार्ट मोबाईल , 4ऋ/5ऋ मोबाईल सीम तथा कॉलिंग/इंटरनेट पैक की जरुरत सभी कार्मिकों के लिए जरुरी है। उपरोक्त सभी सुविधाओं को लागु करने में बोकारो इस्पात प्रबंधन द्वारा अधिकारी तथा अनधिशासी कर्मचारी वर्ग में भारी भेदभाव किया जा रहा है । जहाँ एक तरफ अधिकारी वर्ग की लाखो रुपया वेतन के तौर पर प्रतिमाह दिया जा रहा है तो अधिकांश कर्मचारी वर्ग का वेतन हजार के आँकड़े में ही सीमित है। जबकि संयंत्र के जमीनी उत्पादन में कर्मचारी वर्ग का शत प्रतिशत अंशदान है ।बीएकेएस अध्यक्ष हरिओम ने अपने बयान में कहा कि सेल एक ऐसी कंपनी है जहाँ अधिकारी और कर्मचारी वर्ग के बीच भारी भेदभाव किया जाता है । एक तरफ लाखो वेतन वाले वर्ग को साईड से कई सुविधा निःशुल्क दी जा रही है तो हजार के दायरे मे वेतन वाले वर्ग को सिर्फ डीए , बेसिक तथा भेदभाव भरा पर्क्स तक ही सीमित कर दिया गया है ।

### अबुआ बजट घोषणाएं स्वागत योग्य लेकिन कार्यान्वयन का तरीका स्पष्ट नहीं - सीपीएम

बिभा संवाददाता

**बोकारो :** झारखंड की बजट पर अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सीपीएम के राज्य कमेटी सदस्य राज कुमार गोराई ने कहा कि झारखंड के वित्तमंत्री द्वारा पेश बजट का आकार तो बड़ा है और कई उम्मीदों को भी जगाता है. लेकिन शिक्षा और स्वास्थ्य के मद में आवंटित राशि का उपयोग केवल आधारभूत ढांचे को बढाने की ओर है जिसके अंतर्गत नए मेडिकल और ला कालेज के निमार्ण की घोषणा भी शामिल है. पिछले दिनों राज्य में जितने भी मेडिकल कालेज खोले गए वहां विभिन्न विभागों की स्थापना नहीं हुई है और जो विभाग खोले गए हैं वहां डाक्टरों और चिकित्सा कर्मियों की भारी कमी है. जिले में भी डिग्री कालेज खुल गए हैं लेकिन शिक्षकों की भारी कमी के चलते पठन - पाठन नहीं हो रहा है.

राज्य में अनुसूचित जाति के लिए परामर्शदातृ समिति का गठन किए जाने की घोषणा स्वागत योग्य है लेकिन अनुसूचित जाति के कल्याण के लिए उनके उप योजना मद में राशि का आवंटन नहीं किया गया है. इसके अलावा उन्हें जाति प्रमाण पत्र मिलने में हो रही कठिनाई का सामना भी करना पड़ रहा है. बजट में रोजगार सृजन के लिए और फोकस किए जाने की जरूरत थी.

हालंकि केंद्र सरकार गैर भाजपा शासित राज्यों के साथ पूरी तरह असमानता का रुख अपनाता है. केंद्र द्वारा झारखंड को उसके आर्थिक हिस्से से लगातार वंचित रखने की पृष्ठभूमि में राज्य सरकार द्वारा अपने संसाधनों से बजट का आकार बढाए जाने का प्रस्ताव स्वागत योग्य है.

### सीबीएसई रीडिंग चैलेंज में अव्वल रहे एमजीएम स्कूल के अर्णव

बिभा संवाददाता



**बोकारो :** एमजीएम हायर सेकेंड्री स्कूल सेक्टर चार एफ के दसवीं कक्षा के छात्र अर्णव पराशर ने सीबीएसई की ओर से आयोजित हिंदी रीडिंग चैलेंज में बेहतर प्रदर्शन के आधार पर पहला स्थान हासिल किया। वह सीबीएसई पटना क्षेत्र मे अव्वल रहे। यह जानकारी स्कूल के प्रधानाध्यापक फादर डा.जोशी वर्गीस ने दी। उन्होंने कहा कि अगस्त-सितंबर 2024 में सीबीएसई की ओर से देश भर के विद्यालयों में रीडिंग चैलेंज, हिंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें अर्णव पराशर ने बेहतरीन प्रदर्शन कर पटना रीजन में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। कहा कि आज के डिजिटल युग में बच्चे किताब से दूरी बनाते जा रहे हैं। पुस्तकें ज्ञान का सागर हैं। पुस्तकों का अध्ययन करने से विद्यार्थियों को कई विषयों का ज्ञान मिलता है। किताब पढ़ने से एकाग्रता बढ़ती है। पुस्तक पढ़ने से याददाश्त तेज होती है। साथ ही बोलने की कला व कम्युनिकेशन स्किल बेहतर होती है। इसलिए विद्यार्थियों को पुस्तकों का नियमित रुप से अध्ययन करना चाहिए। अर्णव पराशर ने कहा कि पुस्तकें पढ़ना अच्छा लगता है। इसलिए नियमित रुप से पुस्तकों का अध्ययन करता हूं। पुस्तकों के अध्ययन से न केवल विषय का ज्ञान होता है, अपितु महापुरुषों, विज्ञान के अलावा विविध क्षेत्र से संबंधित जानकारी भी मिलती है।

प्रधानाध्यापक फादर डा.जोशी वर्गीस, उप प्रधानाध्यापक राखी बनर्जी, शैक्षणिक निदेशक जार्ज जोसफ, हेडमिस्ट्रेस सपना जोशी ने अर्णव के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### हरला थाना क्षेत्र में पान मसाला भण्डारण, विक्री एवं वितरण की जांच की गई

बिभास ंवाददाता



**बोकारो :** डा0 अभय भूषण प्रसाद सिविल सर्जन बोकारो के निर्देशन एवं हरला थाना प्रभारी के सहयोग से तम्बाकू उत्पाद अधिनियम-2003 (कोटपा.2003) की धारा 4 व 6ए, 6बी के तहत विशेष जांच अभियान के तहत जिला छापामारी दल के सदस्य मो0 असलम के द्वारा हरला थाना क्षेत्र के बसन्ती मोड, कूलिंग पाउण्ड 2, ए रोड, सेक्टर 8 कुल 63 दुकानों की जांच की गई जिसमें 7 दुकानों/ व्यक्तियों द्वारा कोटपा कानून उल्लघंग करते हुये पाया गया जिनसे अर्थदण्ड के रूप में कुल 1200 रुपए की वसूली की गई।

जिला परामर्शी मो0 असलम द्वारा बताया गया कि अपर मुख्य सचिव सह राज्य खाद्यय सुरक्षा आयुक्त स्वास्थ्य शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग झारखण्ड रांची के आदेशानुसार तम्बाकू तथा निकोटीन युक्त गुटखा तथा पान मसाला के भंडारण, वितरण एवं बिक्री को अगले एक वर्ष तक के लिये प्रतिबन्धित किया गया है। सभी दुकानदार को सुझाव दिया जाता है कि तम्बाकू / पान मसाला/ निकोटीन युक्त गुटखा का विक्री न करें।

छापामारी के दौरान विभिन्न दुकानदारो को जिला परामर्शी द्वारा आवश्यक निर्देश दिया गया कि स्कूल के 100 गज के दायरे में किसी भी मादक पदार्थ की बिक्री न करें अन्यथा पकडे जाने पर कोटपा 2003 की धारी 6 बी के तहत कार्रवाई की जायेगी। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के प्रतिनिधि मो0 असलम जिला परामर्शी तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, के साथ हरला थाना का गश्ती दल उपस्थित थी।

# वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी की उभरती प्रतिभा कृतिका कुमारी ने राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में स्थान प्राप्त किया

बिभा संवाददाता



बोकारो : वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी की प्रतिभाशाली युवा तीरंदाज कृतिका कुमारी ने 14वीं एनटीपीसी चेरुकुरी लेनिन वोल्गा मेमोरियल मिनी अंडर-15 राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप के लिए झारखंड टीम में स्थान प्राप्त करके एक बार फिर अपने असाधारण कौशल का प्रदर्शन किया है। यह प्रतिष्ठित टूनार्मेंट 23 से 29 मार्च, 2025 तक आंध्र प्रदेश के गुंटूर में आयोजित किया जाएगा।

#### झारखंड का उभरता सितारा

सियालजोरी गांव की 14 वर्षीय कक्षा 9 की छात्रा कृतिका ने 23 फरवरी, 2025 को जमशेदपुर के जेआरडी टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में आयोजित चयन ट्रायल में उत्कृष्ट प्रदर्शन के माध्यम से झारखंड टीम में अपना स्थान प्राप्त किया। ट्रायल के दौरान उनकी सटीकता, निरंतरता और अटूट फोकस ने उन्हें दूसरों से अलग कर दिया, जो उनके उभरते करियर में एक और मील का पत्थर साबित हुआ।

#### कृतिका की राष्ट्रीय स्तर की उपलब्धियाँ

कृतिका ने पहले ही राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय प्रभाव डाला है। नवंबर 2024 में, उन्होंने 68वीं राष्ट्रीय स्कूल गेम्स तीरंदाजी चैंपियनशिप में अपनी उल्लेखनीय प्रतिभा का प्रदर्शन किया, जहाँ उन्होंने रजत पदक जीता। उनकी उपलब्धियों की बढ़ती सूची उनके समर्पण और वेदांत ईएसएल तीरंदाजी अकादमी द्वारा प्रदान की जाने वाली उच्च गुणवत्ता वाली ट्रेनिंग का प्रमाण है। कृतिका मिनी अंडर-15 राष्ट्रीय तीरंदाजी चैंपियनशिप में झारखंड का प्रतिनिधित्व करने के लिए तैयार हैं, वह अपनी अकादमी, अपने गाँव और राज्य की उम्मीदों को लेकर चल रही हैं। उनकी यात्रा महत्वाकांक्षी युवा एथलीटों के लिए प्रेरणा का काम करती है, जो साबित करती है कि सही मार्गदर्शन और समर्पण के साथ सपने हकीकत में बदल सकते हैं।

#### वेदांता ईएसएल की तीरंदाजी अकादमी के प्रति प्रतिबद्धता

इस अवसर पर बोलते हुए वेदांत ईएसएल के सीएसआर प्रमुख श्री कुणाल दरिपा ने कहा, ह्लहमें कृतिका की उपलब्धियों पर अविश्वसनीय रूप से गर्व है, और वह हमारी वेदांत ईएसएल तीरंदाजी अकादमी की एक बेहतरीन तीरंदाज हैं। वेदांता ईएसएल में, हम युवा प्रतिभाओं को पोषित करने और उन्हें राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मंचों पर चमकने के लिए सर्वोत्तम संसाधन प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हम कृतिका को चैंपियनशिप के लिए शुभकामनाएं देते हैं और उनकी निरंतर सफलता की आशा करते हैं।

#### वेदांता ईएसएल तीरंदाजी अकादमी के बारे में

सियालजोरी ईएसएल स्टील लिमिटेड प्लांट परिसर के अंदर स्थित, अकादमी को झारखंड में तीरंदाजी की अंतर्निहित समृद्ध विरासत को बढ़ावा देने के लिए ईएसएल स्टील लिमिटेड की सीएसआर पहल के माध्यम से 2020 में लॉन्च किया गया था। यह परियोजना अब एक प्रमुख संस्थान मानी जाती है और ग्रामीण क्षेत्रों से 21 वर्ष की आयु तक के सभी आयु समूहों के 50 तीरंदाजों को मार्गदर्शन, प्रशिक्षण, पोषण, संसाधन और प्रेरणा प्रदान करती है। अकादमी प्रसिद्ध पेशेवरों द्वारा संचालित की जाती है जो निम्नलिखित श्रेणियों के तहत तीन साल तक प्रशिक्षण प्रदान करते हैं: अंडर 9, अंडर 14, अंडर 17 और अंडर 21

#### वेदांता ईएसएल के बारे में

झारखंड के बोकारो जिले के सियालजोरी गाँव में स्थित, वेदांता ईएसएल स्टील लिमिटेड स्टील उत्पादों का एक प्रमुख निमार्ता है। कंपनी 1.5 मिलियन टन प्रति वर्ष (एमटीपीए) की क्षमता वाला एक ग्रीनफील्ड एकीकृत स्टील प्लांट संचालित करती है, जो पिग आयरन, बिलेट्स, टीएमटी बार, वायर रॉड और डक्टाइल आयरन पाइप सहित कई तरह के उत्पादों का उत्पादन करती है। यह प्लांट कड़े पर्यावरण मानकों का पालन करता है और विश्व स्तरीय उत्पाद और सेवाएँ देने के लिए अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञता और समाधानों का लाभ उठाता है।

### शिक्षा और युवाओं के विकास की दिशा में बजट महत्वपूर्ण : डॉ. गंगवार



**बोकारो(बिभा) :** झारखंड सरकार के वित मंत्री राधाकृष्ण किशोर की ओर से सोमवार को झारखंड विधानसभा में पेश किए गए बजट पर बोकारो के शिक्षाविदों ने संतोष व्यक्त किया है। डीपीएस बोकारो के प्राचार्य एवं डॉ. राधाकृष्णन सहोदया स्कूल कॉम्प्लेक्स, बोकारो के अध्यक्ष डॉ. ए. एस. गंगवार ने राज्य में शिक्षा तथा युवाओं व छात्र-छात्राओं के लिए इस बजट को काफी महत्वपूर्ण बताया है। उन्होंने कहा कि जिस प्रकार से बजट में बालिकाओं की उच्च शिक्षा पर सरकार का जोर है, कक्षा 8 से 12वीं तक की छात्राओं को आर्थिक मदद दी जा रही है और इसके लिए 310 करोड़ रुपये अलग से प्रावधान किया गया है, यह बालिका शिक्षा को बढ़ावा दिए जाने की दिशा में काफी अहम व सराहनीय है। इसके अलावा, प्राथमिक स्कूलों के विकास पर जोर, वर्ष 2025 तक भवनहीन आंगनबाड़ी केंद्रों में से 2500 केंद्र भवन का निर्माण, विद्यार्थियों में विज्ञान विषय को लेकर रुचि बढे, इसके लिए आगामी वर्षों में स्कूलों में 1050 समेकित गणित एवं विज्ञान लैब के अधिष्ठापन की योजना भी प्रदेश के शैक्षणिक विकास की दिशा में काफी लाभप्रद होगी।

# उपायुक्त का लगा जनता दरबार, शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों से पहुंचे फरियादी

### आमजनों की समस्याओं के त्वरित समाधान के दिये गये निर्देश

बिभा संवाददाता

**हजारीबाग:** समाहरणालय सभागार में मंगलवार को साप्ताहिक जनता दरबार का आयोजन किया गया। उपायुक्त नैन्सी सहाय ने आमजनों की समस्याओं को सुना तथा इसके त्वरित समाधान के निदेश संबंधित अधिकारियों को दिया। इस अवसर पर लगभग एक दर्जन फरियादियों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन समर्पित किये। इस अवसर पर शहरी सहित विभिन्न प्रखंड से आये आवेदकों ने एलपीसी निर्गत, भूमि विवाद, पीडीएस दुकान, दाखिल खारिज, अनुकम्पा पर नौकरी, दिव्यांग लाभ, जबरन गुमटी हटाने आदि से संबंधित आवेदन देकर समाधान की मांग की।



### गाली-गलौज एवं धमकी से राहत दिलाने की मांग

बरही धाबी टोला के सिकन्दर साव ने कुछ लोगों के द्वारा जबरन गुमटी हटाने गाली-गलौज एवं धमकी देने के संबंध में आवेदन देकर राहत की मांग की जिसपर उपायुक्त ने तत्काल संबंधित पदाधिकारी को प्रेषित करते हुए जांच एवं कार्रवाई का निर्देश दिया।

वहीं दारू प्रखण्ड की जरीना खातुन ने एलपीसी निर्गत करने, चेतलाल यादव विष्णुगढ़ ने भूमि अतिक्रमण, मार्खम कॉलेज हनुमान नगर के सीता राम गुप्ता ने पीडीएस दुकान पुत्र के नाम करने, नेहा कुमारी ने अनुकम्पा के आधार पर नौकरी, चौपारण के कैलाश प्रसाद दाखिल खारिज, सरैया पदमा की रिंकी देवी ने कस्तुरबा गांधी स्कूल पदमा में रसाईया के पद में योगदान देने, परसी ईचाक के सुनिल बैध ने बंदोबस्त कार्यालय से भूमि संबंधी दस्तावेज दिखाने इत्यादि से संबंधित आवेदन देकर इसके समाधान का अनुरोध किया। मौके पर आये सभी आवेदनों को संबंधित अधिकारियों को भेजते हुए जांचोपरांत त्वरित करने का निर्देश दिया गया।

## संक्षिप्त खबरें

### ब्रह्मर्षि समाज का होली मिलन समारोह 9 को



रंग- भंग संग खूब उड़ेगा गुलाल, गायिका मनिता श्री करेंगी धमाल

**हजारीबाग(बिभा):** ब्रम्हर्षि समाज, हजारीबाग द्वारा रंग व राग का रंग- बिरंगा पर्व होली से पूर्व होली मिलन समारोह-2025 का आयोजन आगामी 09 मार्च 2025 (रविवार) को हजारीबाग शहर के परिसदन सभागार से पूर्व अवस्थित होटल प्रोवेश रिसोर्ट परिसर में आयोजित किया जाएगा। इसके तैयारी को लेकर ब्रम्हर्षि समाज, हजारीबाग के आयोजन समिति से जुड़े लोगों का एक जरूरी बैठक दीपूगढ़ा स्थित समाज के संस्थापक अध्यक्ष मुकेश सिंह के आवासीय परिसर में मंगलवार की सुबह हुई। जिसमें विशेषरूप से ब्रह्मर्षि समाज के संस्थापक अध्यक्ष मुकेश सिंह, होली मिलन समारोह के संयोजक कन्हैया कुमार, सचिव कन्हैया शर्मा, प्रकाश शर्मा, रंजन चौधरी, डा आनन्द शाही, हिटलर शाही, कौशल किशोर सिंह, अजय शर्मा, बलराम सिंह, विजय शर्मा, ब्रजकिशोर सिंह, प्रफुल सिंह, गिरिजेश शर्मा,दिनेश्वर सिंह, प्रवीण सिंह सहित अन्य लोग शामिल हुए और आयोजन को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया । इस होली मिलन समारोह में रंग- भंग संग जमकर अबीर- गुलाल उड़ेगा वहीं पारंपरिक वाद्य यंत्रों संग फगुआ गीतों का रंग बिरंगा धमाल होगा वहीं मशहूर लोकगीत गायिका मनिता श्री और उनकी टीम का फाल्गुनी प्रस्तुति में लोग होलियाना मूड में झूम उठेंगे। आयोजन समिति की ओर से भारतीय और झारखंड पारंपरिक व्यंजन पुआ- धुस्का, कचरी- बर्रा, पकौड़ी का लोग सामूहिक रूप से स्वाद चखेंगे और एक- दूजे से गले मिलकर और रंग लगाकर होली की बधाई देंगे एवं होली के संदेश अपने अंदर के बुराई को मारकर अच्छाई को अमल करने सामाजिक समरसता बिखेरने का संकल्प भी लेंगे। यह आयोजन सुबह 11:00 बजे से शाम 05:00 बजे तक चलेगा ।

### मनीषा ग्रोवर ने पहली बार किया रक्तदान



**हजारीबाग(बिभा):** रक्तदान को महादान माना जाता है, क्योंकि यह न केवल किसी जरूरतमंद की जान बचाने में सहायक होता है, बल्कि यह रक्तदाता के स्वास्थ्य के लिए भी लाभदायक होता है। इसी कड़ी में, मनीषा ग्रोवर ने पहली बार रक्तदान कर एक नेक पहल की है।मनीषा ग्रोवर ने यह रक्तदान किसी जरूरतमंद व्यक्ति की सहायता के उद्देश्य से किया। उनका मानना है कि रक्तदान एक समाजसेवा है और प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को इसे करना चाहिए। चिकित्सा विशेषज्ञों के अनुसार, रक्तदान से शरीर में नया रक्त बनने की प्रक्रिया तेज होती है, जिससे रक्त संचार बेहतर होता है और स्वास्थ्य लाभ भी होता है। मनीषा ने बताया कि रक्तदान करने से पहले उन्हें थोड़ा डर था, लेकिन रक्तदान के दौरान और बाद में उन्हें किसी भी प्रकार की कमजोरी महसूस नहीं हुई। उन्होंने इसे एक सकारात्मक अनुभव बताया और कहा कि वह आगे भी नियमित रूप से रक्तदान करेंगी।मनीषा ग्रोवर का यह कदम उन लोगों के लिए प्रेरणा है जो रक्तदान करने से झिझकते हैं। उन्होंने अपने मित्रों और परिवार के सदस्यों से भी अपील की कि वे रक्तदान करें और जरूरतमंद लोगों की मदद करें।

### सैयद दिलशन ने रमजान के पाक महीने में रोजा रखते हुए किया रक्तदान



**हजारीबाग(बिभा):** रमजान के पवित्र महीने में जब मुस्लिम समुदाय के लोग सूर्योदय से सूर्यास्त तक रोजा रखते हैं, ऐसे समय में सैयद दिलशन ने रक्तदान कर एक प्रेरणादायक मिसाल कायम की है। उपवास की स्थिति में भी रक्तदान कर उन्होंने समाज को मानवता और परोपकार का संदेश दिया।सैयद दिलशन, जो सामाजिक सेवा कार्यों में सक्रिय रहते हैं, ने कहा, ररमजान केवल इबादत का ही नहीं, बल्कि सेवा और दान का भी महीना है। रक्तदान करके यदि किसी जरूरतमंद की जान बच सकती है, तो यह भी एक प्रकार की इबादत ही है।स्थानीय अस्पताल में आयोजित रक्तदान शिविर में उन्होंने अपने रोजे के दौरान रक्तदान किया। डॉक्टरों की टीम ने उनकी सेहत की जांच की और पुष्टि की कि रक्तदान उनके स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित था। रक्तदान अभियान से जुड़े अधिकारियों ने उनके इस कार्य की सराहना की। एक अधिकारी ने कहा, रसैयद दिलशन जैसे लोगों की पहल से समाज में सकारात्मक बदलाव आता है। रमजान के दौरान रक्तदान करने से यह संदेश जाता है कि मानवता की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं।रक्तदान के इस नेक कार्य ने न केवल जरूरतमंद मरीजों को जीवनदान दिया, बल्कि अन्य रोजेदारों को भी प्रेरित किया कि वे भी इस माह में सेवा कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें।

### हजारीबाग यूथ विंग ने निशान यात्रा का किया स्वागत



**हजारीबाग(बिभा):** अग्रवाल युवा मंच द्वारा 3 मार्च 2025 को हजारीबाग में 'श्री श्याम रंगीलो फाल्गुन निशान यात्रा' का आयोजन किया गया। यह यात्रा श्री राणी सती मंदिर से शुरू होकर नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होकर पुनः मंदिर प्रांगण में सम्पन्न हुई। इस पावन यात्रा में 251 महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं ने पवित्र निशान लेकर भाग लिया। श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम के जयकारे लगाते हुए भजन-कीर्तन और पुष्पवर्षा के साथ पूरे श्रद्धा भाव से निशान यात्रा में भाग लिया।इसी कड़ी में हजारीबाग यूथ विंग के लोगों ने निशान यात्रा में शामिल श्याम भक्तों पर पुष्प वर्षा किया और शीतल पेय का वितरण किया! श्रद्धालुओं ने बाबा श्याम की भक्ति में लीन होकर फूलों की होली खेलते हुए, भजनों पर झूमते हुए नगर भ्रमण किया। महिलाओं ने लाल-पीली साड़ी और पुरुषों ने कुर्ता-पायजामा धारण कर भक्ति भाव से बाबा श्याम का गुणगान किया।

### विनोबा भावे विवि के कुलपति ने किया औचक निरीक्षण



**हजारीबाग(बिभा):** विनोबा भावे विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर पवन कुमार पोद्दार ने आज पूर्वाहन को प्रशासनिक भवन में अवस्थित विभिन्न विभागों एवं अनुभागो का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कुछ जगह पर कर्मचारी को अनुपस्थित पाया। अनुपस्थित कर्मचारियों के छुट्टी संबंधी आवेदन कि उन्होंने खबर ली। कुलपति ने इस पर संज्ञान लेते हुए नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने ऐसे लोगों को हिदायत दी कि भविष्य में वह यदि समय का पालन नहीं करेंगे तो उन पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। ज्यादातर जगहों पर लोग कार्य करते हुए पाए गए। कुलपति ने ऐसे कर्मचारियों का उत्साह वर्धन किया। बाद में कुलपति ने एक पत्र जारी करते हुए सभी को समय का पालन करने हेतु सख्त निर्देश दिया।कुलपति ने कहा कि निरीक्षण का दौर जारी रहेगा एवं अन्य भावनाओं एवं विभागों का भी निरीक्षण किया जाएगा।

---

**हजारीबाग यूथ विंग ने रचा इतिहास, रक्तदान शिविर में बना नया जिला रिकॉर्ड, 221 यूनिट रक्त संग्रह**

## हजारीबाग यूथ विंग ने सेवा और समर्पण की नई मिसाल पेश की : मनीष जायसवाल

बिभा संवाददाता

**हजारीबाग :** सेवा, समर्पण और समाज कल्याण की मिसाल पेश करते हुए हजारीबाग यूथ विंग द्वारा आयोजित रक्तदान शिविर में एक नया इतिहास रचा गया। इस शिविर में कुल 221 यूनिट रक्त संग्रह कर जिले का अब तक का सबसे बड़ा रिकॉर्ड बनाया गया। यह आयोजन जिले में रक्तदान के प्रति जागरूकता और मानवता की भावना को सशक्त बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ। यह विशाल रक्तदान शिविर सोमवार को लक्ष्मी सिनेमा हॉल के सभागार में आयोजित किया गया, जो सुबह 10:00 बजे से शाम 5:30 बजे तक चला। इस दौरान बड़ी संख्या में युवाओं, सामाजिक कार्यकताओं, महिलाएं,छात्रों और गणमान्य नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और रक्तदान के पवित्र कार्य में अपना योगदान दिया।



शिविर की ऐतिहासिक सफलता पर जिले के कई प्रमुख हस्तियों ने हजारीबाग यूथ विंग की सराहना की और इसे एक प्रेरणादायक पहल बताया। इस अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल, उपायुक्त नैंसी सहाय, डीडीसी इश्तियाक अहमद, सदर एसडीओ लोकेश बारंगे,रांची के एसडीओ उत्कर्ष कुमार,रांची के वरिष्ठ पत्रकार और शिक्षक प्रकाश सहाय,रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव तनवीर सिंह समेत कई सम्मानित व्यक्तियों ने संस्था को शुभकामनाएं? दीं और भविष्य में भी इसी तरह के सफल आयोजनों की कामना की।

सांसद मनीष जायसवाल ने कहा की इस तरह के आयोजन समाज में जागरूकता और सेवा की भावना को बढ़ावा देते हैं। हजारीबाग यूथ विंग ने जो मिसाल पेश की है, वह पूरे जिले के लिए गर्व की बात है।उपायुक्त नैंसी सहाय ने फोन के माध्यम से रक्तदाताओं और संस्था का उत्साहवर्धन करते हुए कहा की रक्तदान महादान है,और हजारीबाग ने इस कहावत को चरितार्थ कर दिखाया है। मैं इस अद्भुत प्रयास के लिए संस्था और सभी रक्तदाताओं को दिल से बधाई देती हूँ।

हजारीबाग यूथ विंग ने इस सफलता के लिए सभी रक्तदाताओं, सहयोगियों और समर्थकों का हार्दिक आभार प्रकट किया है,इस रक्तदान शिविर ने न केवल जिले में एक नया रिकॉर्ड बनाया, बल्कि युवाओं और समाज को यह संदेश भी दिया कि रक्तदान जीवनदान है और हर स्वस्थ व्यक्ति को इस पुनीत कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। इस आयोजन की ऐतिहासिक सफलता ने हजारीबाग को रक्तदान के क्षेत्र में नई पहचान दी है और यह संदेश दिया है कि जब समाज संगठित होकर आगे बढ़ता है, तो हर लक्ष्य संभव हो जाता है।

## भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की कार्रवाई, रिश्वत लेते कंप्यूटर ऑपरेटर गिरफ्तार

बिभा संवाददाता

**हजारीबाग:** भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने आज एक बड़ी कार्रवाई करते हुए सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय के गोपनीय शाखा के कंप्यूटर ऑपरेटर अफताब अंसारी को रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया।



### क्या है मामला

अनिल कुमार (29 वर्ष), निवासी ईचक, सिमरिया, जिला चतरा ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो को शिकायत दी थी कि उनकी भूमि के मामले में फैसला सुनाने के लिए सिमरिया अनुमंडल पदाधिकारी कार्यालय में तैनात अधिकारी ने 60,000 रुपये रिश्वत मांगी थी। जब उन्होंने रिश्वत देने से इनकार किया, तो उन्होंने इस मामले की शिकायत पुलिस अधीक्षक, भ्रनि ब्यूरो, हजारीबाग से की।

शिकायत मिलने के बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने मामले की जांच की और पाया कि आरोप सही हैं। सत्यापन के दौरान आरोपी अफताब अंसारी ने आवेदक से 10,000 रुपये की रिश्वत मांगी, जिसे रिकॉर्ड किया गया।

### रंगे हाथ पकड़ा गया आरोपी

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम ने योजना बनाकर अफताब अंसारी को रिश्वत लेते रंगे हाथ पकड़ लिया। हजारीबाग ब्यूरो की ट्रैप टीम ने दो सरकारी गवाहों की मौजूदगी में उसे 10,000 रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया।

### आगे की कार्रवाई जारी

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है और आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पुलिस अधीक्षक, भ्रनि ब्यूरो, हजारीबाग ने कहा कि भ्रष्टाचार के मामलों में सख्त कार्रवाई जारी रहेगी और दोषियों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।

## झारखंड विधानसभा पहुंचे सांसद मनीष जायसवाल, पक्ष- विपक्ष के पुराने साथियों ने किया स्वागत

### राज्यपाल से मिलकर विनोबा भावे विश्वविद्यालय में स्थायी कुलपति नियुक्ति की उठाई मांग

बिभा संवाददाता

**हजारीबाग:** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के सांसद मनीष जायसवाल मंगलवार को झारखंड की राजधानी रांची में रहें। उन्होंने सबसे पहले झारखंड के सर्वोच्च सदन झारखंड विधानसभा में चल रहे बजट सत्र के दौरान अपने पुराने साथियों से मुलाकात कर विधानसभा की यादें ताजा की। इस दौरान यहां सांसद मनीष जायसवाल का विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र नाथ महतो, झारखंड के वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर सहित पक्ष विपक्ष के विधायकों ने पुरजोर स्वागत किया। तत्पश्चात सांसद मनीष जायसवाल ने झारखंड के राज्यपाल महामहिम संतोष गंगवार से औपचारिक मुलाकात की और हजारीबाग स्थित विनोबा भावे विश्विद्यालय में जल्द से जल्द स्थायी कुलपति की नियुक्ति मांग की ।



## अफीम फसल को नष्ट किया गया

बिभा स ंवाददाता

**हजारीबाग:** चौपारण थाना क्षेत्र के पत्थलगड़ा, करगा जंगल में अवैध अफीम की खेती के खिलाफ पुलिस और वन विभाग का सख्त अभियान लगातार सातवें दिन भी जारी रहा। इस दौरान ट्रैक्टर चलाकर 15 एकड़ में लगे अफीम फसल को नष्ट कर दिया गया, जिससे अफीम तस्करों के मंसूबों पर पानी फिर गया। पुलिस निरीक्षक बरही अंचल चंद्रशेखर प्रसाद और थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश के नेतृत्व में चलाए जा रहे इस विनिष्टीकरण अभियान में चौपारण पुलिस बल और वन विभाग की संयुक्त टीम लगातार जंगल में फैला अफीम को नष्ट करने में जुटी हुई है। इस कार्रवाई को लेकर थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश ने स्पष्ट किया कि जब तक जंगल से पूरी तरह अफीम की खेती समाप्त नहीं हो जाती, तब तक यह अभियान जारी रहेगा।



करगा जंगल सहित आसपास के क्षेत्रों में अवैध अफीम की खेती लंबे समय से की जा रही है। इस अभियान के बाद अब इस पर पूर्ण विराम लगाने की कोशिश की जा रही है। पुलिस और वन विभाग का संयुक्त दल हर दिन नए इलाकों में पहुंचकर अफीम की खेती को नष्ट करने में जुटा हुआ है। अफीम विनिष्टीकरण अभियान में थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश, एसआई रौशन कुमार, रविरंजन कुमार, श्रवण पासवान एवं थाना के सशस्त्र बल के जवान शामिल थे, वहीं वन विभाग से कुलदीप कुमार, जयनेन्द्र कुमार और दैनिक कर्मी शामिल थे।

## महिलाओं पर अत्याचार करने वालों को तत्काल करें गिरफ्तार :एसपी

बिभा संवाददाता

**रामगढ़।** रामगढ़ एसपी अजय कुमार ने मंगलवार को रामगढ़ थाने का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने लंबित मामलों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। एसपी ने निरीक्षण करने के बाद बताया कि रामगढ़ थाने के लंबित कांड की समीक्षा अनुसंधानकर्ता के साथ की जानी थी। समीक्षा के क्रम में मुख्य रूप से महिला से संबंधित लंबित मामले जैसे बलात्कार, पोस्को, छेड़खानी एवं दो वर्ष से अधिक समय से लंबित अपहरण, गृहभेदन, चोरी, लूट, डकैती, हत्या के कांडों के समीक्षा की। उन्होंने बताया कि छह मार्च को डीजीपी के जरिये महिलाओं से संबंधित लंबित कांडों के समीक्षा की जानी है। इस संबंध में सभी अनुसंधानकताओं को पहले से ही जानकारी दे दी गई है।

एसपी ने यह भी बताया गया है कि लंबित कांडों में आरोपितों को जल्द गिरफ्तार करने, फरार रहने की स्थिति में वारंट, इश्तिहार, कुर्की की कार्रवाई करने की प्रक्रिया पूरी करनी है। कांडों के निष्पादन के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए हैं। छह माह से अधिक समय से लंबित कांडों की संख्या शून्य करनी है।

एसपी ने थाना में प्रतिनियुक्ति पुलिस पदाधिकारियों को सख्त निर्देश दिया कि ओडी के दौरान थाना में आने वाले आम जनता की शिकायतों को गंभीरता पूर्वक सुना जाना चाहिए। साथ ही शीघ्रतापूर्वक उनका निष्पादन भी करना है। आम जनता के साथ अच्छा व्यवहार करें। किसी भी तरह के दुर्व्यवहार की सूचना मिलती है तो पदाधिकारी पर कार्रवाई होगी। समीक्षा के दौरान रामगढ़ थाना प्रभारी कृष्ण कुमार, एसआई उपेन्द्र कुमार, मंजेश कुमार, संतोष कुमार, जौनी कुमार, ओमकार पाल, मंटू शर्मा, एएसआई अनिल कुमार, सुजीत कुमार मौजूद थे।



### बिहार फाउंड्री पर कार्रवाई के लिए थानेदार ने लिखा एसडीओ को पत्र

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले के इंडस्ट्रियल एरिया में स्थापित बिहार फाउंड्री एवं कास्टिंग लिमिटेड प्लांट पर निरोधात्मक कार्रवाई होगी। रामगढ़ थाना प्रभारी ने एसडीओ को इस कार्रवाई के लिए पत्र लिखा है। थाना प्रभारी के लिखे गए पत्र में बताया गया है कि बिहार फाउंड्री प्लांट के जरिये लगातार ऐसे कार्य किया जा रहा है, जिससे प्रदूषण तो हो ही रहा है, आसपास के रहने वाले लोगों का जीना दूभर हो गया है। यहां तक की माइंस रेस्क्यू में रहने वाले डीएसपी हेड क्वार्टर तक की नींद उड़ गई है। थाना प्रभारी ने लिखा है कि दो मार्च को महतो टोला मरार निवासी अरुण कुमार महतो के नेतृत्व में सैकड़ो ग्रामीण थाने पहुंचे और होने वाले प्रदूषण की शिकायत की। उन लोगों ने बताया कि प्लांट के जरिये सरस्वती पूजा से पहले ही चिमनी लगाई गई है। रात और दिन में चिमनी से काफी आवाज और धुआं निकलता रहता है। थाना प्रभारी ने कहा कि अगर जल्द ही प्लांट के खिलाफ निषेधात्मक कार्रवाई नहीं होती है, तो वहां विधि व्यवस्था की समस्या उत्पन्न हो सकती है।

## दिल्ली में आयोजित लाइन मैन दिवस में झारखंड उत्कृष्ट प्रदर्शन



बिभा संवाददाता

**रांची:** चार मार्च को दिल्ली में आयोजित लाइन मैन दिवस इवेंट में जेवीएनएल रांची मुख्यालय में पदस्थापित एसडीओ संजय कुमार महतो के नेतृत्व में झारखण्ड राज्य का प्रदर्शन अव्वल रहा। इस अवसर पर झारखंड को उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैडल, प्रशस्ति पत्र और मोमेंटों से सम्मानित किया गया।

उल्लेखनीय है कि नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में केंद्र सरकार के ऊर्जा मंत्रालय के निर्देश पर चार मार्च को लाइन मेन दिवस मनाया जाना था जिसमे झारखण्ड राज्य से चार सदस्यीय टीम एसडीओ संजय कुमार महतो के नेतृत्व में दिल्ली गयी थी। इस टीम में आरएमसीएच रंची में पदस्थापित लाइन मेन आलोक कुमार सिन्हा, धनबाद एमआरटी में पदस्थापित रंजीत महतो और पीएमसीएच धनबाद में पदस्थापित थॉमस चांपिया शामिल थे। एसडीओ श्री महतो ने बताया कि इस महत्वपूर्ण इवेंट में पूरे देश के हर राज्य से कम से कम 400 प्रतिभागी शमिल हुए थे, जिसमें झारखण्ड राज्य का प्रर्दशन अव्वल रहा।

इस पूरे दौरे पर ऊर्जा मंत्रालय में अवर निदेशक के पद पर पदस्थापित भारतीय प्रशासनिक सेवा के पदाधिकारी सुमन कुमार को झारखण्ड टीम की देख रेख का जिम्मा दिया गया था। झारखण्ड का नाम गौरवान्वित करने ने इनका अहम योगदान रहा।

# वेव्स: एक नयी छलांग लगाने का अवसर

लेखक



प्रशांत झा

मीडिया और मनोरंजन (एमएंडई) क्षेत्र के लिए वेब्स एक मील का पत्थर सबित होगा, चाहे आप एक उद्योग पेशेवर, निवेशक, निमार्ता या नवप्रवर्तक हों, क्योंकि सम्मेलन एमएंडई परिदृश्य से जुड़ने, सहयोग करने, नवाचार करने और योगदान करने के लिए अंतिम वैश्विक मंच प्रदान करेगा। वेव्स भारत की रचनात्मक शक्ति को बढ़ाने के लिए तैयार है, जो कंटेंट निर्माण, बौद्धिक संपदा और तकनीकी नवाचार के केंद्र के रूप में इसकी स्थिति को बढ़ायेगा।

अभिनेत्री विद्या बालन की एक चर्चित फिल्म थी, डर्टी पिक्चर। इसका एक डायलॉग काफी चर्चित हुआ था-फिल्में केवल तीन चीजों से चलती हैं, एंटरटेनमेंट, एंटरटेनमेंट और एंटरटेनमेंट। अगर गहराई से इस पर सोचें, तो यह हकीकत भी है, लोग मनोरंजन के लिए ही तीन घंटे फिल्म देखने जाते हैं। फिल्म की बात हो या फिर एनीमेटेड फिल्म की, टीवी सीरियल की बात हो या फिर वेब सीरीज की, खेल के मैदान की बात हो या फिर ऑनलान गेमिंग की, ये सभी एंटरटेनमेंट यानी मनोरंजन के ही अलग-अलग रूप हैं।

भारत में मनोरंजन का बाजार दिन-प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। यह एक ऐसा बाजार है, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के सपने को साकार करने में मददगार साबित होगी।

ऐसा नहीं है कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार इस बात से अनभिज्ञ है। उसे भी पता है कि ऑडियो, वीडियो और एटरटेनमेंट का बाजार इतना बड़ा है कि इसमें बहुत कुछ किये जाने की संभावना है।

इसलिए सरकार के स्तर पर इसके लिए प्रयास भी किये जा रहे हैं। केंद्र सरकार के सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा लगातार इस दिशा में कदम उठाया जा रहा है। मंत्रालय द्वारा आगामी 1 से 4 मई तक मुंबई के जियो वर्ल्ड सेंटर में वर्ल्ड ऑडियो विजुअल एंड एंटरटेनमेंट समिट (वेव्स, WAVES), यानी विश्व दृश्य-श्रव्य और मनोरंजन शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। जहां दुनिया के बड़े-बड़े दिग्गज जुटेंगे। विचारों का आदान-प्रदान होगा। यह आयोजन एंटरटेनमेंट की बहुरंगी दुनिया में एक नयी छलांग लगाने का अवसर होगा।

मीडिया और मनोरंजन (एमएंडई) क्षेत्र के लिए वेब्स एक मील का पत्थर सबित होगा, चाहे आप एक उद्योग पेशेवर, निवेशक, निमार्ता या नवप्रवर्तक हों, क्योंकि सम्मेलन एमएंडई परिदृश्य से जुड़ने, सहयोग करने, नवाचार करने और योगदान करने के लिए अंतिम वैश्विक मंच प्रदान करेगा। वेव्स भारत की रचनात्मक शक्ति को बढ़ाने के लिए तैयार है, जो कंटेंट निर्माण, बौद्धिक संपदा और तकनीकी नवाचार के केंद्र के रूप में इसकी स्थिति को बढ़ायेगा।

प्रसारण, प्रिंट मीडिया, टेलीविजन, रेडियो, फिल्म, एनीमेशन, विजुअल इफेक्ट्स, गेमिंग, कॉमिक्स, ध्वनि और संगीत, विज्ञापन, डिजिटल मीडिया, सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म, जनरेटिव एआई, ऑगमेंटेड रियलिटी (एआर), वर्चुअल रियलिटी (वीआर) और एक्सटेंडेड रियलिटी (एक्सआर) आदि को बढ़ावा मिलेगा।

वाणिज्य मंत्रालय के एक शीर्ष अधिकारी ने पिछले दिनों कहा था कि मीडिया एवं मनोरंजन क्षेत्र के निर्यात में अगले पांच वर्ष में दस अरब डॉलर तक पहुंचने की संभावनाएं हैं।

भारत सरकार द्वारा समर्थित प्रमुख क्षेत्रों में से एक भारतीय मीडिया और मनोरंजन उद्योग में वृद्धि की बहुत अधिक संभावनाएं हैं। हमें यह देखना होगा कि हम अपने दृश्य एवं श्रव्य क्षेत्र से निर्यात कारोबार को अगले कुछ सालों के दौरान किस प्रकार मौजूदा एक अरब डालर से 10 अरब डालर तक पहुंचा सकते हैं। इस क्षेत्र के निर्यात में वर्तमान में भारत का चौथा स्थान है। इसके लिए ठोस योजना बनाने की जरूरत है, जो सम्मेलन के जरिये विचारों के आदान-प्रदान से इस दिशा में एक सार्थक पहल होगी।

एक स्लोगन ह्यकर लो दुनिया मुट्ठी मेंह्व शायद ही किसी ने भूला हो। यह स्लोगन 23 साल पहले आया था। रिलायंस ग्रुप ने 2002 में अपना मोबाइल फोन लांच करने समय यह स्लोगन दिया था। आज सचमूच पूरी दुनिया हमारे-आपके मुट्ठी में है।

भारतीय टेलीकॉम बाजार दुनिया के सबसे तेजी से बढ़ने वाला बाजार बन गया है। लोकसभा के वर्तमान बजट सत्र के दौरान सरकार ने एक प्रश्न के जवाब में देश में मोबाइल उपयोक्ताओं औ? इंटरनेट कनेक्टिविटी के बारे में जानकारी दी थी। इसके अनुसार इस समय भारत में मोबाइल उपयोक्ताओं की संख्यां 117 करोड़ हो गयी है, जो आज से 10 साल पहले 90 करोड़ थी।

इनमें से ज्यादातर उपयोक्ता स्मार्टफोन का इस्तेमाल कर रहे हैं। स्मार्टफोन के आने की वजह से इंटरनेट उपयोक्ताओं की संख्यां में भी इजाफा हुआ है। वहीं, देश के कोने-कोने में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी पहुंचायी जा रही है।

इंटरनेट उपयोक्ताओं की संख्या भी छह करोड़ से बढ़कर 95 करोड़ तक पहुंच गयी है। भारत के कुल 6,40,131 गांवों में से 6,23,622 गांव मोबाइल कवरेज के दायरे में आ चुके हैं। जिन गांवों तक अभी मोबाइल कवरेज नहीं पहुंचा है, वहां पर भी जल्द ही पहुंचाने की योजना पर काम चल रहा है। इस वक्त देश की आबादी लगभग 140 करोड़ की है और आधी से अधिक आबादी के हाथों तक मोबाइल पहुंच चुका है।

पिछले दिनों लक्षद्वीप जाने का मौका मिला। यहां न बिजली है और पानी। जेनरेटर से पूरे द्वीप पर बिजली आपूर्ति होती है और समंदर के खारे पानी को फिल्टर कर पीने लायक बनाने की व्यवस्था है। सिनेमा हॉल, मॉल आदि का तो नामो-निशान नहीं है। यहां तक कि टीवी भी कम ही लोगों के पास दिखा। हर व्यक्ति के हाथ में मोबइल फोन जरूर दिखा, जिसमें इंटरनेट कनेक्शन भी था। यह मोबाइल ही उनके मनोरंजन का साधन है।

लक्षद्वीप की चर्चा इसलिए कर रहा है क भारत का यह हिस्सा आज भी अलग-थलग है। यहां के सभी द्वीपों को मला कर आबादी केवल 86 हजारप के लगभग है। यहां शहरों की तरह न तड़क-भड़क है और न गांव की तरह खेती बाड़ी।

जह लक्षद्वीप की यह स्थिति है, तो देश के अन्य हिस्सों का इसी से अंदाजा लगाया जा सकता है। सभी जगह मोबाइल लोगों के लिए मनोरंजन का जरिया बन गया है।

मनोरंजन से जुड़ी हर चीज एक क्लिक के साथ लोगों के हाथों में मौजूद है। पूरा ओवर-द-टॉप (ओटीटी) प्लेटफॉर्म इस पर मौजूद है, जिस पर ऑडियो और वीडियो से संबंधित मनोरंजन की हर सामग्री मौजूद है। साथ ही क्रिकेट, लूडो, ताश, फुटबॉल जैसे खेल के संसाधन भी मोबाइल पर सिमट गये हैं।

यही वजह है कि देश में ओटीटी प्लेटफॉर्म तेजी से बढ़ रहे हैं। रिपोर्ट बताती है कि महामारी के बाद भारत में ओटीटी प्लेटफॉर्म की तरफ लोगों के बढ़ते रुझान ने वीडियो बाजार में क्रांति ला दी है।

घर बैठे मनचाहे कंटेंट मिलने से भारत का ओटीटी स्ट्रीमिंग उद्योग अप्रत्याशित रूप से आगे बढ़ रहा है। भारत के ओटीटी वीडियो बाजार का राजस्व 2025 के अंत तक 4.49 बिलियन डॉलर पहुंचने का अनुमान है। देश में ओटीटी वीडियो के राजस्व में 7.18 प्रतिशत की वार्षिक वृद्धि दर (सीएजीआर 2025-2029) की उम्मीद जतायी जा रही है, जिसके चलते 2029 तक इसका अनुमानित बाजार 5.92 बिलियन डॉलर पर पहुंच सकता है। भारत में ओटीटी का सबसे बड़ा बाजार वीडियो स्ट्रीमिंग (एसवीओडी) का है, जिसके 2025 में 2.30 बिलियन डॉलर पर पहुंचने की उम्मीद है।

वहीं, देश में इस समय कुल ओटीटी उपयोक्ताओं की संख्या 547 मिलियन से अधिक है। वर्ष 2029 तक देश के ओटीटी वीडियो बाजार में उपयोक्ताओं की संख्या 634.3 मिलियन तक पहुंचने की उम्मीद है।

जहां 2025 में देश के 35.8 प्रतिशत लोगों तक ओटीटी वीडियो की पहुंच रहेगी, वहीं 2029 तक इस आंकड़े के 42.2 प्रतिशत पर पहुंचने का अनुमान है।

भारत में ऑनलाइन गेमिंग की बात की जाये, तो यह विश्व का सबसे बड़ा बाजार बन गया है।

साल 2023 में भारत में कुल 9.5 अरब बार गेमिंग ऐप डाउनलोड किये गये थे। वैश्विक स्तर पर कुल डाउनलोड में भारत का योगदान 20 फीसदी रहा था। भारत में ऑनलाइन गेमिंग का बाजार साल-दर-साल 20 फीसदी बढ़ रहा है। यहां गेमिंग उद्योग ने पिछले पांच सालों में घरेलू और वैश्विक निवेशकों से 2.8 अरब डॉलर का निवेश हासिल किया है। इस वर्ष के अंत तक गेमिंग उद्योग में 50 करोड़ उपयोक्ता होने का अनुमान है।

भारतीय में ऑडियो- वीडियो और इंटरटेनमेंट का बाजार कितना बड़ा है, इसका अंदाजा मोबाइल, इंटरनेट, ओटीटी, ऑनलाइन गेम आदि के उपयोक्ताओं की संख्या से लगाया जा सकता है।

भारत के इस क्षेत्र में आगे बढ़ने की असीम संभानाएं हैं। इसलिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने ह्यमन की बातह्व कार्यक्रम में भी ऑडियो विजुअल एंड एटरटेंमेंट समिट (वेव्स) की चर्चा की थी। उन्होंने बताया भी कि यह वेब्स समिट किस तरह से पूरे परिदृश्य को बदलेगा।

मुंबई होने वाला वेव्स समिट ग्लोबल ई-मार्केट प्लेस होगा, जो भारत की विशाल रचनात्मक प्रतिभा को अंतरराष्ट्रीय बाजारों से जोड़ने में मदद करेगा। यह प्लेटफॉर्म उपयोक्ताओं को अपने कंटेंट प्रदर्शित करने, प्रोजेक्ट पेश करने और भौगोलिक सीमाओं से परे सार्थक संबंध बनाने में सक्षम बनायेगा।

वेव्स बाजार एक परिवर्तनकारी प्लेटफॉर्म है जो फिल्म, टीवी, संगीत, स्पोट्र्स, एनिमेशन, वजुअल इफेक्ट, गेमिंग और कॉमिक्स जैसे विभिन्न मनोरंजन क्षेत्रों के रचनाकारों, खरीदारों और सहयोगियों को एक मंच पर लायेगा। यह भौगोलिक अंतर को समाप्त करेगा, जिससे रचनाकारों को अपनी रचना प्रदर्शित करने और सार्थक बी2बी संवाद में शामिल होने की सुविधा मिलेगी।

यह ऐतिहासिक आयोजन भारत की न केवल एक कंटेंट पावरहाउस बनने की क्षमता को रेखांकित करेगा, बल्कि मीडिया और मनोरंजन क्षेत्र में एक वैश्विक विचार अगुआ भी बनेगा।

## संपादकीय

### सांच को आंच नहीं

शेयर धोखाधड़ी के मामले में पूर्व सेबी प्रमुख माधबी बुच के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने का आदेश विशेष अदालत ने दिया है। अदालत ने इसे प्रथम दृष्टि नियामक चूक व मिलीभगत का सबूत माना और निष्पक्ष जांच की आवश्यकता बताई। याचिका में बुच के अतिरिक्त पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज में कंपनी लिस्टिंग में अनियमितताओं का दावा किया गया है। नियामक प्राधीकरणों, खासकर सेबी की मिलीभगत से कंपनी को स्टॉक एक्सचेंज में धोखाधड़ी से सूचीबद्ध करने को कॉरपोरेट धोखाधड़ी बताया है। सेबी की पहली महिला प्रमुख बुच को अमेरिका स्थित शॉर्ट-सेलर हिंडेनबर्ग द्वारा हितों के टकराव के आरोप लगाए गए थे। बुच दंपति पर फंड़ संरचनाओं का हिस्सा रही संस्थाओं में निवेश का भी आरोप है, जिसमें अड़ानी समूह द्वारा भी निवेश किया गया था। बुच का कहना था, यह निवेश उनके नियामक में शामिल होने से पहले किया गया था। हालांकि सेबी ने इस आदेश को चुनौती देने के लिए उचित कदम उठाने की बात की है। साथ ही बुच का समर्थन करते हुए याचिकाकर्ता को तुच्छ व आदतन मुकदमाकर्ता ठहराया। इस दरम्यान स्वयं हिंड़नबर्ग अपना कारोबार बंद करने की घोषणा भी कर चुकी है। बुच द्वारा तमाम सराहनीय सकारात्मक कदम उठाये जाने के बावजूद उनके तीन साल के कार्यकाल के दरम्यान कर्मचारियों में जबरदस्त रोष भी नजर आया। खुदरा निवेशकों को बाजार की तरफ आकर्षित करने में सफल रही बुच ने निवेश सलाहकारों के लिए नियमों को आसान बनाने व राइट्स इश्यू को तेजी देने सरीखा काम कर दिखाया। इसके बावजूद उन पर लगे आरोपों की अनदेखी नहीं की जा सकती। विपक्षी दलों के भारी विरोध के बावजूद सरकार ने न सिर्फ पक्षपाती रवैया बनाये रखा बल्कि चिकने घड़े.की तरह आरोपों को झाड़ती रही। यूं भी मोदी सरकार का काम करने का रवैया ऐसा है, जो अपने चहेते अधिकारियों के बचाव को लेकर अड़िय़लपन दिखाने में कोई लिहाज नहीं करती। बेशक सरकार को जांच का आश्वासन देते हुए नियामक प्राधीकरणों की गरिमा बनाए रखने के प्रति गंभीर नजर चाहिए। अदालती कार्रवाई का सामना करके बुच को अपना पक्ष रखना चाहिए। सफलताओं के झंडे.गाड़ऩे के बावजूद सेबी जैसे सम्मानित नियामक पर एक शख्स की वजह से बिला-वजह पड़ऩे वाले छींटों से बचाने के प्रति सरकार पहले ही प्रतिबद्धता दर्शा सकती थी।



## चिंतन-मनन

### विवेक ही धर्म है

युग के आदि में मनुष्य भी जंगली था। जब से मनुष्य ने विकास करना शुरू किया, उसकी आवश्यकताएं बढ़ गई। आवश्यकताओं की पूर्ति न होने से समस्या ने जन्म लिया।समस्या सामने आई तब समाधान की बात सोची गई। समाधान के स्तर दो थे- पदार्थ-जगत, मनो-जगत. प्रथम स्तर पर पदार्थ के सुनियोजित उत्पादन और उनकी व्यवस्था को आकार मिला। दूसरा स्तर मानसिक था। इस जगत की समस्याएं थी अपरिमार्जित वृत्तियां, असंतुलन और तनाव। इन समस्याओं को समाहित करने के लिए धर्म की खोज हुई। धर्म का अर्थ है पारंपरिक मूल्य-मानकों से परे हटकर मनुष्य को सत्य की दिशा में अग्रसर करना। जब तक धर्म अपने इस परिवेश में रहता है, तब तक वह रूढ़ नहीं हो सकता। पर उद्देश्य की विस्मृति के साथ ही उसमें रूढ़ता आ जाती ह। रूढ़ धर्म को व्यक्ति अपने जीवंत संदभरे से काटकर परलोक के साथ जोड़ देता है।

बस यहीं से धर्म में विकृति का प्रवेश होने लगता है। मैं ऐसा सोचता हूं कि धर्म का संबंध हमारी हर सांस से होना चाहिए। ऐसा वे ही व्यक्ति कर सकते हैं जो अपने जीवन की सतह पर दौड़-धूप कर रहे हैं। या फिर यह उन लोगों का काम है जो जीवन की गहराइयों में उतरकर अध्यात्म के प्रति समर्पित हो जाते हैं।

जीवन की सतह पर जीने वाले व्यक्ति धर्म की गहराई में नहीं उतर सकते, किंतु अध्यात्म के प्रयोक्ता की दृष्टि से वह गहराई छिपी नहीं रह सकती। जो व्यक्ति उतनी गहराई में उतरे, उन्हें धर्म की विकृतियों का बोध हुआ। जो धर्म मन को समाधान देने वाला था, वह स्वयं समस्या बनकर उभर गया। इस दृष्टि से उसमें संशोधन व परिवर्तन की अपेक्षा अनुभव हुई। अणुव्रत उसी आवश्यकता का आविष्कार है। यदि धर्म एक समस्या बनकर सामने नहीं आता तो उसे अणुव्रत के रूप में प्रस्तुति देने का कोई अर्थ ही नहीं था। अणुव्रत धर्म के साथ विवेक की अपरिहार्यता पर बल देता है। आगम की भाषा में विवेक ही धर्म है।

## दोस्त तो चुन सकते हैं पर पड़ोसी नहीं: भारत-पाक के बीच बातचीत चलती रहना चाहिए



एल.एस. हरदेनिया



आप अपना दोस्त चुन सकते हैं परन्तु पड़ोसी तो स्वभाविक ही होता है। अटल बिहारी वाजपेयी के इन शब्दों को याद करते हुए दिल्ली में एक महत्वपूर्ण बातचीत हुई। इस बातचीत में भारत और पाकिस्तान के अनेक प्रमुख व्यक्तियों ने भाग लिया। जिन लोगों ने इस बातचीत में भाग लिया उनमें पूर्व केन्द्रीय मंत्री मणिशंकर अय्यर, पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी, पूर्व केन्द्रीय मंत्री और जम्मू-कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला और अनेक प्रमुख व्यक्ति शामिल थे।

इन सब प्रमुख व्यक्तियों ने इस बात पर जोर दिया कि भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत फिर से शुरू की जाए। इस अवसर पर एक महत्वपूर्ण किताब का विमोचन भी किया गया। किताब का शीर्षक था 'शांति की खोज और भारत और पाकिस्तान के रिश्ते'। इस किताब में 52 लेख शामिल हैं, जो दोनों देशों के अनेक विद्वानों ने लिखे हैं। इन विद्वानों में कूटनीतिज्ञ, राजनीतिज्ञ, नेता और चिंतक शामिल हैं। इन सारे लेखों में इस बात पर जोर दिया गया है कि भारत और पाकिस्तान के बीच बातचीत चलती रहनी चाहिए। इस किताब का विमोचन पूर्व उपराष्ट्रपति हामिद अंसारी ने किया।

अपने भाषण में अंसारी ने कहा कि ये दोनों देश भारत और पाकिस्तान, एक तरह के एक्सीडेंट से बने हैं। ये ऐसे देश नहीं हैं जिनका कोई लंबा इतिहास हो। ये सिर्फ दुर्घटनावश बने थे।

अंसारी के बाद अनेक नेताओं ने अपने विचार प्रकट किए। सबने इस बात पर जोर दिया कि हर हालत में भारत और पाकिस्तान के बीच में बातचीत चलती रहनी चाहिए। फारूक अब्दुल्ला ने कहा कि सबसे बड़ी जरूरत यह है कि हम एक-दूसरे से घृणा करना बंद कर दें। हम एक थे और अब एक नहीं हैं। हमें घृणा ने विभाजित कर दिया, घृणा ने ही हमें भारत और पाकिस्तान बना दिया। फारूक अब्दुल्ला ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के विचार को उद्धृत करते हुए कहा कि 'हम दोस्त चुन सकते हैं पर पड़ोसी नहीं।'

पाकिस्तान के पूर्व विदेश सचिव जलील अब्बास जिलानी ने कहा कि हमें ऐसी आवाजें सुनना चाहिए जो शान्ति की हों और जो दोस्ती की हों। जिलानी पाकिस्तान के विदेश सचिव तो रहे ही वे कुछ समय के लिए वहां के विदेश मंत्री भी रहे। उन्होंने उन मुद्दों का उल्लेख किया जो भारत और पाकिस्तान की दोस्ती के रोड़े हैं। उन्होंने भी वाजपेयी जी के वर्ष 2003 में दिए गए एक भाषण का उल्लेख किया। वाजपेयी जी ने कहा था कि 'भारत और पाकिस्तान की दोस्ती इंसानियत, जम्हूरियत और कश्मीरियत पर आधारित है।'


पाकिस्तान के पूर्व सूचना मंत्री जावेद जब्बार ने भी इस बात पर जोर दिया कि भले ही बंदूकें चलती रहें, तोपों से गोले बरसते रहें परन्तु बातचीत होती रहना चाहिए। वरिष्ठ पत्रकार इम्तियाज आलम ने कहा कि सार्क देशों के बीच बातचीत फिर से चालू होनी चाहिए। ये बातचीत किसी ऐसे देश में होनी चाहिए जिनके भारत और पाकिस्तान से दोस्ताना संबंध हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने अभी हाल में पाकिस्तान अपनी किक्रेट टीम भेजने ने इंकार कर दिया था। यह एक दुखद घटना है। बाद में दोनों देशों की टीमें दुबई में खेलीं। ऐसा नहीं होना चाहिए। कुल मिलाकर इन दोनों देशों के नेताओं, चिंतकों की यह बातचीत दोनों देशों की दोस्ती में मील का पत्थर साबित होगी।

(यह लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं इससे संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है)

## आधी आबादी: तेजी से बढ़ रही कैंसर मृत्यु दर



नृपेन्द्र अभिषेक नृप



कैंसर आज भारत सहित पूरी दुनिया में एक गंभीर स्वास्थ्य संकट बन चुका है। भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद द्वारा किए गए हालिया विश्लेषण में यह खुलासा हुआ है कि भारत में कैंसर से होने वाली मौतों की दर चिंताजनक रूप से बढ़ रही है, विशेष रूप से महिलाओं में यह दर पुरुषों की तुलना में अधिक तेजी से बढ़ी है। ग्लोबोकैन 2022 के आंकड़ों के अनुसार, महिलाओं में कैंसर से मृत्यु दर में 1.2 फीसद से 4.4 फीसद तक वार्षिक वृद्धि हुई है, जबकि पुरु षों में यह वृद्धि 1.2 फीसद से 2.4 फीसद तक रही है।

ये आंकड़े न केवल एक स्वास्थ्य आपातकाल की ओर संकेत कर रहे हैं, बल्कि सामाजिक और चिकित्सा व्यवस्था की कमियों को भी उजागर करते हैं। महिलाओं में कैंसर से बढ़ती मृत्यु दर एक जटिल समस्या है, जो केवल जैविक या चिकित्सीय कारणों तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें सामाजिक, आर्थिक, जागरूकता और स्वास्थ्य सुविधाओं तक पहुंच की भी बड़ी भूमिका है। भारत में हर पांच में से तीन लोग कैंसर के निदान के बाद अपनी जान गंवा देते हैं। यह आंकड़ा इस बात की पुष्टि करता है कि कैंसर न केवल एक गंभीर रोग है, बल्कि भारत में इसका उपचार भी उतना प्रभावी नहीं हो पा रहा है। खासकर महिलाओं में यह स्थिति अधिक गंभीर होती जा रही है। ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में महिलाएं अक्सर अपने स्वास्थ्य को प्राथमिकता नहीं देतीं। परिवार की जिम्मेदारियां, सामाजिक दबाव, और आर्थिक निर्भरता उन्हें समय पर जांच और इलाज कराने से रोकते हैं। कई बार कैंसर के शुरू आती लक्षणों को नजरअंदाज कर दिया जाता है, जिससे बीमारी तब पकड़ी जाती है जब यह अपने अंतिम चरण में पहुंच चुकी होती है। महिलाओं में कैंसर की बढ़ती दर के पीछे कई महत्त्वपूर्ण कारण हैं। सबसे पहले, जागरूकता की भारी कमी एक प्रमुख कारण है। स्तन कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर जो भारत में महिलाओं में सबसे आम हैं, यदि प्रारंभिक अवस्था में पकड़ लिए जाएं, तो इनका इलाज संभव है, लेकिन दुर्भाग्यवश महिलाओं में नियमित स्वास्थ्य परीक्षण की आदत नहीं होती। आधुनिक जीवनशैली में शारीरिक गतिविधियों की कमी, असंतुलित आहार, धूम्रपान, शराब का सेवन, और अत्यधिक तनाव महिलाओं के स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव डाल रहे हैं। पहले के समय में महिलाएं अधिक शारीरिक श्रम करती थीं और उनका खान-पान भी पारंपरिक और पोषक तत्वों से भरपूर होता था, लेकिन आज की भागदौड़ भरी जिंदगी में यह सब धीरे-धीरे गायब होता जा रहा है। पैक्ड और प्रोसेस्ड फूड का बढ़ता सेवन, व्यायाम की कमी, और मानसिक तनाव ने महिलाओं में कैंसर के खतरे को कई गुना बढ़ा दिया है। एक और महत्त्वपूर्ण पहलू यह है कि महिलाओं में कैंसर के कई मामले अनुवांशिक और हार्मोनल असंतुलन से भी जुड़े होते हैं। स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा का कैंसर और अंडाशय (ओवेरियन) कैंसर मुख्य रूप से हार्मोनल परिवर्तन और अनुवांशिक प्रवृत्तियों के कारण होते हैं। महिलाओं में सबसे अधिक पाए जाने वाले कैंसर में स्तन कैंसर, गर्भाशय ग्रीवा (सर्वाइकल) कैंसर, फेफड़ों का कैंसर, अंडाशय (ओवेरियन) कैंसर और कोलोरेक्टल कैंसर शामिल हैं। ये पांच कैंसर भारत में महिलाओं की कैंसर मृत्यु दर का 44 फीसद हिस्सा बनाते हैं। स्तन कैंसर सबसे आम है और इसकी मृत्यु दर भी अधिक है, क्योंकि यह देर से पहचाना जाता है। इस गंभीर समस्या का समाधान केवल चिकित्सा उपचार तक सीमित नहीं हो सकता। इसके लिए व्यापक स्तर पर जागरूकता अभियान चलाने की जरूरत है, जिससे महिलाओं को समय पर जांच और इलाज कराने के लिए प्रेरित किया जा सके। महिलाओं को स्वयं अपनी सेहत को प्राथमिकता देने की मानसिकता विकसित करनी होगी। साथ ही, सरकार को भी इस दिशा में ठोस कदम उठाने होंगे। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता बढ़ाने के लिए मोबाइल हेल्थ वैन, निःशुल्क कैंसर जांच शिविर, और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने की आवश्यकता है।

भारत में कैंसर की रोकथाम और इलाज को प्रभावी बनाने के लिए सरकार को स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार करना होगा। सरकारी अस्पतालों में अत्याधुनिक जांच और उपचार सुविधाएं उपलब्ध कराई जानी चाहिए, ताकि आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग की महिलाएं भी समय पर इलाज करा सकें। इसके अलावा, एचपीवी वैक्सीन को राष्ट्रीय टीकाकरण कार्यक्रम में शामिल किया जाना चाहिए, ताकि गर्भाशय ग्रीवा के कैंसर को जड़ से खत्म किया जा सके। महिलाओं को स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना भी आवश्यक है। यह केवल एक चिकित्सा समस्या नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक मुद्दा भी है। इस चुनौती से निपटने के लिए सरकार, स्वास्थ्य संगठनों, समाज और स्वयं महिलाओं को मिलकर प्रयास करने होंगे। महिलाओं के जीवन को सुरक्षित और स्वस्थ बनाने के लिए हमें ठोस कदम उठाने होंगे, ताकि इस बीमारी को नियंत्रित किया जा सके और भारत को स्वस्थ राष्ट्र बनाया जा सके।




# कॅरियर में मददगार होंगे यह पॉइंट्स

**आप शिक्षा के जिस भी स्तर पर हैं, उसी अनुरूप आप अपने कॅरियर के चुनाव में विभिन्न उपायों को आजमा सकते हैं। मान लीजिये कि आप दसवीं में हैं, तो मंजिल के चुनाव के लिए आप अपने टीचर, पेरेंट्स की सहायता ले सकते हैं और जान सकते हैं कि कौन सा कॅरियर आपके लिए किस ढंग से लाभकारी होगा?**

यह एक जांचा परखा तथ्य है कि अगर किसी व्यक्ति ने अपने कॅरियर के शुरुआती दौर में ही सही फैसले लेकर उचित कॅरियर का चुनाव कर लिया, तो उसकी आगे की राह काफी आसान हो जाती है। कहते हैं दुनिया में हर व्यक्ति सफर करता है, किंतु मंजिल पर पहुंचते बहुत कम लोग हैं। आप कह सकते हैं कि सही मंजिल पर कैसे पहुंचा जाए, तो इसमें यही बात समझने योग्य है कि सही मंजिल पर पहुंचने के लिए मंजिल का चुनाव, उसकी पहचान जरूरी है।

## कॅरियर रुपी मंजिल का चुनाव कैसे करें?

क्या आप दसवीं में हैं? या फिर आप 12वीं में अथवा ग्रेजुएशन कर चुके हैं? आप शिक्षा के जिस भी स्तर पर हैं, उसी अनुरूप आप अपने कॅरियर के चुनाव में विभिन्न उपायों को आजमा सकते हैं। मान लीजिये कि आप दसवीं में हैं, तो मंजिल के चुनाव के लिए आप अपने टीचर, पेरेंट्स की सहायता ले सकते हैं और जान सकते हैं कि कौन सा कॅरियर आपके लिए किस ढंग से लाभकारी होगा? खासकर दसवीं के बाद आपको साइंस या आर्ट्स में से कोई एक स्ट्रीम चुननी होती है। इसी तरह से अगर आप 12वीं में हैं तो आप साइंस में भी मैथ्स या बायो लेकर चलना होता है अथवा आर्ट्स या कॉमर्स स्ट्रीम को लेकर पढ़ाई करना होता है। वस्तुत: यहां से कॅरियर एक दिशा ले लेता है कि आप किसी प्रोफेशनल कोर्स में जाना चाहते हैं या फिर एनडीए अथवा दूसरे कोर्स की तैयारी करना चाहते हैं। ग्रेजुएशन में तो आपकी समझ पूरी तरह से खुल चुकी होती है और आपको पूरी तरह से पता होता कि हकीकत में करना क्या है। बस कई लक्ष्यों के बीच में खुद को कंफ्यूज ना करें, क्योंकि कन्फ्यूजन आपको आपकी मंजिल से दूर कर देगा। ध्यान रखना चाहिए कि भेड़ चाल से बचना कैसे है और अपने लक्ष्य को पूरी तरह से अपने मन मस्तिष्क के अनुसार चुनना चाहिए। जब आप मंजिल को ठीक से पहचान लेते हैं तब आपका काम काफी आसान हो जाता है।

## जुट जाएँ मंजिल तक पहुंचने में

जब एक बार मंजिल की पहचान हो जाती है, फिर आप तब तक ना रूकें, जब तक मंजिल पर पहुंच ना जाएँ। ध्यान रखें, डॉक्टर अब्दुल कलाम कहते हैं कि बैठे रहने वालों को वही मिलता है जो कोशिश करने वाले छोड़ देते हैं। अगर अपनी मंजिल को आपने पहचान लिया है तो आपको तेजी से और मजबूत कदमों से उस और बढ़ने की आवश्यकता होती है। इसके लिए न केवल ट्रेडिशनल कोर्सेज करें, बल्कि ऑनलाइन की दुनिया से अपने आपको लगातार अपडेट करें। केवल इतना ही पर्याप्त नहीं है कि आपने किसी यूनिवर्सिटी के डिग्री कोर्स में प्रवेश ले लिया है, बल्कि अपनी स्किल को निखारने के लिए आपको ऑनलाइन एजुकेशन, कोर्सेज के माध्यम से तमाम स्किल विकसित करनी होगी। इसके लिए कई फ्री तो कई पेड कोर्सेज उपलब्ध हैं, जिसे आप अपनी रूचि के अनुसार चुन सकते हैं। सबसे इंपोर्टेंट है खुद को लगातार अपग्रेड करना चाहिए। हालांकि रेगुलर पढ़ाई की महत्ता से इनकार नहीं किया जा सकता और इसके लिए आपको बेहतर से बेहतर संस्थान का चुनाव करना चाहिए और उसके प्लेसमेंट रिकॉर्ड को भी अपनी नजर में रखना चाहिए।

## इनोवेशन को अहमियत दें

जापान के बारे में हम आप बचपन से सुनते आए हैं कि वहां बच्चे पढ़ाई के दिनों से ही प्रायोगिक चीजों में रूचि लेने लगते हैं और दसवीं तक आते आते तो घड़ी, दूसरी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस इत्यादि विकसित करने लगते हैं। भारत में अभी इस तरह का माहौल पूरी तरह से विकसित नहीं हुआ है, किंतु एक सच यह भी है कि भारत में ही कई सारे छोटे बच्चे कोडिंग के माध्यम से तमाम प्रोग्राम लिखते हैं, तो कई अपनी क्रिएटिव थॉट से वीडियो एडिटिंग, फोटोग्राफी, राइटिंग जैसे महत्वपूर्ण कार्य करते हैं। ऐसे कई यूट्यूब चैनल आप देखते ही होंगे, जिसमें छोटे-छोटे बच्चों ने कितना कमाल किया है। तो आप भी अपने स्तर पर कुछ इनोवेटिव कर सकते हैं। इसकी अपॉर्चुनिटी ढूंढें और हां इसका इंतजार ना करें कि अब अमुक पढ़ाई करने के बाद आपको नौकरी मिलेगी तो आप अपने कॅरियर को सेट करेंगे। इसकी बजाय पढ़ाई के कोर्सेज के दौरान ही आप खुद को स्टेबल करने की कोशिश करें। आप एक एंटरप्रेन्योरशिप माइंडसेट के साथ काम करेंगे, तो भविष्य में आपके लिए यह काफी अच्छा रहेगा। आप जॉब करें या फिर अपना बिजनेस करें, एंटरप्रेन्योरशिप माइंडसेट से आप खुद को सफल इंसान बनाने की दिशा में आगे बढ़ा सकते हैं।

## भटकाव से बचें

आज के समय में तमाम एक्सपर्ट और रिसर्च इस बात के प्रति जागरूक करते हैं कि ऑनलाइन दुनिया में आपका समय बहुत खराब होता है। छोटे-छोटे बच्चे यूट्यूब और दूसरी ऑनलाइन साइट्स पर, गेम्स पर अपने जीवन का कीमती समय नष्ट करते हैं। यह धीरे-धीरे उनकी आदत बन जाती है और जो इंटरनेट अच्छी जानकारियों का सोर्स हो सकता है, उसे वह समय नुकसान करने का माध्यम बना लेते हैं। ना केवल बच्चे, बल्कि युवा भी इस पर अपना अच्छा खासा समय बर्बाद करते हैं, तो यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि आज के समय में समय बर्बाद करने का सबसे महत्वपूर्ण साधन भी इंटरनेट ही बन गया है। इसके लिए आप अतिरिक्त सावधानी बरतेंगे तो आपका कॅरियर सही दिशा में अवश्य ही आगे बढ़ेगा। पहले समय पास करने का काम नालायक दोस्त किया करते थे, लेकिन कइयों की लाइफ में अब यह स्थान इंटरनेट में ले लिया है। हालाँकि, कई लोग इंटरनेट को 'सच्चा दोस्त' बनाकर अपनी जिन्दगी में बड़े बड़े मुकाम इसी की सहायता से प्राप्त कर रहे हैं, इसीलिए इस के सकारात्मक पक्ष पर फोकस करें और भटकाव से बचने के लिए इंटरनेट पर पर अतिरिक्त सावधानी बरतने की जरूरत है।

### रिव्यू और इम्प्रूवमेंट करना जरूरी है

अपनी यात्रा और अपनी अब तक की जिंदगी का रिव्यू अवश्य करें। अब तक आपने क्या किया है। अब तक कौन से अच्छे कार्य किए हैं, कौन सी छोटी गलतियां की हैं, तो कौन सी बड़ी मिस्टेक्स की हैं, इसका विचार करें। जितना अधिक आप खुद की एनालिसिस करेंगे, सार्थक दिशा में बढ़ने की संभावना भी उतनी ही अधिक बढ़ेगी। सच कहा जाए तो रिव्यू करना किसी परीक्षा की तरह होता है, जो एक परीक्षार्थी को बतलाता है कि उसका जीवन किस रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। जैसे आज की दुनिया में किसी प्रोडक्ट का रिव्यू किया जाता है, वैसे ही खुद का रिव्यू करने से ना चूकिए। कैरियर चूज करने में, प्रोफेशनल लाइफ में, पर्सनल लाइफ में, सोशल रिलेशंस में, फैमिली रिलेशंस में आप किस ढंग से चलते हैं, इस पर सार्थक मन से अवश्य विचार करें और जो भी आपकी उलझन होती है उन उलझनों को खुद सुलझाने की कोशिश करें। अगर किसी मोड़ पर आपको लगता है कि कॅरियर चुनने में कोई गलती हुई है तो रिव्यु से वह पकड़ में आ जाएगी। पुराने गलत निर्णय को झेलने की बजाय, ठोस आधार होने पर, अपने निर्णय में समय रहते तब्दीली लाई जा सकती है।





# ब्लॉकचेन डेवलपर कैसे बनें, जानिये इसके प्रकार भूमिकाएं और कौशल

**ब्लॉकचेन तकनीक सुरक्षा को बढ़ाती है और सूचना के आदान-प्रदान को इस तरह से गति देती है जो लागत प्रभावी और अधिक पारदर्शी होता है। ब्लॉकचेन के महत्व ने विभिन्न क्षेत्रों में संगठनों का ध्यान आकर्षित किया है जिसमें बैंकिंग क्षेत्र सबसे अधिक सक्रिय है।**

## ब्लॉकचेन क्या होता है?

ब्लॉकचेन एक विकेन्द्रीकृत डिजिटल लेजर होता है जो दुनिया भर के हजारों कंप्यूटरों पर लेनदेन को सेव करता है। ब्लॉकचेन तकनीक सुरक्षा को बढ़ाती है और सूचना के आदान-प्रदान को इस तरह से गति देती है जो लागत प्रभावी और अधिक पारदर्शी होता है। ब्लॉकचेन के महत्व ने विभिन्न क्षेत्रों में संगठनों का ध्यान आकर्षित किया है जिसमें बैंकिंग क्षेत्र सबसे अधिक सक्रिय है। ब्लॉकचेन के परिणामस्वरूप हजारों नई नौकरी की स्थिति और मोबाइल भुगतान समाधान से लेकर स्वास्थ्य देखभाल अनुप्रयोगों तक के नए स्टार्टअप का विकास हुआ है। वास्तव में ब्लॉकचैन आईटी दुनिया के वर्तमान परिदृश्य में शीर्ष उभरते प्रौद्योगिकी डोमेन में से एक है। ब्लॉकचेन प्रौद्योगिकी का वैश्विक बाजार वर्ष 2025 तक लगभग 20 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद है। सैमसंग, आईबीएम, कैपजेमिनी जैसे विभिन्न आईटी जायंट हैं जो ब्लॉकचैन पेशेवरों के लिए शानदार कैरियर के अवसर प्रदान कर रही हैं और आप एक सार्थक और सफल कॅरियर बनाने के लिए ब्लॉकचेन डेवलपर बनने पर विचार कर सकते हैं।

## ब्लॉकचेन डेवलपर कौन होता है?

ब्लॉकचेन डेवलपर्स वे तकनीकी पेशेवर होते हैं जो ब्लॉकचेन तकनीक पर काम करते हैं और संबंधित कार्यों के लिए जिम्मेदार होते हैं, जैसे कि ब्लॉकचेन प्रोटोकॉल को डिजाइन करना, स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट बनाना आदि। एक ब्लॉकचेन डेवलपर के पास ब्लॉकचेन के साथ-साथ ब्लॉकचेन आर्किटेक्चर और प्रोटोकॉल के आधार पर स्मार्ट अनुबंधों को विकसित और अनुकूलित करने के लिए ज्ञान और कौशल का एक सेट होता है। वे 3डी मॉडलिंग, 3डी डिजाइन, 3डी सामग्री विकास को भी डील करते हैं जैसे कि गेम डेवलपमेंट में होता है। ब्लॉकचैन डेवलपर्स को मुख्य रूप से दो प्रकारों में बांटा जा सकता है - ब्लॉकचेन सॉफ्टवेयर डेवलपर और कोर ब्लॉकचेन डेवलपर।

### ब्लॉकचेन सॉफ्टवेयर डेवलपर्स

ब्लॉकचेन सॉफ्टवेयर डेवलपर्स कोर डेवलपर द्वारा योजना के अनुसार डिजाइन का विकास और कार्यान्वयन करते हैं, जैसे -

- वे डीएपी विकसित करते हैं।
- वे कोर डेवलपर्स द्वारा डिजाइन के अनुसार स्मार्ट अनुबंध लागू करते हैं।
- वे सुनिश्चित करते हैं कि डीएपी योजना के अनुसार चले।
- अन्य सेवाओं और ऐप्स के साथ ब्लॉकचेन नेटवर्क के एकीकरण पर रिसर्च और देखभाल।

### कोर ब्लॉकचेन डेवलपर्स

कोर ब्लॉकचेन डेवलपर्स आर्किटेक्चर के विकास और अनुकूलन के लिए जिम्मेदार होते हैं। डेवलपर ब्लॉकचेन समाधान का समर्थन करने वाले प्रोटोकॉल को डिजाइन, विकसित और अनुकूलित करता है। एक अच्छा उदाहरण कंसेंसस प्रोटोकॉल है जो परिभाषित करता है कि ब्लॉकचेन और संसाधनों का उपयोग करने वाले सदस्य कैसे इन संसाधनों को साझा करने और उपयोग करने पर सहमत होते हैं।

- कोर ब्लॉकचेन डेवलपर्स ब्लॉकचेन की कार्यक्षमता और विशेषताओं को लागू करते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि वे इच्छित कार्य करें।
- वे नेटवर्क की सुरक्षा को डिजाइन और कार्यान्वित करते हैं।
- वे सुनिश्चित करते हैं कि नेटवर्क चालू है।
- वे अन्य सेवाओं के साथ ब्लॉकचेन नेटवर्क के एकीकरण की योजना, डिजाइन और कार्यान्वयन करते हैं।
- वे एक ब्लॉकचेन नेटवर्क की सुविधाओं और कार्यक्षमता का विस्तार करने की योजना बनाते हैं।

## आवश्यक तकनीकी कौशल

सबसे पहले और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि आपके पास कंप्यूटर साइंस / इनफार्मेशन टेक्नोलॉजी क्षेत्र में ऐकडेमिक बैकग्राउंड चाहिए। आप किसी विशेष स्ट्रीम में स्नातक या मास्टर डिग्री हासिल करने का विकल्प चुन सकते हैं। हालांकि ब्लॉकचेन डेवलपर बनने के लिए किसी विशिष्ट शैक्षणिक पृष्ठभूमि का होना अनिवार्य नहीं है, लेकिन यह आपको बुनियादी बातों को समझने में मदद करेगा और ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी को प्रभावी ढंग से सीखने के लिए आपकी फाउंडेशन रखेगा। डिग्री प्रोग्राम्स के अलावा आप विशेष तकनीक में अधिक अनुभव प्राप्त करने के लिए कई प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विकल्प चुन सकते हैं। ब्लॉकचेन प्रोफेशनल बनने का कॅरियर इतना आसान नहीं होता है, इसके लिए आपको बहुत डेडिकेशन, कड़ी मेहनत और कंसिस्टेंसी की आवश्यकता होती है। लेकिन आज ब्लॉकचेन टेक्नोलॉजी के तेजी से विकास को देखते हुए ब्लॉकचेन डेवलपर्स के कॅरियर का दायरा बहुत ही शानदार और उज्ज्वल होता जा रहा है।

## प्रमुख स्किल्स

### ब्लॉकचेन आर्किटेक्चर को समझना

यह समझना सुनिश्चित करें कि ब्लॉकचेन क्या है, जैसे कि उन्नत ब्लॉकचेन सुरक्षा, ब्लॉकचेन एप्लिकेशन, ब्लॉकचेन एकीकरण और ब्लॉकचेन के फायदे और सीमाएं और साथ ही इनकी चुनौतियां। ब्लॉकचेन डेवलपर्स को ब्लॉकचेन सर्वसम्मति, हैश फंक्शन और वितरित लेजर तकनीक को समझने की आवश्यकता होती है। व्हाइट पेपर ब्लॉकचेन की वास्तुकला और कार्यप्रणाली को परिभाषित करता है। उन्हें विभिन्न ब्लॉकचेन और उनके कामकाज को समझने की जरूरत होती है जिनमें एथेरियम, बिटकॉइन, नियो और हाइपरलेगर सबसे महत्वपूर्ण हैं।

### डेटा स्ट्रक्चर और डेटाबेस

एक डेवलपर को ब्लॉकचेन नेटवर्क को आवश्यकता के अनुसार उचित रूप से कॉन्फिगर करना चाहिए और इसलिए टारगेट नेटवर्क के लिए विभिन्न और इस प्रकार सर्वश्रेष्ठ डेटाबेस और डेटा संरचनाओं को समझना चाहिए।

### स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट डेवलपमेंट

एक डेवलपर को स्मार्ट अनुबंधों के प्रकार और उन्हें विकसित करने के तरीके को समझना चाहिए।

### विकेंद्रीकरण को समझना

जैसा कि ब्लॉकचेन और विकेंद्रीकृत अनुप्रयोगों में लागू होता है। इन डीएपी को विभिन्न प्रोटोकॉल और प्रक्रियाओं का उपयोग करके विभिन्न ब्लॉकचेन प्लेटफॉर्म पर बनाया जा सकता है।

### क्रिप्टोग्राफी को समझना

क्रिप्टोग्राफी और डिजिटल लेजर ब्लॉकचेन के कामकाज का आधार होते हैं। डेवलपर को यह समझना चाहिए कि क्रिप्टोग्राफी क्या होती है, क्रिप्टोग्राफी में लागू होने वाले एल्गोरिदम और कौन से एल्गोरिदम किस प्रकार के ब्लॉकचेन नेटवर्क के लिए सबसे अच्छा काम करते हैं। उन्हें पता होना चाहिए कि ये एल्गोरिदम कैसे विकसित किए जाते हैं।

### क्रिप्टोनॉमिक्स को समझना

यह समझना जरूरी है कि क्रिप्टोकरेंसी में ब्लॉकचेन पर कैसे कोडित किया जाता है। ब्लॉकचेन डेवलपर प्रशिक्षण और पाठ्यक्रम गेम थ्योरी, मॉडलिंग क्रिप्टोनॉमिक्स के लिए गणितीय ढांचे और मॉडलिंग में शामिल मुश्किलों को सिखा सकते हैं। उन्हें यह भी समझना चाहिए कि क्रिप्टोनॉमिक्स और संबंधित मौद्रिक नीतियों को प्रभावित करने वाले फैक्टर्स कौन कौन से हैं।

### कंप्यूटर कोडिंग

कंप्यूटर प्रोग्रामिंग किसी भी उन्नत और प्रभावी विकेन्द्रीकृत ऐप या डीएपी के विकास के लिए आवश्यक होता है, हालांकि कुछ मामलों में आप इस कौशल के बिना शुरुआती डीएपी विकसित करने में सक्षम हो सकते हैं। अधिकांश ब्लॉकचेन डेवलपर्स प्रोग्रामिंग लैंग्वेज या कोडिंग सीखकर इसे शुरू करते हैं और फिर ब्लॉकचेन विकास में विशेषज्ञता के लिए इसका इस्तेमाल करते हैं। अधिकांश ब्लॉकचेन डेवलपमेंट के लिए मेनस्ट्रीम की प्रोग्रामिंग या कोडिंग भाषाओं की आवश्यकता होती है, लेकिन कुछ ब्लॉकचेन जैसे एरेम को एक विशिष्ट कोडिंग भाषा में ज्ञान की आवश्यकता होती है जिस पर वे कुछ भी डेवेलप करने के लिए आधारित होते हैं।





# कैसे बनें वॉयस ओवरआर्टिस्ट

**वॉयस-ओवर, जिसे ऑफ-कैमरा या ऑफ-स्टेज कमेंट्री के रूप में भी जाना जाता है, एक उत्पादन तकनीक है, जहां एक आवाज- जो कि कहानी का हिस्सा नहीं है- एक रेडियो, टेलीविजन उत्पादन, फिल्म निर्माण, थिएटर या फिर किसी और प्रेजेंटेशन में उपयोग किया जाता है।**

क्या आपकी आवाज मधुर और प्रभावशाली है? क्या आपको अपनी आवाज से प्यार है? यदि हाँ, तो आप नि:सन्देह वॉयस-ओवर फील्ड में अपना कॅरियर आजमा सकते हैं और वॉयस-ओवर-आर्टिस्ट होकर कुछ बड़ा पैसा कमाने के लिए इसका इस्तेमाल कर सकते हैं। तो आइये इसके बारे में कुछ महत्वपूर्ण जानकारी हासिल करते हैं।

## वॉयस-ओवर क्या है?

वॉयस-ओवर, जिसे ऑफ-कैमरा या ऑफ-स्टेज कमेंट्री के रूप में भी जाना जाता है, एक उत्पादन तकनीक है, जहां एक आवाज- जो कि कहानी का हिस्सा नहीं है- एक रेडियो, टेलीविजन उत्पादन, फिल्म निर्माण, थिएटर या फिर किसी और प्रेजेंटेशन में उपयोग किया जाता है। वॉयस-ओवर प्राय: किसी मौजूदा संवाद के अलावा जोड़ा जाता है। यह पेशेवर ऑडियो के एक भाग के रूप में आवाज प्रदान करने के लिए उपयोग में लाया जाता है। यह गेमिंग, वीडियो, कार्टून, विज्ञापनों आदि के लिए इस्तेमाल किया जाता है। तकनीकी रूप से कहा जाए तो वॉइस-ओवर-आर्टिस्ट की मुख्य जिम्मेदारी लिखित शब्द को ऑडियो या वॉइस में बदलना है। इसके लिए बोलने और संवाद की कला प्रमुख है।

## वॉयस-ओवर आर्टिस्ट कौन होते हैं?

हम पूरे दिन आवाजें सुनते हैं, चाहे वह मेट्रो रेल घोषणाएं हों, विज्ञापन अभियान हो या रेडियो सुन रहे हों या फिर फोन पर हेल्पलाइन पर कॉल करते समय हो। लेकिन क्या आपने नोटिस किया है कि ये शांत और सुरीली आवाज किसकी है? वे वॉइस-ओवर-आर्टिस्ट हैं। वॉयस-ओवर कलाकार एनिमेटेड फिल्मों, वृत्तचित्रों और टेलीविजन शो के लिए आवाज प्रदान करते हैं और टेलीविजन और रेडियो विज्ञापनों में वॉयस-ओवर करते हैं। वॉयस-ओवर कलाकार एनिमेटेड पात्रों के लिए आवाजें प्रदान करते हैं, जिनमें फीचर फिल्में, टेलीविजन कार्यक्रम, एनिमेटेड लघु फिल्में और वीडियो गेम शामिल हैं। ये ऐसे लोग हैं जो अपने दैनिक जीवन में एक बदलाव लाने के लिए अपनी मेहनत और प्रयास इन आवाजों को दर्ज करने के लिए करते हैं। जिस डिजिटल समय में हम रहते हैं, उसमें वॉयस-ओवर कलाकारों का महत्व और प्रभुत्व बढ़ रहा है। इसमें कोई आश्चर्य नहीं है कि आजकल वॉइस-ओवर-कलाकार के रूप में कॅरियर को युवाओं के लिए एक शानदार विकल्प माना जाता है।

सामान्यतया, वॉयस-ओवर आर्टिस्ट बनने के लिए अच्छी आवाज ही एकमात्र पात्रता मानदंड होता है। हालांकि, यह बहुत आसान लग सकता है, लेकिन जब यह वास्तव में एक वीडियो या एक चरित्र के लिए वॉइस-ओवर करने की बात आती है, तो कई चीजें हैं जो सामने आती हैं। लेकिन, मुख्य रूप से एक अच्छी आवाज और विभिन्न प्रकार के वॉयस मॉड्यूलेशन पर नियंत्रण वॉयस-ओवर आर्टिस्ट बनने के लिए प्राथमिक आवश्यकताएं होती हैं। साथ ही साथ आपको भाषा और व्याकरण का अच्छा ज्ञान होना चाहिए और उच्चारण पर उचित नियंत्रण। इसके लिए आप कुछ अभिनय पाठ्यक्रम का चुनाव कर सकते हैं, जहाँ से आपको एक अभिनय की डिग्री प्राप्त हो सके, क्योंकि वॉइस-ओवर काम का एक बड़ा हिस्सा अनिवार्य रूप से अभिनय कार्य ही है।

## वॉयस-ओवर-आर्टिस्ट बनने के लिए टॉप कॉलेज और पाठ्यक्रम

नए जमाने के कॅरियर विकल्प के रूप में, जो अब भी धीरे-धीरे बढ़ रहा है, कोई स्थापित कॉलेज तो नहीं हैं जो वॉइस-ओवर-कलाकारों के लिए प्रशिक्षण प्रदान करते हैं। लेकिन, पिछले कुछ वर्षों में कई निजी संस्थानों ने वॉइस-कोचिंग पाठ्यक्रम पेश करना शुरू कर दिया है, जो छात्रों को मूल बातें सीखने में मदद करते हैं। उनमें से कुछ हैं:

- इंडियन वॉयस ओवर, मुंबई
- फिलमिट अकादमी, मुंबई
- वॉयस बाजार, मुंबई

इसके अलावा, कई स्थापित वॉयस-ओवर-कलाकारों ने भी इसके लिए अपने स्वयं के ट्रेनिंग क्लासेज शुरू किए हैं। आप गूगल सर्च के द्वारा अपने इलाके में ऐसे संस्थानों की पहचान कर सकते हैं।

## वॉयस-ओवर-आर्टिस्ट के लिए सबसे लोकप्रिय कॅरियर

विकास क्षमता और विभिन्न पहलुओं को देखते हुए, आजकल हम देख रहे हैं कि मनोरंजन, विज्ञापन, कॉर्पोरेट, ई-लर्निंग, एनीमेशन, प्रशिक्षण, विपणन, शिक्षा, रेडियो और अन्य कार्यक्षेत्रों में आत्मविश्वास से भरी और समृद्ध आवाजों के साथ वॉयस-ओवर कलाकारों की मांग बढ़ रही है। इसके अलावा, उन्नत प्रौद्योगिकी ने वीडियोगेम, ऐप, जीपीएस, टेक्स्ट टू स्पीच, इंटरनेट जैसे कई क्षेत्रों में इनकी मांग को और अधिक बढ़ा दिया है। अपेक्षाकृत अज्ञात कॅरियर विकल्प होने के बावजूद, वॉयस-ओवर-कलाकारों को दी जाने वाली भूमिकाएं और जिम्मेदारियां भिन्न भिन्न हैं। यह वीडियो के लिए बुनियादी वॉइस-ओवर गतिविधियों से शुरू होता है या रेडियो जिंगल्स के लिए आपकी आवाज की पेशकश करता है। एक बार सफल और स्थापित होने के बाद आप फिल्मों और टीवी शो या कार्टून शो के लिए डबिंग जैसे उच्च मूल्य वाले प्रोजेक्ट भी ले सकते हैं। एक पेशेवर कॅरियर विकल्प होने के नाते वॉयस-ओवर कलाकार बाजार में एक सम्मानजनक पारिश्रमिक प्राप्त करते हैं। अपेक्षाकृत नया डोमेन और एक छोटा उद्योग होने के नाते, गुणवत्ता वाले वॉयस-ओवर-कलाकारों की मांग बहुत अच्छी है और इसलिए भुगतान भी काफी अच्छा है।

# क्या दक्षिण भारत से होगा बीजेपी का नया अध्यक्ष? इन नामों को लेकर अटकलों का दौर जारी

### –दोनों की कीमत और मेंटेनेंस भी काफी कम, क्षमताएं भी एडवांस

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी को होली के बाद और 21 मार्च से पहले किसी भी समय अपना अगला राष्ट्रीय अध्यक्ष मिलने की संभावना है। इसको लेकर लगातार चर्चाओं का दौर जारी है। माना जाता है कि 21 से 23 मार्च तक बैंगलोर में होने वाली राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक से पहले भाजपा को अपना नया राष्ट्रीय अध्यक्ष मिल जाएगा। हालांकि, भाजपा का नया अध्यक्ष कौन होगा, इसपर फैसला अब तक नहीं हो सका है। हालांकि, कई नामों को लेकर अटकलों का दौर जारी है।

दिल्ली विधानसभा चुनाव में जीत के बाद राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव के लिए पार्टी संविधान के तहत 50 फीसदी राज्यों में संगठन चुनाव को लेकर भाजपा नए सिरे से सक्रिय हो गई है। चयनित राज्यों को 14 मार्च तक संगठन चुनाव कराने का निर्देश दिया गया है। अब तक, पार्टी 50 प्रतिशत की कसौटी पर खरा उतरने के लिए आवश्यक 18 राज्यों में से केवल 12 में ही संगठनात्मक चुनाव करा पाई है। बीजेपी के एक सूत्र की मानें तो अगले कुछ दिनों में पार्टी बाकी छह राज्यों में अपने संगठनात्मक चुनाव संपन्न कराने के लिए कड़ी मेहनत करेगी।



आने वाले वर्षों में भाजपा का मुख्य फोकस दक्षिण पर होगा, इसलिए संभावना है कि अगला भाजपा अध्यक्ष विंध्य के दक्षिण से आएगा। केंद्रीय कोयला और खान मंत्री जी किशन रेड्डी, जो आंध्र प्रदेश के भाजपा अध्यक्ष भी थे, का नाम चर्चा में है। संयोग से, वह उस राज्य से आते हैं जिसने बंगारू लक्ष्मण को जन्म दिया, जो आगे चलकर भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। एक और नाम जो दक्षिण से चर्चा में है वह आंध्र प्रदेश से भी है - दग्गुबाती पुरंदेश्वरी, जो वर्तमान में एनडीए शासित राज्य में भाजपा प्रमुख हैं।

बीजेपी महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष और कोयंबटूर से विधायक वनाथी श्रीनिवासन की भी चर्चा हो रही है। हालाँकि, पिछले साल की शुरुआत से, धर्मेंद्र प्रधान, विनोद तावड़े और भूपेन्द्र यादव का नाम लगातार उनकी संगठनात्मक क्षमता और टीम वर्क मानसिकता के कारण संभावितों में शामिल हो रहा है। जब उनसे अगले संभावित बीजेपी अध्यक्ष के बारे में पूछा गया तो बीजेपी सूत्र ने हंसते हुए कहा, 'हम भी उतना ही जानते हैं जितना आप अगले बीजेपी अध्यक्ष के बारे में जानते हैं। दरअसल, हम नए नामों के बारे में जानने के लिए टीवी या वेबसाइट देखते हैं।'

# किसान चंडीगढ़ कूच करते उसके पहले ही पुलिस ने कर दिया बड़ा एक्शन, कई नेता हिरासत में

टांडा (एजेंसी)। पंजाब में संयुक्त किसान मोर्चा द्वारा 5 मार्च को चंडीगढ़ में धरना प्रदर्शन के ऐलान के बाद पुलिस एक्शन में आ गई है। इसके चलते पुलिस ने अनेक किसान नेताओं के घरों पर छापेमारी कर उन्हें हिरासत में ले लिया। जानकारी अनुसार किसान नेता बलबीर सिंह राजेवाल को रात करीब 2:30 बजे हिरासत में लिया गया है। प्रदेश अध्यक्ष जंगवीर सिंह चौहान को टांडा पुलिस ने सुबह 4 बजे उनके गांव रसूलपुर से हिरासत में लिया। बीकेयू कादियां के जिला लुधियाना अध्यक्ष हरदीप सिंह ग्यासपुरा, मोहन सिंह संधेर, और बलबीर सिंह खीरनिया को भी हिरासत में लिया गया। समराला विधानसभा क्षेत्र में करीब एक दर्जन जगहों पर छापेमारी कर कई अन्य किसान नेताओं को भी हिरासत में लिया गया। गौरतलब है कि सीएम भगवंत मान और किसान नेताओं के बीच चली बैठक बेनतीजा रही है। चंडीगढ़ कूच से पहले किसान संगठनों और पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के बीच बातचीत हुई थी, लेकिन बैठक विवादों में घिर गई। सीएम भगवंत मान ने किसानों से चक्का जाम और आंदोलन न करने की अपील की, लेकिन किसानों ने इस प्रस्ताव को खारिज कर दिया, जिससे सीएम बीच में ही बैठक छोड़कर चले गए। इस बैठक के बाद सीएम भगवंत मान ने एक्स पर लिखा– सड़कों और रेल को रोकना किसी समस्या का हल नहीं है। इससे आम जनता को परेशानी होती है और कारोबार प्रभावित होता है।

# यूपी में सपा नेता की गला रेत कर हत्या, गांव में तनाव के चलते पुलिस बल तैनात

जौनपुर (एजेंसी)। यूपी के जौनपुर में बाइक सवार बदमाशों ने धारदार हथियार से सोमवार देर रात समाजवादी पार्टी नेता की गला काट कर हत्या कर दी। उनका शव परियावा गांव में टेलीफोन एक्सचेंज के पास सड़क किनारे मिला। हत्या के बाद वहां लोगों में आक्रोश फैल गया। हत्या की जानकारी मिलते ही एसपी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। तनाव को देखते हुए गांव में फोर्स तैनात कर दी गई है। जानकारी के मुताबिक लाइन बाजार थाना क्षेत्र परियावां गांव के रहने वाले राजेश यादव नाटे सक्रिय सपा कार्यकर्ता थे। वह बूथ अध्यक्ष थे। सोमवार देर रात उनका शव गांव के ही टेलीफोन एक्सचेंज के पास सड़क किनारे मिला। उनका गला काटकर हत्या की गइ थी। किसी ने सपा नेता का शव देखा तो शोर मचाया। सपा नेता का शव मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। लोगों ने पुलिस और परिजनों को सूचना दी। पुलिस को लोगों से पूछताछ चुनावी रंजिश और वर्चस्व में हत्या किए जाने की बात सामने आई है। परिजन की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। सपा नेता की हत्या की सूचना मिलते ही सपा जिलाध्यक्ष राकेश मौर्या मौके पर पहुंचे और मीडिया से बातचीत में कहा कि मृतक राजेश यादव हमारे पार्टी का बूथ अध्यक्ष थे, जो रात में बाजार से घर लौट रहे थे। रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे बाइक सवार बदमाशों ने राजेश यादव की हत्या कर फरार हो गए। वहीं कानून व्यवस्था पर भी सपा जिलाध्यक्ष राकेश ने सवाल उठाए हैं। एसपी भारी पुलिस बल के साथ मौके पर घटनास्थल का जायजा लेने पहुंचे। उन्होंने बताया कि हत्या की जांच शुरू कर दी गई है और टीम गठित की गई है। जल्द ही आरोपियों की गिरफ्तारी हो जाएगी।

# ओडिशा हाईकोर्ट ने 13 साल की रेप पीड़ित को गर्भपात की अनुमति दी

कटक (एजेंसी)। ओडिशा हाईकोर्ट ने 6 माह (27 हफ्ते) की गर्भवती 13 साल की रेप पीड़ित को गर्भपात (अबॉर्शन) की अनुमति दी है। पीड़िता सिकल सेल एनीमिया और मिर्गी से पीड़ित है। कोर्ट ने माना कि प्रेग्नेंसी से बच्ची के जीवन और सेहत को गंभीर खतरा है। बीमारियों की वजह से बच्चे को जन्म देना उसके लिए बहुत खतरनाक हो सकता था। कंधमाल निवासी पीड़ित अनुसूचित जाति (एससी) से है। पिछले साल एक लड़के ने उसके साथ कई बार रेप कर जान से मरने की धमकी दी। इस डर से बच्ची ने घर पर कुछ नहीं बताया। जब बच्ची की तबीयत बिगड़ने लगी, तब मां डॉक्टर के पास ले गई। इसके बाद रेप का मामला सामने आया। 11 फरवरी को पीड़ित के माता–पिता ने एफआईआर दर्ज करवाई। बच्ची की मेडिकल जांच हुई। जांच में प्रेग्नेंसी सामने आई। इसके बाद मामला उड़ीसा हाईकोर्ट पहुंचा, जहां बच्ची के पिता ने गर्भपात की इजाजत मांगी। इसके बाद कोर्ट ने मेडिकल कॉलेज को मेडिकल बोर्ड बनाने का आदेश दिया था। बोर्ड ने कोर्ट को बताया कि प्रेग्नेंसी से बच्ची के फिजिकल और मेंटल हेल्थ को गंभीर खतरा होगा। रिपोर्ट के बाद राज्य सरकार ने याचिका पर कोई आपत्ति नहीं जाहिर की।

# मार्च में ही गर्मी दिखाने लगी असर, कई जिलों में पारा 35 से 38 डिग्री पार

### -होली पर गर्म हवाएं चलने का मौसम विभाग ने जारी किया अलर्ट

नई दिल्ली (एजेंसी)। इस बार मार्च में तेज गर्मी झेलनी पड़ सकती है। सर्दी के मौसम में तुलनात्मक रूप से बारिश कम हुई है। इसके असर से तापमान में बढ़त देखने को मिल रही है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि इस बार मार्च में कई जिलों में तापमान 35 से 38 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है। आगरा गर्म रहने वालों जिलों में से एक है। बुधवार से यहां दिन में तेज हवाएं चलेंगी। इस बार मार्च से मई के बीच अधिकतम और न्यूनतम तापमान के सामान्य से अधिक रहने के संकेत हैं, बल्कि हीटवेव में भी इजाफा हो सकता है। होली पर भी लू चल सकती है। सर्दियों में पश्चिमी विक्षोभों की सक्रियता में कमी रही। यही कारण है कि सामान्य से 88 फीसदी कम बारिश दर्ज की गई है। इससे फरवरी का अंत असामान्य रूप से गर्म रहा है। इन गर्मियों में भी पश्चिमी विक्षोभों की सक्रियता में कमी रहने का अनुमान है। प्रशांत महासागर में कमजोर ला–नीना परिस्थितियों के आगामी सीजन के दौरान तटस्थ नीनो परिस्थितियों में संभावित परिवर्तन के आसार हैं। मौसम विभाग की मानें तो बुधवार और गुरुवार को आगरा में तेज सतही हवाएं चलेंगी। इन दोनों दिनों में दिन का तापमान 30 डिग्री सेल्सियस से ज्यादा हो सकता है। मौसम विभाग के मुताबिक आगरा में दिन का तापमान 31.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। ये सामान्य से 3.7 डिग्री सेल्सियस ज्यादा है। न्यूनतम तामपान 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। ये सामान्य से 3.8 डिग्री सेल्सियस कम है। हवा में आर्द्रता 75 फीसदी रही है। चिकित्सकों के मुताबिक स्वास्थ्य के प्रति सावधानी जरूरी है।

# पाकिस्तानी लड़की ने की सीआरपीएफ जवान से शादी, 15 दिन के वीजा पर आई भारत

जम्मू (एजेंसी)। जम्मू के भलवाल गांव में एक अनोखी प्रेम कहानी सामने आई है। सीआरपीएफ जवान मुनीर अहमद ने पाकिस्तानी दुल्हन मनेल खान से शादी की है। मनेल 15 दिन के वीजा पर भारत आई हैं। ये शादी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए हुई थी। भारत–पाकिस्तान के तनावपूर्ण रिश्तों के बीच यह शादी चर्चा का विषय बन गई है। मुनीर अहमद सीआरपीएफ में जवान हैं और शिव खोरी, रियासी जिले, जम्मू–कश्मीर में तैनात हैं। उनकी दुल्हन मनेल खान पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के गुजरांवाला इलाके के मोहम्मद असगर खान की बेटी हैं। 24 मई 2024 को दोनों ने अनोखे अंदाज में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए शादी की थी, क्योंकि वीजा मिलने में दिक्कत थी। शादी के बाद मनेल को 15 दिन का वीजा मिला। इसके बाद वह अटारी–वाघा बॉर्डर के रास्ते भारत आईं हैं। ससुराल वालों ने उनका परंपरागत तरीके से स्वागत किया। मनेल के आने की खबर सुनकर गांव वाले भी उन्हें देखने के लिए उमड़ पड़े।

# नेतृत्व परिवर्तन की अटकलों के बीच मल्लिकार्जुन खड़गे से मिले डीके शिवकुमार



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** कर्नाटक के नेतृत्व पर नए सिरे से चर्चा के बीच कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने आज कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे से मुलाकात की। यह बैठक वरिष्ठ कांग्रेस नेता वीरप्पा मोइली द्वारा मुख्यमंत्री पद के लिए शिवकुमार का पुरजोर समर्थन करने के कुछ दिनों बाद हुई। हालांकि, शिवकुमार ने कहा कि खड़गे से मुलाकात प्रोटोकॉल का मामला था। उन्होंने कहा कि वह मेरे अध्यक्ष हैं। वह मेरे नेता है। एक प्रोटोकॉल है कि मुझे जाकर उन्हें रिसीव करना है, इसलिए मैं गया।

शिवकुमार ने कहा कि उन्होंने खड़गे को बेंगलुरु में नए कांग्रेस कार्यालय के शिलान्यास समारोह में भी आमंत्रित किया था। उन्होंने कहा कि हम बेंगलुरु में नए कांग्रेस कार्यालय की नींव रख रहे हैं। मैंने उन्हें इसके लिए भी आमंत्रित किया है। इससे पहले, मोइली ने कहा कि शिवकुमार ने अपने नेतृत्व और पार्टी को मजबूत करने के प्रयासों से यह पद हासिल किया है। उन्होंने कहा कि यहाँ-वहाँ बयान हो सकते हैं, लेकिन उन्हें मुख्यमंत्री बनने से कोई नहीं रोक सकता। कुछ लोग व्यक्तिगत कारणों से उनकी आलोचना कर सकते हैं, लेकिन इससे कुछ भी नहीं बदलेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि शिवकुमार का नेतृत्व श्रद्धेय जैन देवता की तरह फलेगा-फूलेगा। उन्होंने कहा कि आपने (डीके शिवकुमार) अच्छा नेतृत्व दिया है। आपने पार्टी बनाई है। लोग बयानबाजी कर रहे हैं लेकिन आपको सीएम बनने से कोई नहीं रोक सकता। इसे लेकर उत्तेजित होने की जरूरत नहीं है। आपको सीएम बनने से कोई नहीं रोक सकता। मुख्यमंत्री बनना कोई ऐसी चीज़ नहीं है जिसे उपहार के रूप में दिया जाना चाहिए, यह कुछ ऐसा है जो उन्होंने कड़ी मेहनत से अर्जित किया है।


# आकाश आनंद का हो रहा था नया गुट तैयार, मायावती ने दिखाया बाहर का रास्ता

### –बसपा सुप्रीमो के करीबी नेताओं की हो रही थी उपेक्षा, इसलिए उठाया सख्त कदम

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** बसपा सुप्रीमो मायावती इस वक्त फुल एक्शन में हैं। वह अचानक लिए फैसलों से सबको हैरान कर रही हैं। इस बार तो उन्होंने अपने भतीजे आकाश आनंद को ही पार्टी से निकाल दिया है। पहले आकाश आनंद को मायावती ने नेशनल कॉर्डिनेटर के पद से हटाया और फिर सोमवार को उन्हें बसपा से ही बाहर निकाल दिया। उनके इस फैसले को पार्टी के अंदर पैदा हुए संकट से जोड़कर देखा जा रहा है।

मीडिया रिपोर्ट में पार्टी के आंतरिक सूत्रों का कहना है कि आकाश आनंद को मायावती ने उत्तराधिकारी घोषित किया था तो दिल्ली, राजस्थान समेत कई राज्यों का प्रभारी भी बनाया था। वह चुनाव की कमान संभाल रहे थे। उम्मीदवार उनके स्तर पर तय हो रहे थे तो वहीं प्रचार का भी वही नेतृत्व कर रहे थे। 2017 में आकाश आनंद के पिता आनंद कुमार को मायावती ने अपना उत्तराधिकारी घोषित किया था। इसके बाद 2019 में आकाश आनंद को राष्ट्रीय संयोजक बनाया। 2023 में उन्हें अपना राजनीतिक वारिस घोषित कर दिया। कुछ महीने सब ठीक चला, लेकिन लोकसभा चुनाव में आकाश के आक्रामक तेवरों और सीधे पीएम मोदी पर हमले को मायावती ने सही नहीं माना। उन पर एफआईआर हुई तो पद से ही हटा दिया। फिर से वापसी कराई गई तो आकाश को फिर सभी जिम्मेदारी मिल गई, लेकिन अब बाजी फिर पलट गई। बुआ मायावती ने आकाश से सारे पद छीने लिए हैं और उन्हें पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। इसकी वजह यह बताई जा रही है कि आकाश का अपना एक गुट तैयार हो गया था। यह गुट मायावती के करीबी नेताओं की उपेक्षा कर रहा था। इससे बचने के लिए उन्होंने भतीजे को बाहर का रास्ता दिखा दिया। उनकी जगह पर अपने भाई आनंद कुमार को जिम्मेदारी सौंपी है और यह भी साफ कर दिया है कि कोई उनका राजनीतिक वारिस नहीं होगा। इस तरह उन्होंने सत्ता का कोई दूसरा केंद्र उभरने की संभावना ही खत्म कर दी है। रामजी गौतम को भी राष्ट्रीय संयोजक बनाया है, जो उनके बेहद करीबी हैं।

बसपा के कुछ नेताओं का कहना है कि आकाश आनंद को कमान मिली तो रामजी गौतम साइडलाइन हो गए थे। इसके अलावा भी मायावती के कई करीबी किनारे लगे थे। ऐसे में मायावती ने भतीजे को ही हटाना सही समझा ताकि कोई दूसरा गुट न उभर सके।



पहले से कमजोर बसपा में गुटबाजी होना उनके लिए चिंता की बात है। आकाश पर एक आरोप फंड में गड़बड़ी का भी लगा है। मायावती ने उनके ससुर अशोक सिद्धार्थ को बाहर किया था और उनसे करीबी बनाए रखने की सजा भी उन्होंने भतीजे को दी है। इस तरह मायावती ने यह संदेश भी दिया है कि उनके लिए सब एक समान हैं। यदि कोई परिवार का है तो उसे वह कोई छूट नहीं देंगी।

# फास्टैग में लो बैलेंस या भुगतान में देरी हुई तो देना होगा अतिरिक्त शुल्क

### –सरकार के सख्त कदम से गलत टोल कटौती के मामलों में आई कमी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण ने सख्त कदम उठाए हैं और गलत टोल कटौती के मामलों में भारी कमी दर्ज की है। फास्टैग एक इलेक्ट्रॉनिक टोल कलेक्शन सिस्टम है, जो गाड़ी के फ्रंट शीशे पर लगाया जाता है और आपके प्रीपेड वॉलेट से जुड़ा होता है। जब वाहन टोल प्लाजा से गुजरता है, तो रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन (आरएफआईडी) तकनीक के अपने आप भुगतान हो जाता है। एनपीसीआई के ताजा आंकड़ों के मुताबिक दिसंबर 2024 में फास्टैग लेनदेन 6 फीसदी बढ़कर 38.2 करोड़ हो गए, जबकि इसका कुल मूल्य 9 फीसदी बढ़कर 6,642 करोड़ रुपए हो गया।

कई बार टोल ऑपरेटर वाहन का गलत नंबर दर्ज कर देते हैं। जब फास्टैग ठीक से स्कैन नहीं करता तो ऑपरेटर मैन्युअल रूप से एंट्री करता है, जिससे गलत कटौती हो जाती है। स्कैनर में तकनीकी दिक्कत या सिस्टम एरर के कारण भी यह समस्या आती है। गलत टोल कटौती के मामलों पर हाईवे ने सख्ती बरती है। कम से कम 250 मामलों में टोल ऑपरेटरों को दंडित किया है। टोल प्रबंधन इकाई ने 1 लाख रुपए तक का जुर्माना लगाया। इस सख्ती से 70 फीसदी तक मामलों में कमी आई और अब हर महीने 50 शिकायतें मिल रही हैं।

सरकार ने फास्टैग को लेकर नए नियम लागू किए हैं जिसमें अगर फास्टैग में लो बैलेंस है या भुगतान में देरी होती है, तो अतिरिक्त शुल्क देना होगा। टोल से गुजरने के 10 मिनट बाद तक फास्टैग सक्रिय नहीं रहा, तो लेनदेन अस्वीकार हो जाएगा। टोल पार करने के 15 मिनट बाद भुगतान होने पर अतिरिक्त शुल्क लग सकता है। बैंकों और डिजिटल वॉलेट्स से फास्टैग खरीदा जा सकता है। टोल प्लाजा और पेट्रोल पंप पर भी फास्टैग उपलब्ध होते हैं। इसे समय-समय पर रिचार्ज करना जरूरी है। एनएचएआई की कड़ी निगरानी और सख्त जुर्माने से गलत फास्टैग कटौती के मामले कम हुए हैं, लेकिन अगर आपके साथ यह समस्या हो, तो शिकायत दर्ज कराकर पैसे वापस लिए सकते हैं।

# यूपी विधानसभा के प्रवेश द्वार पर थूका पान मसाला, भड़क गए अध्यक्ष

### कहा– सदन की गरिमा बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी

**लखनऊ (एजेंसी)।** यूपी विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने एक अनुशासनहीन की घटना पर नाराजगी जताई है। मंगलवार को विधानसभा की कार्यवाही शुरु होने से पहले विधानसभा मंडप के प्रवेश द्वार पर पान मसाला खाकर थूके जाने की सूचना मिलते ही उन्होंने तत्काल वहां जाकर सफाई करवाई और इस अव्यवस्थित व्यवहार की भर्त्सना की।

इसके बाद सदन को संबोधित करते हुए अध्यक्ष महाना ने कहा कि विधानसभा के प्रति केवल किसी एक व्यक्ति की नहीं, बल्कि हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि इस अनुशासनहीन कृत्य का वीडियो उपलब्ध है, लेकिन किसी सदस्य को सार्वजनिक रूप से अपमानित करना उनका उद्देश्य नहीं है। इसके बावजूद उन्होंने सभी सदस्यों से अपील की कि यदि भविष्य में वे किसी को ऐसा करते देखें, तो उसे वहीं रोकें और विधानसभा की गरिमा बनाए रखने में सहयोग करें।

अध्यक्ष महाना ने कहा कि जिसने यह कार्य किया है, वह खुद आगे आकर स्वीकार करे, अन्यथा उन्हें बुलाना पड़ेगा। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यूपी विधानसभा प्रदेश के 25 करोड़ नागरिकों का सम्मान और उनकी आस्था का प्रतीक है। इसकी स्वच्छता और मर्यादा बनाए रखना हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। विधानसभा का बजट सत्र चल रहा है। सत्र के 9वें दिन मंगलवार को बजट पर चर्चा हुई। इससे पहले सोमवार को सदन में काफी गहमागहमी हुई थी। सपा के सदस्यों ने विश्वविद्यालयों में कार्य परिषद के चुनाव नहीं कराए जाने और कुलपतियों की नियुक्तियों में पीडीए के प्रतिनिधित्व नहीं दिए जाने के विरोध में सदन से वॉक-आउट कर दिया था। इसके साथ ही विधानसभा में सोमवार को चार विभागों गन्ना, सिंचाई, कृषि और एमएसएमई विभाग का बजट पास हुआ। इसके साथ ही ऊर्जा और नगर विकास विभाग का बजट पेश हुआ।

कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने विभाग के परिव्य को चुकाने और जरूरी खर्चों के लिए 9075 करोड़ 3 लाख 96000 रुपए का प्रस्ताव रखा। जल शक्ति एवं बाढ़ नियंत्रण मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने 14033 करोड़ 8 लाख 47 हजार 3000 का बजट पेश किया। गन्ना विकास एवं चीनी मिले मंत्री लक्ष्मी नारायण चौधरी ने 769 करोड़ 5 लाख 83 हजार और लघु उद्योग मंत्री राकेश सचान ने 3209 करोड़ 84 लाख 24000 रुपये बजट पेश किया। कटौती प्रस्तावों पर चर्चा के बाद इसे पास किया गया। इसके साथ ही नगर विकास और ऊर्जा विभाग का बजट भी पेश किया गया।


# सड़क दुर्घटना में घायलों को अब मिलेगा डेढ़ लाख रुपए तक का फ्री इलाज

### –केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कैशलेस ट्रीटमेंट योजना शुरु की

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सड़क दुर्घटना में घायलों को इसी माह से डेढ़ लाख रुपए तक का फ्री इलाज मिलेगा। यह नियम निजी हॉस्पिटल के लिए भी अनिवार्य होगा। देशभर में इस व्यवस्था को लागू किया जाएगा। एनएचएआई इसके लिए नोडल एजेंसी का काम करेगा।

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) अधिकारी के मुताबिक, योजना के लिए मोटर वाहन अधिनियम 1988 की धारा 162 में पहले ही संशोधन हो चुका है। इस योजना को पूरी तरह से लागू करने से पहले बीते 5 महीनों में पुडुचेरी, असम, हरियाणा और पंजाब सहित छह राज्यों में पायलट प्रोजेक्ट चलाया गया, जो कि सफल साबित हुआ है।

अधिकारी ने बताया कि घायल को पुलिस या कोई आम नागरिक या संस्था जैसे ही हॉस्पिटल पहुंचाएगी, उसका इलाज तुरंत शुरू होगा। इसके लिए कोई फीस भी जमा नहीं करनी होगी। घायलों के साथ चाहे परिजन हो या नहीं, हॉस्पिटल उसकी देखरेख करेगा। प्राइवेट और सरकारी दोनों ही हॉस्पिटल को कैशलेस इलाज देना होगा।



केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 14 मार्च 2024 को रोड एक्सीडेंट पीड़ितों को कैशलेस इलाज देने के लिए पायलट प्रोजेक्ट कैशलेस ट्रीटमेंट योजना शुरु की थी। इसके बाद 7 जनवरी 2025 को केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने योजना को देशभर में अधिकारी रुप से लांच करने की घोषणा की। इस योजना के तहत देश में कहीं भी सड़क एक्सीडेंट होने पर घायल व्यक्ति को इलाज के लिए केंद्र सरकार की ओर से अधिकतम 1.5 लाख रुपए की मदद दी जाएगी। जिससे घायल शख्स 7 दिनों तक अस्पताल में इलाज करा सकेगा।

डेढ़ लाख तक कैशलेस इलाज होने के बाद उसके भुगतान में नोडल एजेंसी के रूप में एनएचएआई काम करेगा, यानी इलाज के बाद मरीज या उनके परिजन को डेढ़ लाख तक की रकम का भुगतान नहीं करना है। यदि इलाज में डेढ़ लाख से ज्यादा का खर्च आता है, तब बढ़ा बिल मरीज या परिजन को भरना होगा। सूत्रों का कहना है कि कोशिश यह हो रही है कि डेढ़ लाख की राशि को बढ़ाकर 2 लाख रुपए तक किया जा सके।

# अब रिश्वत लेने व देने के ठोस सबूत होने पर ही माना जाएगा भ्रष्टाचार

### –सुप्रीमकोर्ट ने कहा– आरोप लगाकर किसी को दोषी नहीं ठहराया जा सकता

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि भ्रष्टाचार तभी माना जाएगा, जब रिश्वत की मांग या लेनदेन के ठोस सबूत मौजूद होंगे। महज शक्ति के दुरुपयोग का आरोप लगाकर किसी अधिकारी को भ्रष्टाचार का दोषी नहीं ठहराया जा सकता। मामला एक फिशिंग ठेकेदार से जुड़ा था, जिसमें एक सरकारी अधिकारी पर बिना टेंडर जारी किए करोड़ों का नुकसान करने का आरोप लगाया था। इसके तहत प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था। हालांकि, सुप्रीम कोर्ट ने यह मामला 27 फरवरी को खारिज कर दिया है।

सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि अगर कोई अधिकारी सरकारी नीति से भटककर कार्य करता है, तो केवल इस आधार पर यह नहीं माना जा सकता कि उसने रिश्वत ली है। जब तक यह साबित नहीं हो जाता कि रिश्वत की मांग और उसे स्वीकार किया गया था, तब तक भ्रष्टाचार का अनुमान नहीं लगाया जा सकता है। प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट की धारा 20 के मुताबिक यदि कोई पब्लिक सर्वेंट अनुचित लाभ स्वीकार करता है, तो यह माना जाएगा कि उसने किसी कार्य को प्रभावित करने के लिए ऐसा किया, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि जब तक यह साबित न हो कि रिश्वत की मांग की गई और उसे स्वीकार किया गया, तब तक केवल अनुमान के आधार पर उसे दोषी नहीं ठहराया जा सकता।

इस मामले में अधिकारी पहले हाईकोर्ट गए थे, लेकिन वहां से राहत नहीं मिली। हाईकोर्ट ने उनकी याचिका खारिज कर दी थी। इसके बाद अधिकारी ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया जहां कोर्ट ने अवैध लाभ की ठोस मांग और स्वीकार्यता के अभाव में मामले को खारिज कर दिया। कोर्ट के इस फैसले से अथॉरिटी के दुरुपयोग और भ्रष्टाचार के बीच स्पष्ट अंतर स्थापित हो गया है। अब रिश्वत की मांग और स्वीकार्यता का प्रमाण जरूरी होगा, केवल शक्ति के दुरुपयोग के आधार पर भ्रष्टाचार का मुकदमा नहीं चलाया जा सकेगा। सिर्फ प्रशासनिक गलतियों को भ्रष्टाचार नहीं माना जाएगा। अधिकारियों पर लगाए जाने वाले आरोपों की जांच में अब अधिक सबूतों की जरूरत होगी। सजा केवल तभी मिलेगी जब रिश्वत लेने या देने के पुख्ता सबूत होंगे।



# कनाडा, मैक्सिको के खिलाफ ट्रंप की शुल्क धमकी लागू होने व्यापार युद्ध शुरू

## - कनाडा और मैक्सिको से आयात पर अब 25 प्रतिशत कर लगेगा

**वाशिंगटन ।**

राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कनाडा और मैक्सिको के विरुद्ध लंबे समय से दी जा रही शुल्क की धमकी अंततः मंगलवार को लागू हो गई, जिससे वैश्विक बाजारों में उथल-पुथल मच गई। अमेरिका के उत्तरी अमेरिकी सहयोगियों द्वारा महंगी जवाबी कार्रवाई की संभावना पैदा हो गई है। सोमवार को आधी रात से ही कनाडा और मैक्सिको से आयात पर अब 25 प्रतिशत कर लगेगा, जबकि कनाडा के ऊर्जा उत्पादों पर 10 प्रतिशत शुल्क लगेगा। इसके अलावा, फरवरी में ट्रंप ने चीन से आयात पर जो 10 प्रतिशत शुल्क लगाया था, उसे दोगुना करके 20 प्रतिशत कर दिया गया है। जवाब में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने कहा कि उनका देश 21 दिनों के दौरान 100 अरब डॉलर से ज़्यादा के अमेरिकी सामानों पर शुल्क लगाएगा। मेक्सिको और चीन ने फिलहाल किसी जवाबी कार्रवाई के बारे में विस्तार से नहीं बताया। अमेरिकी राष्ट्रपति के कदमों ने उच्च मुद्रास्फीति और विनाशकारी व्यापार युद्ध की आशंका को बढ़ा दिया है, जबकि उन्होंने अमेरिकी जनता से वादा किया था कि आयात पर कर राष्ट्रीय समृद्धि का सबसे आसान रास्ता है। उन्होंने मुख्यधारा के अर्थशास्त्रियों की चेतावनियों को दरकिनार करने और अपनी खुद की सार्वजनिक स्वीकृति को दांव पर लगाने की इच्छा दिखाई है। उनका मानना है कि शुल्क देश की समस्याओं को ठीक कर सकते हैं। ट्रंप ने सोमवार को व्हाइट हाउस में कहा था, यह एक बहुत शक्तिशाली हथियार है जिसका राजनेताओं ने इस्तेमाल नहीं किया है क्योंकि वे या तो बेईमान थे, मूर्ख थे या उन्होंने किसी अन्य रूप में पैसे कमाए थे। कनाडा और मेक्सिको के शुल्क मूल रूप से फरवरी में शुरू होने वाले थे, लेकिन ट्रंप ने दो सबसे बड़े अमेरिकी व्यापारिक साझेदारों के साथ आगे बातचीत करने के लिए 30-दिवसीय निलंबन पर सहमति व्यक्त की। शुल्क का घोषित कारण ड्रग तस्करी और अवैध आव्रजन को संबोधित करना है, और दोनों देशों का कहना है कि उन्होंने इन मुद्दों पर प्रगति की है।

# छोटे उद्यम देश के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं: स्वामीनाथन



**मुंबई ।**

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के डिप्टी गवर्नर स्वामीनाथन जे ने एक महत्वपूर्ण संदेश दिया, जिसमें उन्होंने सूक्ष्म, लघु और मझोले उद्यमों (एमएसएमई) के महत्व को बल दिया। उन्होंने व्यापक सहानुभूति के साथ समय पर देय ऋण की महत्वता पर चर्चा की और उन्होंने कहा कि छोटे उद्यम देश के विकास में अहम भूमिका निभाते हैं। स्वामीनाथन जे ने उद्यमों के संगठित ऋण समर्थन को मजबूत करने के लिए आईआरबीआई के पहलों की तारीफ की और डिजिटल माध्यमों के महत्व को उजागर किया। उन्होंने स्थायी सलाहकार समिति की बैठक में एमएसएमई के कर्ज प्रवाह की समीक्षा की और ऋण प्रदान में सुधार करने के लिए उन्होंने डिजिटल समाधानों पर जोर दिया। इस महत्वपूर्ण बैठक में अनेक संगठनों और संस्थाओं के प्रतिनिधि शामिल हुए और एमएसएमई के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट, राष्ट्रीय क्रेडिट गारंटी ट्रस्टी कंपनी लि., भारतीय बैंक संघ, सूक्ष्म और लघु उद्योगों के लिए क्रेडिट गारंटी फंड ट्रस्ट और अन्य संगठनों के उच्चाधिकारी उपस्थित थे। डिप्टी गवर्नर के इस संवाद के माध्यम से, यह स्पष्ट हुआ कि आरबीआई उपेक्षित सेक्टरों और छोटे उद्यमों के समर्थन में सकारात्मक कदम उठाना चाहता है। उनकी अपील और आपके संदेश ने उद्यमों के भविष्य को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

# मस्क की स्टारलिंक भारत में अपनी सेवाएं जल्द शुरू करेगी

## - लाइसेंस प्राप्त करने के लिए अधिकांश प्रावधानों का पालन करने पर सहमत




**नई दिल्ली ।**

भारतीय अंतरिक्ष नियामक से एलन मस्क की स्टारलिंक को जल्द ही मंजूरी मिलने की संभावन जताई जा रही है। बताया जा रहा है कि कंपनी सैटेलाइट द्वारा ग्लोबल मोबाइल व्यक्तिगत संचार लाइसेंस प्राप्त करने के लिए अधिकांश प्रावधानों का पालन करने पर सहमत हो गई है, लेकिन सुरक्षा संबंधी कुछ आवश्यकताओं पर चर्चा जारी है। संभावना है कि आने वाले दिनों में सुरक्षा संबंधी प्रावधानों पर सहमति बन जाएगी। स्टारलिंक करीब 100 देशों में अपनी इंटरनेट की सेवाएं दे रही है। सूत्रों का कहना है कि कंपनी ने जरूरी जानकारी जमा कर दी है। यह स्टारलिंक के लिए भारत में पहली नियामक मंजूरी होगी, जिसका लक्ष्य भारत में कॉमर्शियल ब्रॉडबैंड-फॉम-स्पेस सेवाएं शुरू करना है। कंपनी उपयोगकर्ता टर्मिनलों के स्थानांतरण और उससे जुड़े प्रावधान का पालन करने के लिए सहमत हो गई है। कंपनी भारत में अपना नेटवर्क नियंत्रण और निगरानी केंद्र बनाने पर भी सहमत है। स्टारलिंक इस बात पर भी सहमत है कि वह यह भारत के साथ भूमि सीमा साझा करने वाले देशों में गेटवे के माध्यम से डेटा रूट नहीं करेगा। कंपनी का फिलहाल भारत के जमीनी सीमा वाले देशों में कोई गेटवे नहीं है, लेकिन कंपनी ने प्रतिबद्ध किया है कि भविष्य में जमीनी सीमा साझा करने वाले देशों में गेटवे स्थापित करती है तो वह भारत से जुड़ा डेटा उनके माध्यम से नहीं भेजा जाएगा। लेकिन, इस बार भी सुरक्षा के मोर्चों पर कई सारे प्वाइंट्स हैं, जिनको लेकर निरंतर चर्चा चल रही है। स्टारलिंक चाहती है कि भारत के साथ जल्द से जल्द सेवा शुरू करने वाले शर्तों पर आपसी सहमति बने, जिससे कि वह अपनी सेवा शुरू कर सके।

# भारतीय शेयर बाजार में गिरावट के पांच मुख्य कारण

**नई दिल्ली ।**

घरेलू शेयर बाजार में पिछले पांच महीनों से लगातार गिरावट का सफर जारी है। इस गिरावट के पीछे आंकड़े के साथ खुला नहीं रहा है। बाजार के जानकारों के मुतो बिक पांच मुख्य कारणों की वजह से भारतीय शेयर बाजार गिरावट का सामना कर रहे हैं, जो इस प्रकार हैं-

1. ट्रंप, फेड और वैश्विक स्थिति- सितंबर के बाद, अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव के लिए बाजार में सतर्कता बढ़ी। चुनाव के परिणाम से उत्पन्न अनिश्चितता ने बाजार को कमजोर किया है। इसके अलावा, ट्रंप की व्यापार नीतियों से ट्रेड वॉर की आशंका और फेडरल रिजर्व की नजर में मुद्रास्फीति की चिंता है।

2. अर्थव्यवस्था में सुस्ती- भारतीय अर्थव्यवस्था में धीमा विकास का संकेत है, जिससे राजनीतिक और सामाजिक अस्थिरता बढ़ रही है। इसके साथ ही, निवेशकों का भरोसा घट रहा है जिससे बाजार में गिरावट की स्थिति बनी हुई है।

3. कमजोर कमाई, सुधार की उम्मीद नहीं- कंपनियों के नतीजे निराशाजनक हो रहे हैं और निवेशकों की उम्मीदें कमजोर हो रही हैं। इससे कंपनियों पर बाजार में दबाव बढ़ रहा है, जिससे बाजार को गिरावट का सामना करना पड़ रहा है।

4. एफआईआईएस की बिकवाली- विदेशी निवेशकों ने भारतीय बाजार से पैसा निकालने की शुरुआत कर दी है, जिसकी वजह से बाजार में अवसाद दिख रहा है। इससे शेयरों का मूड कमजोर हो रहा है।

5. रुपये की कमजोरी- भारतीय रुपये की कमजोरी और विदेशी मुद्राओं के ताजगी के चलते रुपये में तेजी से गिरावट आई है, जिससे बाजार में और भी कमी आई है। इन प्रमुख कारणों के कारण भारतीय शेयर बाजार में गिरावट देखने को मिल रही है। इससे निवेशकों की जिम्मेदारी बढ़ गई है जिससे उन्हें सतर्क रहने और सही समय पर निवेश के फैसले लेने की आवश्यकता है।

# ट्रंप के टैरिफ वॉर के कारण दुनिया भर के बाजार में कोहराम मचा

**मुंबई ।**

कमजोर वैश्विक संकेतों के बीच मंगलवार को भारतीय बेंचमार्क सूचकांकों में गिरावट देखी गई, क्योंकि शुरुआती कारोबार में ऑटो और आईटी सेक्टर में बिकवाली दर्ज हुई। बाजार विशेषज्ञों के अनुसार, अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के टैरिफ वॉर के कारण फैली अनिश्चितता वैश्विक व्यापार में बढ़ रही है। उन्होंने कहा, कनाडा और मैक्सिको पर 25 प्रतिशत टैरिफ और चीन पर 20 प्रतिशत टैरिफ (अब एडिशनल 10 प्रतिशत लगाया गया है) की धमकियां एक्शन में बदल रही हैं। ट्रंप द्वारा लगाए गए इन टैरिफ का जवाब अभी तक नहीं पता चल सका है। ट्रंप प्रशासन द्वारा टैरिफ हाइक के जवाब में, कनाडा मंगलवार से 30 बिलियन कनाडाई डॉलर के अमेरिकी आयात पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा। यह आने वाले 21 दिनों में 125 बिलियन कनाडाई डॉलर के एडिशनल अमेरिकी आयात पर टैरिफ लगाएगा।

बाजार जानकारों के अनुसार, निफ्टी को 22,000 पर तत्काल समर्थन मिला है, इससे पहले 21,850 और 21,600 स्तर पर समर्थन है, जबकि प्रतिरोध 22,500 और इसके बाद 22,600 और 22,800 स्तर पर है। 22,000 से नीचे का ब्रेकडाउन 21,800 की ओर बिक्री दबाव को बढ़ा सकता है, जबकि 22,500 से ऊपर की रिकवरी राहत रैली को ट्रिगर कर सकती है। सूचकांक अभी भी मंदी के दौर में है और ट्रेंड रिवर्सल के लिए निर्णायक ब्रेकआउट की जरूरत है। इस बीच, सेंसेक्स पैक में टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, नेस्ले इंडिया, इंफोसिस, टाटा स्टील, एमएंडएम और टाइटन टॉप लूजर्स रहे। जबकि, केवल आईसीआईसीआई बैंक, एचडीएफसी बैंक और एसबीआई ही टॉप गेनर्स रहे। अमेरिकी बाजारों में पिछले कारोबारी सत्र में, डॉव जोन्स 1.48 प्रतिशत की गिरावट के साथ 43,191.24 पर बंद हुआ। एसएंडपी 500 इंडेक्स 1.76 प्रतिशत की गिरावट के साथ 5,849.72 पर और नैस्डैक 2.64 प्रतिशत की गिरावट के साथ 18,350.19 पर बंद हुआ। एशियाई बाजारों में, केवल बैंकॉक हरे निशान में कारोबार कर रहा था। चीन, जापान, सोल, जकार्ता और हांगकांग लाल रंग में कारोबार कर रहे थे। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने लगातार आठवें दिन अपनी बिकवाली जारी रखी, क्योंकि वे 3 मार्च को 4,788.29 करोड़ रुपये के शेयर बेचे गए। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने उसी दिन 8,790.70 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## रुपया बढ़त पर बंद



**मुंबई ।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले मंगलवार को भारतीय रुपया चार पैसे की बढ़त के साथ ही 87.28 पर बंद हुआ वहीं अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में आज रुपया अमेरिकी मुद्रा के मुकाबले 87.38 पर खुला और फिर 87.40 पर आ गया जबकि सोमवार को रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले पांच पैसे की बढ़त के साथ 87.32 पर बंद हुआ था। इस बीच, छह मुद्राओं के मुकाबले डॉलर की ताकत को मापने वाला डॉलर सूचकांक 0.12 फीसदी की गिरावट के साथ 106.61 पर था। यह गिरावट अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की शुल्क नीतियों के कारण बढ़ते व्यापार तनाव के बीच आई है। विदेशी मुद्रा व्यापारियों ने कहा कि अमेरिका द्वारा शुल्क लगाए जाने के कारण जारी अनिश्चितता ने वित्तीय बाजारों में हड़कंप मचा है। इसके अलावा, शुल्क अराजकता ने अमेरिकी डॉलर सूचकांक में अस्थिरता और अनिश्चितता पैदा कर दी है।




## भारतीय स्टार्टअप ने फरवरी में कुल 1.65 अरब डॉलर की फंडिंग जुटाई

**मुंबई ।** भारतीय स्टार्टअप ने फरवरी में 8.32 करोड़ डॉलर के औसत मूल्यांकन पर कुल 1.65 अरब डॉलर (करीब14,418 करोड़ रुपये) की फंडिंग जुटाई है। आंकड़ों से पता चलता है कि इससे चालू वित्त वर्ष (2024-25) में फरवरी में कुल फंडिंग 2,200 चरण में 25.4 अरब डॉलर हो गया है। फरवरी का आंकड़ा जनवरी में कुल फंडिंग 1.38 अरब डॉलर से 19.5 प्रतिशत की वृद्धि को दिखाता है। सालाना आधार पर, जुटाई गई कुल धनराशि फरवरी, 2024 में प्राप्त 2.06 अरब डॉलर से कम थी। बेंगलुरु में उद्यमियों ने 35.3 करोड़ डॉलर का फंड हासिल किया, जिसका औसत चरण आकार 20 लाख डॉलर था। मुंबई में कुल 10.2 करोड़ डॉलर की फंडिंग हुई, लेकिन औसत चरण आकार 50 लाख डॉलर रहा। फरवरी में वित्तीय प्रौद्योगिकी कंपनी ऑक्सीजो ने सबसे ज्यादा फंडिंग जुटाई, कंपनी ने पारंपरिक ऋण में 100 करोड़ रुपये जुटाए। इसके बाद ऑनलाइन व्यापारिक मंच 'उड़ान' ने एमएंडजी पीएलसी की अगुआई में सीरीज जी इक्विटी फंडिंग चरण में 7.5 करोड़ डॉलर जुटाए।

## भारत की जीडीपी वृद्धि 2025-26 में 6.5 प्रतिशत पर रह सकती

**नई दिल्ली ।**

भारत की जीडीपी वृद्धि दर वित्त वर्ष 2025-26 में 6.5 प्रतिशत पर रह सकती है। साथ ही मानसून सीजन भी सामान्य रहेगा, जिसके कारण कमोडिटी की कीमतों में नरमी रहने की उम्मीद है। रिपोर्ट में निजी खपत में सुधार होने की उम्मीद है। हालांकि, निवेश वृद्धि निजी पूंजीगत व्यय पर निर्भर करेगी। रिपोर्ट में बताया गया कि कृषि उत्पादन में सुधार और खाद्य महंगाई में कमी की उम्मीद के कारण निजी खपत में और सुधार की उम्मीद है। खाद्य महंगाई में नरमी से घरेलू बजट में विवेकाधीन खर्च के लिए जगह बनेगी। रिपोर्ट में कहा गया कि केंद्रीय बजट 2025-26 में इनकम टैक्स में बढ़ाई गई छूट से खपत को बढ़ावा मिलेगा। इसके अतिरिक्त, भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा मौद्रिक नीति में ढील देने से भी खपत को बढ़ावा मिलेगा। रिपोर्ट में उम्मीद जाहिर की गई है कि आरबीआई वित्त वर्ष 2025-26 में रेपो रेट में 50-75 आधार अंक की कटौती कर सकता है। आधिकारिक आंकड़ों का हवाला देकर रिपोर्ट में कहा गया है कि 2024-25 के लिए जीडीपी वृद्धि दर 6.5 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो पिछले वित्त वर्ष की जीडीपी विकास दर 9.2 प्रतिशत से कम है। हालांकि, विकास दर वित्त वर्ष 2011 और 2020 के बीच महामारी से पहले के दशक के औसत 6.6 प्रतिशत के करीब बनी हुई है और इससे भारत को सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्था का अपना टैग बरकरार रखने में मदद मिलेगी। चौथी तिमाही में सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) की वृद्धि दर बढ़कर 7.6 प्रतिशत होने की उम्मीद है, जिससे चालू वित्त वर्ष में जीडीपी वृद्धि 6.5 प्रतिशत हो जाएगी। चालू वित्त वर्ष की तीसरी तिमाही में जीडीपी वृद्धि दर बढ़कर 6.2 प्रतिशत हो गई है, जो दूसरी तिमाही की जीडीपी वृद्धि दर 5.6 प्रतिशत से अधिक है।

# शेयर बाजार गिरावट पर बंद

**मुंबई ।**



भारतीय शेयर बाजार मंगलवार को गिरावट के साथ बंद हुआ। बाजार में ये गिरावट दुनिया भर से मिले कमजोर संकेतों के साथ ही बिकवाली हावी रहने से आई। है। अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप के टैरिफ प्लान से भी बाजार पर विपरीत प्रभाव पड़ा और विवेशी निवेशकों ने बाजार से अपना पैसा निकाल लिया। इससे भी बाजार पर भारी दबाव पड़ा।

दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स अंत में सेंसेक्स 96.01 अंक करीब 0.13 फीसदी की गिरावट के साथ ही 72,989.93 पर बंद हुआ। इसी तरह 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी भी 22 हजार के नीचे आ गया। कारोबार के दौरान यह 21,964.60 अंक के इंट्राडे लो तक चला गया था। अंत में यह 36.65 अंक तकरीबन 0.17 फीसदी फिसलकर 22,082 पर बंद हुआ।

आज कारोबार के दौरान सेंसेक्स की कंपनियों में बजाज फिनसर्व का शेयर सबसे ज्यादा 2.7 फीसदी नीचे आया। इसके अलावा एचसीएल टेक, नेस्ले इंडिया, एशियन पेंट्स, भारती एयरटेल, सन फार्मा, इन्फोसिस, मारुति, टाइटन, हिन्दुस्तान यूनिलीवर और रिलायंस इंडस्ट्रीज के शेयर भी गिरे। वहीं स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (एसबीआई) के शेयर 3 फीसदी से ज्यादा ऊपर आकर बंद हुए। इसके अलावा जोमैटो, टीसीएस, पावर ग्रिड, अदाणी पोर्ट्स, टाटा स्टील, एचडीएफ़सी बैंक, एलएंडटी, आईसीआईसीआई बैंक के शेयर भी उछले।दूसरी ओर विदेशी निवेशकों की बाजारों से बिकवाली जारी रही। एफआईआई ने भारत में 4,788.29 करोड़ रुपये की इक्विटी बेचीं जबकि डीआईआई ने 8,790.70 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।वहीं गत दिवस भी बाजार गिरावट पर बंद हुआ था।

इससे पहले आज सुबह वैश्विक बाजारों में भी गिरावट रही। अमेरिका के ज्यादा शेयर बाजार बंद रहे। प्रमुख वॉल स्ट्रीट सूचकांक में एसएंडपी 500 में 1.76 फीसदी की गिरावट जबकि डॉव जोन्स इंडस्ट्रियल एवरेज में 1.48 फीसदी की गिरावट जबकि नैस्डैक कंपोजिट में 2.64 फीसदी की गिरावट आई। वहीं एनवीडिया के शेयर 8 फीसदी से अधिक गिरे।

ट्रंप ने मैक्सिको और कनाडा से आयातित सामानों पर 25 फीसदी टैरिफ लगाने का फैसला भी लागू कर दिया है। इसके जवाब में, कनाडा और मेक्सिको ने भी जवाबी कदम उठाये हैं जिससे दुनिया भर में कारोबारी घमासान बढ़ने के संकेत मिले हैं। वहीं गत दिवस ट्रंप ने कहा था कि चीन से आयातित सामानों पर टैक्स को दोगुना कर कर दिया जाएगा। वहीं आज सुबह बाजारों की शुरुआत खराब रही। ट्रंप ने टैरिफ लगाने की अपनी योजना को फिर से दोहराया है। जिससे सुबह से ही बाजार नीचे आने लगा। सुबबह खुलते ही सेंसेक्स 72,633 अंक तक फिसल गया। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी50 भी कारोबार खुलते ही 22 हजार के नीचे फिसल गया। विदेशी निवेशकों का भारतीय शेयर बाजारों से बिकवाली का सिलसिला जारी है। सोमवार को एफआईआई ने भारत में 4,788.29 करोड़ रुपये की इक्विटी बेचीं जबकि डीआईआई ने 8,790.70 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे।

## ट्रंप की रणनीतिक सरकारी रिजर्व की घोषणा के बाद क्रिप्टोकरेंसी मे तेजी

**वाशिंगटन ।** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की रणनीतिक सरकारी रिजर्व की घोषणा के बाद क्रिप्टोकरेंसी की कीमतों में थोड़ी तेजी आई। ट्रंप ने कहा कि वे चाहते हैं कि अमेरिकी सरकार रणनीतिक रिजर्व कोष में विभिन्न प्रकार की डिजिटल परिसंपत्तियों को खरीदे और रखे। यह घोषणा ट्रंप के अस्थिर क्रिप्टोकरेंसी की कीमतों को अपने सार्वजनिक समर्थन के बैरोमीटर के रूप में उपयोग करने के बढ़ते प्रयासों को उजागर करती है। ट्रंप ने हाल ही में सोशल मीडिया पर कहा कि उनकी सरकार एक 'क्रिप्टो स्ट्रैटेजिक रिजर्व' बनाने की दिशा में काम कर रही है, जिसमें कम-ज्ञात क्रिप्टोकरेंसी एक्सआरपी, सोलाना और कार्डानो शामिल होंगे। बाद में उन्होंने एक और पोस्ट के साथ कहा कि उनके नियोजित रिजर्व में बिटकॉइन और ईथर भी शामिल होंगे। ये दो सबसे लोकप्रिय क्रिप्टोकरेंसी हैं।इस घोषणा से क्रिप्टो की कीमतों में हाल ही में हुई बिकवाली के बाद थोड़ी तेजी देखने को मिली। पिछले सप्ताह 80,000 डॉलर से नीचे गिरने के बाद बिटकॉइन करीब 95,000 डॉलर तक पहुंच गया। रविवार को ट्रंप की घोषणा के बाद एक्सआरपी, सोलाना और कार्डानो की कीमतों में भारी उछाल देखने को मिला।लेकिन सोमवार दोपहर तक कीमतें लगभग उसी स्तर पर आ गईं, जहां वे ट्रंप की घोषणा से पहले थीं। ट्रंप द्वारा कनाडा और मैक्सिको से आयात पर 25 प्रतिशत शुल्क लगाने की योजना की पुष्टि के बाद सोमवार को अमेरिकी शेयरों में भी तेज गिरावट आई।

# पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड से की 2.81 अरब डॉलर के मुआवजा की मांग

## आरआईएल का दावा ऐसी कोई देनदारी नहीं

**मुंबई ।**

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने मुकेश अंबानी की अगुवाई वाले रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) और उसके कंसोर्टियम पार्टनर्स बीवी एक्सप्लोरेशन (अल्फा) लिमिटेड और निको लिमिटेड से 2.81 अरब डॉलर के मुआवजा की मांग की है। यह विवाद ओएनसीजी के ब्लॉक्स से केजी-डी6 ब्लॉक में गैस माइग्रेशन से जुड़ा हुआ है। रिलायंस ने शेयर बाजार को यह सूचना दी। यह मामला लंबे समय से विवाद का विषय बना है, जिसमें केंद्र सरकार और कंपनियों के बीच कानूनी और वित्तीय दावों पर चर्चा जारी है। आरआईएल ने कहा, ÷पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने पीएससी ठेकेदारों- रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड, बीपी एक्सप्लोरेशन (अल्फा) लिमिटेड और निको लिमिटेड पर 2.81 अरब डॉलर की मांग उठाई है। यह दावा 2018 के एक मामले से जुड़ा है, जब भारत सरकार ने केजी-डी 6 कंसोर्टियम, जिसमें रिलायंस भी शामिल है, पर ओएनजीसी के निकटवर्ती ब्लॉकों से गैस माइग्रेशन के लिए जिम्मेदार होने का आरोप लगाया था।


शुरुआत में, पेट्रोलियम मंत्रालय ने कथित गैस माइग्रेशन के लिए करीब 1.55 अरब डॉलर का मुआवजा मांगा था। मामला कई कानूनी कार्यवाहियों में उलझ गया और अंततः दिल्ली हाईकोर्ट तक पहुंच गया। मई 2023 में, दिल्ली हाईकोर्ट की एकल न्यायाधीश पीठ ने केंद्र सरकार की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें एक मध्यस्थता फैसले को चुनौती दी गई थी। इस फैसले में रिलायंस इंडस्ट्रीज के पक्ष में निर्णय दिया गया था। हालांकि, केंद्र सरकार ने डिवीजन बेंच में अपील की, जिसके बाद 3 मार्च 2025 को दिल्ली हाईकोर्ट ने अपने पहले के फैसले को पलट दिया।

इस फैसले के बाद, पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने अब मांग बढ़ाकर 2.81 अरब डॉलर कर दी है। मंत्रालय ने नए कानूनी घटनाक्रम और गैस माइग्रेशन मामले के पुनर्मूल्यांकन को आधार बनाते हुए यह कदम उठाया है। रिलायंस ने कहा कि कंपनी को कानूनी सलाह मिली है कि डिवीजन बेंच का फैसला और यह प्रोविजनल मांग अस्थिर है। कंपनी दिल्ली हाईकोर्ट की डिवीजन बेंच के फैसले को चुनौती देने के लिए कदम उठा रही है।

## पूर्व सेबी प्रमुख बुच, पांच अन्य पर एफआईआर के आदेश पर रोक

**मुंबई ।** बॉम्बे हाई कोर्ट ने विशेष अदालत के उस आदेश पर चार सप्ताह तक के लिए रोक लगा दी, जिसमें सेबी की पूर्व चेयरपर्सन माधबी पुरी बुच और पांच अन्य अधिकारियों के खिलाफ कथित शेयर बाजार धोखाधड़ी और विनियामक उल्लंघन के लिए एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। न्यायमूर्ति शिवकुमार डिगे की एकल पीठ ने कहा कि विशेष अदालत का एक मार्च का आदेश बिना विस्तृत जानकारी के और आरोपी की कोई विशेष भूमिका बताए बिना यंत्रवत् पारित किया गया था। इसे लिए उच्च न्यायालय ने कहा कि मामले में शिकायतकर्ता को याचिकाओं के जवाब में हलफनामा दाखिल करने के लिए चार सप्ताह का समय दिया जाता है। उच्च न्यायालय का यह निर्णय बुच, सेबी के तीन वर्तमान पूर्णकालिक निदेशकों - अश्विनी भाटिया, अनंत नारायण जी और कमलेश चंद्र वार्ष्णेय तथा बीएसई के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) राममूर्ति और इसके पूर्व चेयरमैन तथा जनहित निदेशक प्रमोद अग्रवाल द्वारा दायर याचिकाओं पर आया। याचिकाओं में विशेष अदालत द्वारा पारित आदेश को रद्द करने की मांग की गई थी, जिसमें भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) को 1994 में बीएसई में एक कंपनी को सूचीबद्ध करते समय धोखाधड़ी के कुछ आरोपों से संबंधित उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने का निर्देश दिया गया था। याचिकाओं में कहा गया है कि यह आदेश अवैध और मनमाना है।

## जेएसडब्ल्यू एनर्जी 159 मेगावाट पवन ऊर्जा क्षमता जोड़ेगी




नई दिल्ली । जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने मंगलवार को मार्च तिमाही में 159 मेगावाट पवन ऊर्जा जोड़ने की घोषणा की। इसके साथ ही कंपनी की परिचालन बिजली उत्पादन क्षमता 8,400 मेगावाट के पार हो गई। कंपनी ने कहा कि यह अतिरिक्त क्षमता पवन मौसम से पहले उपलब्ध है और चरम स्थिति के दौरान बढ़ती ऊर्जा मांग को पूरा करने के लिए तैयार है, जो एक स्थायी बिजली आपूर्ति में महत्वपूर्ण योगदान देगा। इस वृद्धि के साथ, कंपनी की कुल परिचालन पवन क्षमता 2,826 मेगावाट हो गई है। जेएसडब्ल्यू एनर्जी 8.0 गीगावाट की निर्माणाधीन क्षमता के साथ अपने नवीकरणीय ऊर्जा पोर्टफोलियो का सक्रिय रूप से विस्तार कर रही है। कंपनी का लक्ष्य वित्त वर्ष 2030 से पहले 20 गीगावाट की कुल स्थापित उत्पादन क्षमता हासिल करना है।

# चैम्पियंस ट्रॉफी के दूसरे सेमीफाइनल में आज होगा दक्षिण अफ्रीका-न्यूजीलैंड मुकाबला

**लाहौर (एजेंसी)।** आईसीसी चैम्पियंस ट्रॉफी क्रिकेट टूर्नामेंट के दूसरे सेमीफाइनल में बुधवार को दक्षिण अफ्रीका का मुकाबला न्यूजीलैंड से होगा। इस मैच में दोनो ही टीमें जीत के लिए पूरी ताकत लगा देंगी। दक्षिण अफ्रीका की टीम जहां ग्रुप बी के अंतिम लीग मैच में इंग्लैंड के खिलाफ मिली जीत के कारण बढ़े हुए मनोबल से उतरेगी। वहीं न्यूजीलैंड को अंतिम लीग में भारतीय टीम के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था जिससे वह उबरना चाहेगी। दोनो की टीम जीत की प्रबल दावेदार हैं। इस मुकाबले में दक्षिण अफ्रीकी टीम जीत दर्ज कर उस धारणा को तोड़ना चाहेगी जिसमें कहा जाता है कि बड़े आईसीसी मुकाबलों के दौरान वह दबाव में बिखर जाती है। दक्षिण अफ्रीका और न्यूजीलैंड ने साल 1998 और 2000 में एक-एक बार चैंपियंस ट्रॉफी जीती है पर तब इस टूर्नामेंट को आईसीसी नॉकआउट ट्रॉफी कहा जाता था। न्यूजीलैंड की टीम एकदिवसीय विश्व कप (2015 और 2019) में दो बार और टी20 विश्व कप (2021) में एक फाइनल में पहुंचने के बाद भी खिताब जीतने से रह गयी थी, इसलिए इस बार वह गलती नहीं करना चाहेगी। इस टूर्नामेंट में न्यूजीलैंड ग्रुप ए में दूसरे पर रहा जबकि दक्षिण अफ्रीका ग्रुप बी में नंबर एक पर रही है। दोनों टीमों के बीच कोई अधिक अंतर नहीं है हालांकि गेंदबाज में दक्षिण अफ्रीकी टीम कुछ बेहतर नजर आ रही है।

दोनों टीमों के पास अच्छे बल्लेबाज हैं। इस मैच में स्पिनरों के अहम भूमिका निभाने की संभावना है क्योंकि गद्दाफी स्टेडियम की पिच थोड़ी धीमी है। ऐसे में स्पिनर अंतर पैदा कर सकते हैं।

न्यूजीलैंड ने पिछले माह यहां हुई त्रिकोणीय सीरीज में दक्षिण अफ्रीका को हराया था जिससे वह प्रेरित होना चाहेगा। न्यूजीलैंड ने चैंपियंस ट्रॉफी से पहले यहां दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 305 रनों के लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा किया और फिर फाइनल में पाकिस्तान को हराकर त्रिकोणीय सीरीज जीती थी। कीवी टीम के अनुभवी बल्लेबाज टॉम लाथम को लगता है कि ये अनुभव उनके लिए फायदेमंद साबित होंगे।

उन्होंने हालांकि कहा, 'जिस दक्षिण अफ्रीका टीम के खिलाफ हमने खेला था वह थोड़ी अलग थी। उस टीम में बहुत से ऐसे खिलाड़ी थे जो इस टीम में नहीं थे। उनके कुछ मुख्य खिलाड़ी तब एसएटी20 में खेल रहे थे, इसलिए इस बार मुकाबला अलग होगा। मेरा



अनुमान है कि हमें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेलने में लाहौर के अपने पिछले अनुभव का फायदा मिलेगा। उन्होंने कहा, 'हम अपनी तरफ से सर्वश्रेष्ठ तैयारी करेंगे और पूरी कोशिश करेंगे। हम सेमीफाइनल की चुनौती का इंतजार कर रहे हैं। हमारा रवैया हमेशा एक जैसा ही रहता है। हम अपनी तरह का सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट खेलने की कोशिश करते हैं।

वहीं अनुभवी बल्लेबाज केन विलियमसन भी भारत के खिलाफ 81 रन की पारी खेल कर लय में वापसी का प्रयास करेंगे। गेंदबाजी में टीम के पास मैट हेनरी ओर विल ओराउरकी जैसे खिलाड़ी हैं। हेनरी ने भारत के खिलाफ धीमी पिच पर सबसे अधिक आठ विकेट लिए थे। कीवी टीम के पास कप्तान मिशेल सेंटनर के अलावा माइकल ब्रेसवेल, रचिन रवींद्र, ग्लेन फिलिप्स और मार्क चैपमैन जैसे बेहतरीन स्पिनर भी हैं। दूसरी ओर दक्षिण अफ्रीका भी अच्छे फॉर्म में है। उसने अपनी सबसे अच्छी टीम उतारी है। उसके बल्लेबाज रयान रिकेल्टन ने अब तक काफी अच्छा प्रदर्शन किया है। टीम के पास कप्तान तेम्बा बावुमा, रासी वैन डेर डुसेन और एडेन मारक्रम जैसे खिलाड़ी भी है। इसके अलावा वियान मुल्डर, कैगिसो रबाडा, लुंगी एनगिडी, मार्को यानसेन जैसे तेज गेंदबाज उसके ताकत बढ़ाते हैं। स्पिन की जिम्मेदारी केशव महाराज और तबरेज शम्सी के पास रहेगी।

**दोनो ही टीमें इस प्रकार हैं**

**न्यूजीलैंड :** मिशेल सेंटनर (कप्तान), माइकल ब्रेसवेल, मार्क चैपमैन, डेवोन कॉनवे, लॉकी फर्ग्यूसन, मैट हेनरी, टॉम लाथम, डेरिल मिशेल, विल ओरउरकी, ग्लेन फिलिप्स, रचिन रवींद्र, नाथन स्मिथ, केन विलियमसन, विल यंग, जैकब डफी।

**दक्षिण अफ्रीका :** तेम्बा बावुमा (कप्तान), टोनी डी जोरजी, मार्को यानसेन, हेनरिक क्लासेन, केशव महाराज, एडेन मारक्रम, डेविड मिलर, वियान मुल्डर, लुंगी एनगिडी, कैगिसो रबाडा, रेयान रिकेलटन, तबरेज शम्सी, ट्रिस्टन स्टब्स, रासी वैन डेर डुसेन, कॉर्बिन बॉश।

## सचिन ने जंगल सफारी की तस्वीरें साझा कर वनों को बचाने का संदेश दिया



**मुम्बई (एजेंसी)।** महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का जंगल सफारी का एक वीडियो सोशल मीडिया में आया है। इसमें सचिन काफी खुश नजर आ रहे हैं। सचिन प्रकृति प्रेमी होने के कारण जंगलों की सैर से आनंद का अनुभव करते हैं। सचिन वाइल्डलाइफ डे के अवसर पर सोमवार को जंगल सफारी पर गये थे। इसी की तस्वीरें साझा करते हुए उन्होंने एक खास संदेश भी दिया। उनकी इस तस्वीर में एक बाघ भी नजर आ रहा है। सचिन ने फेसबुक पर किए पोस्ट में लिखा,÷ जंगल में कोई वाई-फाई नहीं है, फिर भी यह आपको हर उस चीज से जोड़ता है जो वाकई मायने रखती है। इसकी हर यात्रा एक अनूठा अनुभव रही है जो प्रकृति के चमत्कारों को अपने तरीके से सामने लाती है। आइए हम अपने जंगली खजानों को बचाये रखें।÷

उनका संदेश न केवल प्रकृति की सुंदरता को सराहने की प्रेरणा देता है, बल्कि इसके संरक्षण की भी अपील करता है। जंगल और वन्यजीव हमारे पर्यावरण के संतुलन को बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं पर तेजी से हो रहे शहरीकरण और इंसानी दखल के कारण प्राकृतिक संसाधनों पर खतरा बढ़ रहा है।

गौरतब है कि सचिन संन्यास के बाद से ही कई एनजीजो से भी जुड़े हुए हैं और समाज की भलाई में लगी संस्थाओं की सहायता करते है। उनका एक एनजीओ बच्चों गरीब बच्चों की सहायता करता है। सचिन ने अपने करियर में भारतीय टीम की ओर से 200 टेस्ट, 463 एकदिवसीय और एक टी20 मैच खेलकर। 15921, 18426 और 10 रन बनाए हैं। तीनों ही प्रारुपों को मिलाकर सचिन ने अब तक कुल 100 शतक लगाये हैं।

## भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होगा चैंपियंस ट्रॉफी का खिताबी मुकाबला : डिविलियर्स

**जोहांसबर्ग (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व क्रिकेटर एबी डिविलियर्स ने कहा है कि आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का फाइनल भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच खेला जाएगा। लीग मुकाबलों के बाद चार टीमें भारत, ऑस्ट्रेलिया, न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका सेमीफाइनल में पहुंची हैं। भारतीय टीम सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया जबकि दक्षिण अफ्रीका की टीम न्यूजीलैंड का मुकाबला करेगी। डिविलियर्स ने भविष्यवाणी की है कि भारत और साउथ अफ्रीका के बीच ही फाइनल खेला जाएगा। डिविलियर्स ने कहा, 'चैंपियंस ट्रॉफी के दो फाइनलिस्ट बताना संभव नहीं है पर मेरी अंतरात्मा कहती है कि भारत और दक्षिण अफ्रीका की टीम टी20 विश्व कप फाइनल की तरह ही यहां भी मुकाबला करेंगी। इंग्लैंड के खिलाफ जीत से दक्षिण अफ्रीका का मनोबल बढ़ा है।'

डिविलियर्स ने कहा, 'मुझे अफ्रीकी टीम का लुक पसंद है। मार्को जेनसन शानदार फॉर्म में हैं, क्लासेन जैसे खिलाड़ी फॉर्म में हैं। रासी वैन डेर डुसेन, केशव महाराज सभी। मुझे लगता है कि भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच फाइनल बेहद रोमांचक होगा हालंकि आप निश्चित रूप से न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया की उपेक्षा नहीं कर सकते। ये दो भी उतनी ही मजबूत टीमें हैं। विशेषकर जब आईसीसी ट्रॉफी की बात आती है। तो भारतीय टीम इंडिया ने पिछले साल बारबाडोस के केंसिंग्टन में खेले गए मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को हराकर दूसरा टी20 विश्व कप खिताब जीता था।

## पूर्व पाक क्रिकेटर ने भारतीय टीम को दी चुनौती, बेहतर है तो खेलें 10-10 मुकाबले

**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) सहित उसके दिग्गज क्रिकेटर भारतीय टीम को पाक दौरे पर भेजने का लगातार अनुरोध करते रहे है पर भारतीय बोर्ड सुरक्षा कारणों से उसे ठुकराता रहा है। पीसीबी ने आईसीसी के जरिये भी भारत पर दबाव बनाने का प्रयास किया था पर जब आईसीसी ने मना कर दिया तो पाक के पूर्व क्रिकेटर घटिया स्तर पर उतर आये हैं। इस कड़ी में पाक के पूर्व स्पिन गेंदबाज सकलेन मुश्ताक ने भारतीय टीम को चुनौती दी है। उन्होंने कहा कि अगर भारतीय टीम वास्तव में हमसे बेहतर टीम है तो पाकिस्तान के साथ 10 टेस्ट, 10 एकदिवसीय और 10 टी20 अंतरराष्ट्रीय खेलकर दिखाये। सकलेन ने ये बात पाकिस्तानी मीडिया में कही।



इस दौरान वहां पूर्व क्रिकेटर इंजमाम-उल-हक भी उपस्थित थे। यह बयान ऐसे समय आया है जब भारत और पाकिस्तान के बीच क्रिकेट प्रतिद्वंदिता पर कई पूर्व दिग्गजों ने सवाल उठाते हुए कहा कि ये अब पहले की तरह रोमांचक नहीं रही क्योंकि अब मुकाबले एकतरफ हो रहे हैं क्योंकि पाक टीम काफी कमजोर हो गयी है। हाल के मैचों में भारत का प्रदर्शन पाकिस्तान से कहीं बेहतर रहा है। चैंपियंस ट्रॉफी में भी भारत ने पाकिस्तान को आसाने से हरा दिया था।

वहीं सकलेन इस बात से सहमत नहीं हैं। उन्होंने कहा, अगर हम राजनीतिक बातों को छोड़ दें तो उनके खिलाड़ी बहुत अच्छे हैं और वे अच्छा क्रिकेट खेल रहे हैं। सकलेन ने साथ ही कहा, अगर आप सच में एक अच्छी टीम हैं, तो मुझे लगता है कि पाकिस्तान के खिलाफ एक-एक सीरीज खेलें तब सब कुछ साफ हो जाएगा। सकलेन का मानना है कि कुछ मैचों के आधार पर दोनों टीमों की तुलना करना सही नहीं है। ज्यादा मैच खेलने से असली तस्वीर साफ होगी। सकलेन ने भी माना कि इस समय पाकिस्तान टीम में सब कुछ ठीक नहीं है। लेकिन उनका मानना है कि सही इरादे से इसे ठीक किया जा सकता है।

सकलेन मुश्ताक ने कहा, अगर हम अपनी तैयारी सही तरीके से करें और चीजों को सही दिशा में ले जाएं, तो हम ऐसी स्थिति में होंगे जहां हम दुनिया और भारतीय टीम को भी करारा जवाब दे सकते हैं। भारतीय टीम अभी पाकिस्तान के साथ केवल आईसीसी जैसे बड़े टूर्नामेंट में ही खेलती है। दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय सीरीज फिलहाल नहीं हो रही है। ऐसे में सकलेन की चुनौती को स्वीकार किया जाना मुश्किल लग रहा है।

## आईपीएल के लिए अभ्यास में लगी है पंजाब किंग्स

धर्मशाला ।पंजाब किंग्स की टीम इसी माह शुरु होने वाले आईपीएल के 18वें सत्र की तैयारियों में लग गयी है।इस बार पंजाब की टीम नये कप्तान रेयस अय्यर के साथ उतरेगी। आईपीएल कार्यक्रम जारी होने के बाद से ही पंजाब किंग्स के खिलाड़ियों ने अभ्यास शुरु कर दिया।टीम यहां के धर्मशाला स्टेडिमय में अभ्यास कर रही है।अभ्यास में प्रभ सिमरन सिंह, शशांक सिंह, यजुवेंद्र चहल सहित करीब 10 खिलाड़ी शामिल रहे। इस अभ्यास सत्र के दौरान खिलाड़ियों ने पिच पर भी अभ्यास कर उनका अंदाजा लेने का प्रयास किया। इस दौरान एचपीसीए के खिलाड़ियों को भी पंजाब के खिलाड़ियों के साथ अभ्यास करने का अवसर मिला। वहीं इस सत्र के साथ ही पंजाब की टीम यहां अभ्यास मैच भी खेलेगी। इन मैचों का आयोजन मौसम के हालात पर निर्भर करेगा, साथ ही यह मैच किसके साथ होगा, यह इसकी स्थिति भी अभी स्पष्ट नहीं हो पाई है।गौरतलब है कि पंजाब किंग्स के लिए घरेलू मैदान माने जाने वाले धर्मशाला स्टेडियम में इस साल 3 आईपीएल मैच खेले जाएंगे। इन 3 मैचों में पंजाब की टीम का मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स, मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के साथ होगा। पंजाब की टीम को उम्मीद है कि जिस प्रकार पिछले सत्र में श्रेयस ने केकेआर को जीत दिलायी थी। उसी प्रकार वह उसे भी जीत दिलाएगी।

## बाबा निराला की शरण में पहुंचे चहल




मुम्बई ।भारतीय टीम से बाहर चल रहे क्रिकेटर युजवेंद्र चहल आजकल खराब दौर से गुजर रहे हैं। पत्नी धनश्री वर्मा से भी उनका तलाक को गया है। वहीं इसी बीच चहल का एक ऐसा वीडिया सामने आया है जिसे देखकर आप हंसे बिना नहीं रह पायेंगे।इस पोस्ट में परेशान नजर आ रहे चहल बाबा निराला से सहायता मांगते दिख रहे हैं।पिछले हफ्ते एमएक्स प्लेयर की वेब सीरीज 'आश्रम' के तीसरे सत्र का दूसरा पार्ट रिलीज हुआ था और इस सीरीज में बॉबी देओल ने बाबा निराला की भूमिका निभाई थी। चहल, बाबा निराला के दरबार पहुंचते हैं, जिससे उनका सलामी बल्लेबाज बनने का सपना पूरा हो सके। चहल कहते हैं, ' कृपया मुझे सलामी बल्लेबाज बना दो।' बाबा कहते हैं, 'तथास्तु।' इसके तुरंत बाद युजवेंद्र चहल पानी की बोतलें, टिफिन और जाम दरवाजे खोलते दिखाई देते हैं। चहल इसके बाद कहते हैं, 'अच्छा ओपनर बना दिया बाबा।' इस पर प्रतिक्रिया देते हुए बाबा निराला कहते हैं, 'बाबा के आश्रम से कोई भी खाली हाथ नहीं जाता।' वहीं पूर्व सलामी बल्लेबाज शिखर धवन ने इस वीडियो को मजेदार बताया है।

## आईपीएल 25 में नई जर्सी में नजर आयेंगे केकेआर के खिलाड़ी

**मुम्बई (एजेंसी)।** कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) आईपीएल 2025 में नई जर्सी में नजर आयेगी। गत विजेत केकेआर ने चैम्पियंस ट्रॉफी के लिए अपनी नई जर्सी जारी कर दी है। सोशल मीडिया पर जो नई जर्सी पेश की गयी है उसमें तीन स्टार बने हुए हैं। कोलकाता नाइट राइडर्स ने नई जर्सी का वीडियो भी जारी किया है। इस वीडियो में टीम की जर्सी पर तीन स्टार्स को कोरबो-लड़बो-जीतबो का सिंबल बताया गया है। गौरतलब है कि केकेआर ने अभी तक तीन बार आईपीएल खिताब जीता है। इस तरह से यह तीन स्टार उसके तीन आईपीएल खिताब के बारे में भी बताते हैं। इसके अलावा जर्सी पर गोल्डन बैज भी लगा है।

केकेआर ने नई जर्सी का वीडियो जारी




किया है। इस वीडियो में 'कुछ कुछ होता है' फिल्म में स्टार्स काउंट करने वाला छोटा बच्चा, यहां पर भी स्टार्स काउंट कर रहा है। वह स्टार काउंट करते हुए बोलता है, कोरबो, लड़बो, जीतबो। इसके अलावा केकेआर के कई स्टार खिलाड़ी भी वीडियो में दिखाई दे रहे हैं। इन खिलाड़ियों में वेंकटेश अय्यर, रिंकू सिंह समेत कई अन्य क्रिकेटर्स शामिल हैं। गौरतलब है कि आईपीएल 2024 में केकेआर ने श्रेयस अय्यर की कप्तानी में ऐतिहासिक सफलता हासिल की थी। इस सत्र के लिए हालांकि अभी तक टीम के कप्तान को नाम सामने नहीं आया है। वहीं हाल ही में ऑलराउंडर वेंकटेश अय्यर ने कहा था कि अगर उन्हें अवसर दिया गया तो वह कप्तानी करने के लिए तैयार हैं। वेंकटेश को हालांकि प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में किसी भी स्तर पर कप्तानी का कोई अनुभव नहीं है। आईपीएल के 2025 सत्र की शुरुआत 22 मार्च को ईडन गार्डन्स में केकेआर और आरसीबी के बीच मुकाबले के साथ होगी। इसका समापन भी 25 मई को इसी जगह होगा।

## एशियाई चैंपियंस लीग : रोनाल्डो की गैरमौजूदगी में अल–नासेर ने एस्तेघलाल से ड्रॉ खेला



तेहरान ।दिग्गज खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्ड की गैरमौजूदगी में सऊदी अरब के अल–नासेर ने एएफसी चैंपियंस लीग (एसीएल) फुटबॉल मैच में ईरान के एस्तेघलाल के साथ पहले चरण के मैच को गोलरहित ड्रॉ खेला। 40 साल के रोनाल्डो ने मैनचेस्टर यूनाइटेड और रीयाल मैड्रिड के साथ पांच बार यूएफा चैंपियंस लीग खिताब जीते हैं।इस साल जनवरी में एस्टन विला से अनुबंधित किए गए जॉन डुरान सोमवार को खेले गये मैच में गोल करने के करीब पहुंच कर चूक गए। लीवरपूल के पूर्व स्टार सादियो माने के पास मौके थे लेकिन एस्तेघलल के गोलकीपर सईद होसैन होसैनी ने शानदार खेल से उनके सभी प्रयासों को विफल कर दिया।दोनों टीमों के बीच दूसरे चरण का मैच 11 मार्च को रियाद में होगा, जिसे जीतने वाली टीम क्वार्टर फाइनल में पहुंचेगी। एक अन्य मैच में संयुक्त अरब अमीरात के अल वस्ल को कतर के अल–साद ने गोलरहित बराबरी पर रोका।

## अब रिचर्ड्स बोले, दुबई में खेलने का भारतीय टीम को मिल रहा लाभ

**–आईसीसी एक ही जगह मैच रखने पर जवाब दे**

**जमैका (एजेंसी)।** वेस्टइंडीज के दिग्गज क्रिकेटर विवियन रिचर्ड्स ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की आलोचना की है। रिचर्ड्स ने कहा है कि आईसीसी ने भारतीय टीम के सभी मैच दुबई में रखे हैं जिसका लाभ उसे मिल रहा है। रिचर्ड्स से पहले ऑस्ट्रेलियाई टीम के कप्तान पैट कमिंस और कुछ अन्य क्रिकेटरों ने भी कहा था कि दुबई में ही मैच होने से भारतीय टीम को लाभ हुआ है जबकि अन्य टीमों को अलग-अलग मैच स्थलों पर जाना पड़ रहा है। रिचर्ड्स के अनुसार भारतीय टीम को एक ही जगह खेलने की सुविधा दी गयी है जिसको लेकर उन्होंने सवाल भी उठाये हैं। रिचर्ड्स ने ये भी कहा कि आईसीसी को चैंपियंस ट्रॉफी के कार्यक्रम पर उठ रहे सवालों का जवाब देना चाहिए।

उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण अफ्रीका को पता नहीं था कि उनके सेमीफाइनल मुकाबले कहां होंगे जबकि भारतीय टीम को पता था कि उसे दुबई के एक ही मैदान पर खेलना है। वहीं इंग्लैंड के पूर्व क्रिकेटर नासिर हुसैन और माइकल एथरटन ने भी ये सवाल उठाया था। रिचर्ड्स ने इंटरनेशनल मास्टर्स लीग के दौरान कहा, हो सकता है कि लोगों का अनुमान सही हो। मुझे भी लगता है कि ऐसा राजनीति के कारण होता है। मैं राजनीति पक्ष में नहीं जाना चाहता पर मेरा मानना है कि आईसीसी को इस बारे में विचारा करना चाहिये था। आईसीसी की ही ये समस्या है और उसे जवाब देना चाहिये।



## रोहित पर टिप्पणी करने वाली कांग्रेस नेता शमा पर भड़के हरभजन –पूछा क्या फिटनेस कोच हैं शमा

नई दिल्ली ।पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने कहा है कि किसी को भी टीम के कप्तान रोहित शर्मा को लेकर विवादस्पद टिप्पणी करने का अधिकार नहीं है। अपने इस बयान से हरभजन ने रोहित को मोटा और औसत कप्तान करने वाली कांग्रेस प्रवक्ता शमा मोहम्मद को करारा जवाब दिया है।हरभजन ने कहा कि रोहित ने एक दशक से अधिक समय से भारतीय टीम को अपनी सेवाएं दी हैं और अभी भी वह टीम का नेतृत्व काफी अच्छी तरह से कर रहे हैं। साथ ही कहा कि रोहित एक महान खिलाड़ी हैं, जिन्होंने देश के लिए बहुत कुछ किया है। वह अभी भी भारतीय क्रिकेट टीम के कप्तान हैं और अपनी फिटनेस और प्रदर्शन के आधार पर टीम में बने हुए हैं।अगर उनकी फिटनेस ठीक नहीं होती, तो वह टीम का हिस्सा नहीं होते।

हरभजन ने शमा को दिये अपने करारे जवाब में कहा कि टीम में शामिल होने के लिए कई स्तरों की फिटनेस से गुजरना पड़ता है। मैं यह जानना चाहता हूं कि क्या शमा फिटनेस कोच हैं, बीसीसीआई की अध्यक्ष हैं या किसी खेल से जुड़ी हुई हैं, जो रोहित की फिटनेस को कम बता रही हैं। मुझे नहीं लगता कि उन्होंने तथ्यों को सही तरीके से समझा है।उन्होंने आगे कहा कि रोहित की तुलना किसी ऐसे खिलाड़ी से की जा रही है, जो अभी भी टीम में हैं, लेकिन यह तुलना बिल्कुल भी सही नहीं है। मुझे लगता है कि शमा को फिटनेस के सही मापदंडों की ही जानकारी नहीं है। हमें सिर्फ रोहित शर्मा की फिटनेस या व्यक्तिगत मामलों पर चर्चा करने के बजाय उनके योगदान पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए। वहीं इससे पहले कांग्रेस नेता शमा ने रोहित की फिटनेस को लेकर सवाल उठाए थे। शमा ने सोशल मीडिया पर कहा था कि उनका वजन अधिक है और वह एक कुशल कप्तान भी नहीं है पर किस्मत से यहां तक पहुंच गये हैं।

## नीदरलैंड के दिग्गज ताइकेमा भारतीय महिला ड्रैग फ्लिकर के साथ काम करेंगे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत ने 2028 लॉस एंजिल्स ओलंपिक तक अल्पकालिक आधार पर राष्ट्रीय महिला हॉकी टीम के ड्रैग फ्लिकर के साथ काम करने के लिए नीदरलैंड के दिग्गज ताइके ताइकेमा से करार किया है। ताइकेमा ने पिछले महीने भुवनेश्वर में भारत के एफआईएच प्रो लीग अभियान से पहले 10 से 16 फरवरी तक सात दिवसीय शिविर में भारतीय खिलाड़ियों को प्रशिक्षण दिया था।

भारत ने प्रो लीग के घरेलू चरण में इंग्लैंड, जर्मनी, नीदरलैंड और स्पेन के खिलाफ मुकाबला किया था। इस सात दिवसीय शिविर में दीपिका, मनीषा चौहान, सोनम और अन्नू जैसी खिलाड़ियों के साथ-साथ कुछ जूनियर खिलाड़ियों ने भी भाग लिया। ताइकेमा के मार्गदर्शन में शिविर का मुख्य उद्देश्य तकनीकी कौशल को निखारने के साथ ड्रैग फ्लिक की सटीकता में सुधार करना था।

भारतीय महिला टीम के मुख्य कोच हरेंद्र सिंह ने कहा कि शिविर खिलाड़ियों के लिए बहुत फायदेमंद रहा और ताइकेमा लॉस एंजिल्स खेलों तक अल्पकालिक आधार पर टीम के साथ काम करना जारी रखेंगे। उन्होंने कहा, ''ताइकेमा ड्रैग फ्लिक के मामले में सबसे महान दिग्गजों में से एक हैं। मैंने हॉकी इंडिया से उन्हें इस क्षेत्र में सुधार करने में हमारी मदद करने के लिए लाने का अनुरोध किया। वह तकनीक को निखारने और ड्रैग फ्लिक की प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए टीम के साथ काम कर रहे हैं।''

हरेंद्र ने कहा, ''ड्रैग फ्लिक करना एक विशिष्ट कौशल है और ताइकेमा भविष्य के शिविर में भी हमारे साथ काम करना जारी रखेंगे।'' हरेंद्र ने इससे दीपिका के प्रदर्शन में सुधार का जिक्र करते हुए कहा, '' हमने दीपिका के साथ निश्चित प्रगति देखी है, खासकर हाल के प्रो लीग मैचों के दौरान। ''

इस 45 साल के पूर्व खिलाड़ी को अपने खेल के दिनों में पेनल्टी-कार्नर की सटीकता के लिए जाना जाता था। ताइकेमा ने 11 वर्षों के अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में नीदरलैंड की पुरुष टीम के लिए 94 मैचों में 170 गोल किए। उन्हें दुनिया के सबसे खतरनाक पेनल्टी कॉर्नर विशेषज्ञों में से एक माना जाता है। वह 2002 और 2006 चैंपियंस ट्रॉफी, 2006 विश्व कप, 2008 ओलंपिक खेलों और 2010 एफआईएच विश्व कप सहित कई प्रमुख अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंटों में शीर्ष स्कोरर थे। उन्होंने 2022 से 2024 तक चीन की महिला टीम के सहायक कोच के रूप में भी काम किया।

दीपिका ने भी कहा कि उन्हें शिविर से बहुत लाभ हुआ। प्रो लीग में पेनल्टी कॉर्नर से अपने तीन में से दो गोल करने वाली दीपिका ने कहा, ''यह सिर्फ एक सप्ताह का शिविर था, लेकिन यह एफआईएच प्रो लीग के घरेलू चरण के लिए काफी फायदेमंद साबित हुआ। मैंने इस दौरान फुटवर्क, शॉट रिलीज और




फिनिशिंग को बेहतर बनाने पर ध्यान केंद्रित किया। इससे मुझे उन तकनीकी समायोजनों की स्पष्ट समझ मिली जिसे मुझे करने की जरूरत थी।

# दो दिवसीय दौरे पर मुंगेर पहुंचे पूर्व आईपीएस शिवदीप लांडे

**मुंगेर।** पूर्व आईपीएस शिवदीप लांडे आईजी पद से इस्तीफा देने के बाद सोमवार को पहली बार मुंगेर पहुंचे हैं। बता दें कि वो दो दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे है। उन्होंने मंगलवार की सुबह जमालपुर के जुबलीवेल चौक से रन फॉर सेल्फ कार्यक्रम की शुरूआत की। इस कार्यक्रम में सैकड़ों युवाओं ने उनका साथ दिया। यह दौड़ का रूट जुबली बेल चौक से शुरू होकर सफिया बाद, छोटा मिजार्पुर, संदलपुर, कोणार्क मोड, कौडा मैदान और भगत सिंह चौक होते हुए मुंगेर के पोलो मैदान तक रहा। कुल 10 किलोमीटर की



इस दौड़ में लांडे रास्ते भर युवाओं से मिलते और बातचीत करते रहे।

मुंगेर में यह दौरा शिवदीप लांडे के लिए खास जगह है। बता दें कि उन्होंने यहीं से प्रशिक्षु आईपीएस के रूप में अपने करियर की शुरूआत की थी। मुंगेर सीमा में प्रवेश करते ही समर्थकों ने उनका जोरदार स्वागत किया गया। उन्होंने अपने परिवार के साथ कई ऐतिहासिक स्थलों का भ्रमण भी किया। मुंगेर को अपनी कर्मभूमि बताया लांडे ने मुंगेर को अपनी कर्मभूमि बताया है। उन्होंने युवाओं को प्रेरित करने के लिए रन फॉर सेल्फ कार्यक्रम का आयोजन किया। इस दौरान वे युवाओं के साथ जमालपुर से मुंगेर तक की दौड़ में शामिल रहे। कहा कि वो अपने परिवार के साथ मुंगेर आए है क्योंकि उनका कर्म भूमि मुंगेर है और कैरियर की शुरूआत भी यही से किया है। वही जब मीडिया ने पूछा कि क्या अपने कैरियर को लेकर कुछ बड़ा ऐलान भी करना चाहते है तो उन्होंने कहा कि अभी ऐसा कोई प्लान नहीं है वे अभी देख रहे की युवाओं कितना बदलाव को तैयार है । साथ ही जब मीडिया ने पूछा कि वे चुनाव में आयेंगे तो उन्होंने साफ इस बात से मना कर दिया। बिहार दिशा और दशा बदलने की ली शपथ युवाओं को संबोधित करते हुए उन्होंने बताया कि आगामी 10 सालों में बिहार की दिशा और दशा बदलने की शपथ ली । वे बिहार में युवाओं के अंदर आग जगाने निकले हैं। वे बिहार के युवाओं की सोच जानने के लिए पूरे बिहार में ₹रन फॉर सेल्फ₹ के आयोजन की घोषणा भी की।उन्होंने देश निर्माण में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया । उन्होंने कहा कि यदि युवक फिट हैं, तो उनका परिवार फिट है ।यदि परिवार फिट है, तो समाज फिट है। यदि समाज फिट है ,तो देश फिट है।

## बिक्रमगंज में युवक की गोली मारकर हत्या

**रोहतास।** में मंगलवार की सुबह बिक्रमगंज थाना क्षेत्र के करियवा बाल के पास एक युवक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान बरना गांव निवासी सिंहासन सिंह के 25 वर्षीय पुत्र दीपक कुमार के रूप में हुई। उसका शव उसके गांव से करीब 4 किमी दूर मिला है। बिक्रमगंज थानाध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि युवक की मौत गोली लगने से हुई है। घटनास्थल पर एसएफएल टीम को बुलाया गया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जाएगा। घटना की सूचना पर पहुंचे बिक्रमगंज एसडीपीओ कुमार संजय ने बताया कि पुलिस मामले की हर दिशा से जांच कर रही है।



मृतक का शव उसके गांव से लगभग चार किलोमीटर दूर मिला है। बताया जा रहा है कि मृतक का बड़ा भाई सेना में कार्यरत है। वह गांव में रहकर पैसों के लेन-देन का काम करता था। पुलिस को आशंका है कि हत्या का कारण आर्थिक लेन-देन से जुड़ा हो सकता है। घटना की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है।

## राबड़ी बोलीं- बिना चोरी किए लालू जी को सजा हुई

**पटना।** बिहार विधान परिषद में सोमवार को पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी गुस्से में नजर आईं। राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद-विवाद के दौरान जदयू की ओर से भगवान सिंह कुशवाहा बोल रहे थे। इसी दौरान राबड़ी सत्ता पक्ष पर भड़क गई और कहा कि 'आप बीजेपी का साथ छोड़िए, हम आपके साथ आ जाएंगे।' जदयू एमएलसी नीरज कुमार ने भी बोलना शुरू कर दिया, तो राबड़ी देवी ने सवाल किया कि भागलपुर का दंगा कब और किसके समय में हुआ था? नीरज कुमार ने जवाब दिया- 1989 में कांग्रेस की सरकार के समय। इस पर पूर्व सीएम ने कहा कि फिर आप लोग हर बात पर जंगलराज-जंगलराज क्यों कहते रहते हैं? आजादी के बाद जंगलराज नहीं था क्या? लालू



प्रसाद को आप लोग क्यों कोसते रहते हैं? जेडीयू एमएलसी नीरज कुमार से राबड़ी देवी ने कहा कि 'हम लोगों ने आज तक चोरी नहीं किया है। न ही अब तक एऊ या उइक ने कोई चोरी पकड़ी है। बिना चोरी के लालू प्रसाद यादव को सजा हुई है।' 'पिछले दो दिन के अंदर पूरे परिवार को नोटिस भेजा गया है। हम कहीं भागने वाले नहीं हैं। बिहार हम लोगों का है और हम लोग बिहार में ही रहेंगे। पारिवारिक रिश्ता अलग चीज होती है, राजनीतिक अलग।' आरक्षण के सवाल पर राबड़ी देवी ने कहा कि 'फाइल उठाकर देख लीजिए पंचायती राज में आरक्षण का विरोध जेडीयू ने किया था। कहा था- पहले चुनाव होने दीजिए, इसके बाद आरक्षण लागू होगा। अब उल्टा चोर कोतवाल को डांट रहा है। सिर्फ आरजेडी में दोष निकाला जा रहा है।' जेडीयू के एमएलसी से राबड़ी ने कहा कि आप लोग दोनों तरफ मिठाई खाएंगे यह नहीं चलेगा। राबड़ी देवी ने कहा कि 'बिहार में स्वास्थ्य व्यवस्था का हाल बेहाल है। मरीज मार रहे हैं। विभागों में लूट खसोट और घोटाला कायम है। बिना पैसा लिए किसी भी थाने में मामला दर्ज नहीं हो रहा है। गरीबों के खाते में 15-15 लाख रुपए नहीं आ रहे हैं। राज्य में लड़कियों का अपहरण हो रहा है।' 'कुंभ मेले में मारे गए बिहार के लोगों का सर्वे सरकार करवाए और उन्हें मुआवजा दें। सत्ता पक्ष 15 साल को भुला नहीं पा रहा है, जबकि बिहार की जनता भूल चुकी है।'

## हर सीट को भाजपा का समझकर जिताइए

**पटना।** के बापू सभागार में मंगलवार को प्रदेश परिषद की बैठक में औपचारिक तौर पर BJP के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल के नाम की घोषणा की गई। परिषद के प्रभारी केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इसका ऐलान किया। कार्यक्रम में 'बिहार है तैयार फिर से NDA सरकार' का नारा दिया गया। कार्यकताओं को संबोधित करते हुए सम्राट चौधरी ने कहा- 'अगले 6 महीने में सभी कार्यकर्ता लगकर सभी सीट को भाजपा की सीट समझकर जिताने का काम करें।। 2025 में हम 200 प्लस सीटों के साथ NDA सरकार बनाएंगे।' BJP में न कोई पहला, न कोई आखिरी

डिप्टी CM विजय सिन्हा ने कहा- 'BJP दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी केवल संख्या से नहीं, बल्कि कार्यकताओं की ऊर्जा से है। BJP में न कोई पहला होता है



और न आखिरी। यहां पद नहीं, दायित्व मिलता है। पार्टी परिवारवाद से नहीं, कार्यकताओं से आगे बढ़ती है। BJP के कार्यकर्ता तुलसी के पत्ते की तरह हैं।'ल्ल कार्यक्रम में प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े, सह प्रभारी दीपक प्रकाश, डिप्टी CM सम्राट चौधरी, केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, नित्यानंद राय, सांसद राधा मोहन सिंह, रविशंकर प्रसाद, संजय जायसवाल मौजूद हैं। इनके अलावा प्रदेश से लेकर मंडल स्तर तक के 15 हजार कार्यकर्ता शामिल हैं। पार्टी की ओर से जुलाई 2024 से ही दिलीप जायसवाल को अध्यक्ष नियुक्त कर दिया गया है। लोकसभा चुनाव के बाद सम्राट चौधरी की जगह दिलीप जायसवाल को प्रदेश अध्यक्ष बनाया गया था। इसके बाद औपचारिक संगठन चुनाव से पहले 27 फरवरी को दिलीप जायसवाल ने बिहार सरकार में राजस्व व भूमि सुधार विभाग के मंत्री पद से अपना इस्तीफा दिया था। दिलीप जायसवाल के प्रदेश अध्यक्ष चुनने की प्रक्रिया सोमवार से ही शुरू हो गई थी। उन्होंने पार्टी के चुनाव पदाधिकारी सह प्रदेश महामंत्री राजेश वर्मा के सामने प्रदेश अध्यक्ष के लिए अपना पर्चा दाखिल किया। डिप्टी CM सम्राट चौधरी और

### बदमाशों ने फाइनेंस कर्मी को मारी गोली, गंभीर

**मधुबनी।** के अंधराठाढ़ी थाना क्षेत्र में अपराधियों ने फाइनेंस कंपनी के कर्मचारी को गोली मार दी। घटना सोमवार रात मदना गांव के पास की है। घायल कर्मचारी की पहचान समस्तीपुर जिले के रिशु कुमार के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि फाइनेंस कंपनी के दो कर्मचारी मदना पंचायत से कैश कलेक्शन कर वापस लौट रहे थे। तभी इसी दौरान रास्ते में घात लगाए बैठे अपराधियों ने हमला कर दिया। अपराधियों ने रिशु कुमार के पैर में गोली मार दी। घायल कर्मचारी को पहले प्राथमिक उपचार दिया गया। बाद में बेहतर इलाज के लिए मधुबनी सदर अस्पताल भेज दिया गया। अंधराठाढ़ी थाना पुलिस मौके पर पहुंच गई है। झंझारपुर डीएसपी भी घटनास्थल का निरीक्षण कर रहे हैं। पुलिस हमले के कारणों की जांच कर रही है। साथ ही अपराधियों की पहचान के लिए छानबीन में जुटी है।स्थानीय लोगों का कहना है कि इलाके में इस तरह की घटनाएं बढ़ रही हैं।

## प्रसव के बाद महिला की मौत, परिजनों का हंगामा

**बांका।** के रजौन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में एक महिला ने बच्ची को जन्म दिया। लेकिन प्रसव के आधे घंटे बाद उसकी हालत बिगड़ गई। बौसी थाना क्षेत्र के डांडे गांव की रहने वाली प्रमिला देवी अपनी भतीजी की शादी में शामिल होने रजौन के चकसफिया गांव आई थीं। सोमवार रात करीब 10 बजे उन्हें प्रसव पीड़ा हुई। परिजन उन्हें तुरंत रजौन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। डॉक्टर ने जांच के बाद प्रमिला को प्रसव कक्ष में भर्ती किया। उन्होंने एक बच्ची को जन्म दिया। प्रसव के बाद प्रमिला को रक्तस्राव होने लगा। डॉक्टरों ने उनकी गंभीर स्थिति देखते हुए भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया। लेकिन रास्ते में ही प्रमिला की मौत हो गई। बच्ची सुरक्षित है। आक्रोशित



परिजन शव लेकर रजौन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। उन्होंने स्वास्थ्य कर्मियों पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। सूचना मिलने पर थाना अध्यक्ष रवि कुमार पुलिस बल के साथ पहुंचे। काफी समझाने-बुझाने के बाद मामला शांत हुआ। पुलिस मामले की जांच कर रही है।मृतिका की बहन राजो देवी ने बताया की जब मैं अपनी बहन प्रमिला देवी को रजौन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराए तो उसे समय दर्द हो रहा था। मैंने नर्स से कहा की यहां नहीं हो पा रहा है तो हमें दूसरे डॉक्टर के पास भेज दीजिए।

## संक्षिप्त डायरी

### विवाहित प्रेमिका के डांस से प्रेमी नाराज, गला घोटकर हत्या



**गया।** में प्रेमी शिवा कुमार (30) ने शिवरात्रि के कार्यक्रम में डांस करने के कारण प्रेमिका विभा देवी (26) की गला घोंटकर हत्या कर दी। विभा शादीशुदा थी। विभा को डेढ़ साल की एक बच्ची भी है। घटना 1 मार्च की रात लुटुआ थाना क्षेत्र के कोठिलवा गांव की है। पुलिस ने महिला के प्रेमी शिवा ओर उसके देवर बबलू कुमार को गिरफ्तार किया है। दरअसल, गया के लुटुआ थाना क्षेत्र के कोठिलवा गांव में शिवरात्रि के मौके पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया था। विभा देवी अपने प्रेमी शिवा कुमार और देवर बबलू कुमार के साथ कार्यक्रम में पहुंची थी। वहां वो जमकर डांस कर रही थी। इसे लेकर दोनों में झगड़ा हुआ था। इसके बाद गुस्से में आकर प्रेमी शिवा कुमार ने विवाहित प्रेमिका विभा देवी की गला घोटकर हत्या कर दी। वहीं घटना की सूचना मिलते ही पुलिस एक्शन में आई और जांच शुरू कर दी। मृतका के मायके वालों ने ससुराल वालों पर ही हत्या की आशंका जताई थी। दरअसल, घटना के बाद ससुरालवाले गांव छोड़कर फरार हो गए थे, लेकिन पुलिस जांच में मामला प्रेम प्रसंग का निकला।रउद्धड अमित कुमार ने बताया कि लुटुआ थाने को 1 मार्च को सूचना मिली थी कि कोठिलवा गांव में एक महिला की हत्या कर दी गई है। मामले की गंभीरता को देखते हुए नगर पुलिस अधीक्षक और अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, इमामगंज के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया। तकनीकी और फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर भेजा गया। पुलिस को छानबीन के दौरान जानकारी मिली कि विभा आखिरी बार शिवा और बबलू के साथ देखी गई थी। पुलिस ने दोनों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू किया, जिसके बाद पूछताछ में शिवा कुमार ने हत्या की बात कबूल ली। उसने बताया कि मृतका से उसका प्रेम प्रसंग था। शिवरात्रि पर आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में डांस को लेकर दोनों में झगड़ा हुआ था। इसके बाद गुस्से में आकर उसने महिला की हत्या कर दी। SDPO ने बताया कि आरोपियों का आपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है। SDPO ने बताया कि पुलिस टीम ने वैज्ञानिक अनुसंधान और पारंपरिक तरीकों से 24 घंटे के अंदर दो आरोपियों शिवा कुमार और बबलू कुमार को गिरफ्तार कर लिया। विभा की शादी 2022 में सतीश से हुई थी। शिवा अक्सर सतीश के घर आता था। शादी के कुछ ही दिन बाद से ही सतीश, विभा पर शक करने लगा था। गांव वालों का कहना है कि सतीश बीते कुछ महीने से प्रदेश में कमाने चला गया था। घटना से एक दिन पहले ही अपने घर लौटा था।

### 200 हिंदू परिवार अपने ही घरों में कैद



**पूर्णिया।** में रास्ते के विवाद में दो पक्ष आपस में भिड़ गए। मामला, बायसी थाना क्षेत्र के शर्मा टोली गांव का है, जहां रास्ता न होने से 200 हिंदू परिवार अपने ही घरों में कैद हो गए हैं। लोग पिछले 4 दशकों से निजी सड़क का इस्तेमाल कर अपने घरों तक आते जाते थे। हालांकि बाद में इस जमीन पर अपना दावा करते हुए एक समुदाय ने रास्ता बंद कर दिया। वहीं इस मामले को लेकर लोगों ने DM से रास्ते का समाधान निकालने की गुहार लगाई है।12 डिसमिल जमीन के कारण 100 मीटर लंबा रास्ता बंद ग्रामीण पुष्पा देवी, सुधा देवी, बिंद लाल शर्मा, सुमन कुमार ने बताया कि वो लोग पिछले चार दशक से भी अधिक वक्त से बायसी के शर्मा टोली गांव में रह रहे हैं। उनके इलाके के चारों तरफ मुस्लिम बस्ती है। उनके गांव तक जाने के लिए एक मात्र रास्ता है। इस पर विशेष समुदाय ने अपना दावा करते हुए रास्ता बंद कर दिया। महज 12 डिसमिल जमीन के कारण 100 मीटर लंबा रास्ता बंद हो गया है। उनका कहना है कि उन लोगों ने जमीन मालिक को रास्ते के लिए एक लाख रुपए भी दिए थे, लेकिन बाद में समाज के बढ़ते दवाब के कारण जमीन मालिक ने पैसा लौटा दिए। अब हालात ऐसे हैं कि गांव तक जाने के लिए चारों तरफ से रास्ता बंद कर दिया गया है। इसके कारण पिछले 6 महीने से उन्हें दूसरे रास्ते का इस्तेमाल करना पड़ रहा है। वो अपने ही घर में बंद हैं। पीड़ितों का कहना है कि उन्हें कच्चे और खराब रास्ते का इस्तेमाल करना पड़ता है। रास्ता न होने के कारण गांव में किसी की शादी हो पा रही है। साथ ही गांव में किसी की तबीयत अचानक से बिगड़ने पर उन्हें सही समय पर इलाज नहीं मिल पाता है। इतना ही नहीं विशेष समुदाय पक्ष के लोग उन्हें पूजा-पाठ करने से भी रोकते हैं और धार्मिक अवसरों पर लाउडस्पीकर तक बजाने से रोका जाता है। सोमवार को हिंदू समाज से जुड़े सभी ग्रामीण अपनी समस्याओं के साथ DM कुंदन कुमार से मुलाकात करने पहुंचे। आवेदन सौंप रास्ते का विवाद सुलझाने का आग्रह किया।

## भोजपुर में अवैध हथियार के साथ तीन गिरफ्तार



**भोजपुर।** जिले के अलग-अलग जगहों पर पुलिस ने छापेमारी कर दो अवैध हथियारों समेत तीन बदमाशों को धर दबोचा। इसकी जानकारी सोमवार को एसपी राज ने दी। इसे लेकर अलग-अलग थानों में आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी की गई है। शाहपुर थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बनाही रोड में छापेमारी कर अवैध हथियारों के साथ दो को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपितों में कृष्णागढ़ थाना के त्रिभुवानी सोहरा गांव निवासी गुलशन कुमार साह एवं शाहपुर थाना के बनाही गांव निवासी मनीष कुमार गुप्ता शामिल है। इस दौरान एक देसी पिस्टल,एक बाइक एवं दो मोबाइल जब्त किया गया है। दोनों रिश्ते में मामा-भांजे बताए जा रहे है। बनाही से शाहपुर की ओर जा रहे थे, तभी बनाही रोड में दोनों ही पकड़े गए। दूसरी ओर, उदवंतनगर थाना पुलिस ने रघुपुर गांव में छापेमारी कर अवैध हथियार के साथ एक को धर दबोचा। पकड़ा गया आरोपित रमेश सिंह रघुपुर गांव का निवासी है। एक देसी कट्टा व दो खोखा बरामद किया गया है। थानाध्यक्ष राम कल्याण यादव ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपित घर में अवैध हथियार रखा है। जिसके बाद टीम गठित कर छापेमारी की गई। घर से ही अवैध हथियार समेत धर दबोचा गया। अंग्रेजी शराब के साथ एक कारोबारी गिरफ्तार 257 लीटर अंग्रेजी शराब के साथ एक कारोबारी को गिरफ्तार किया है। उक्त जानकारी जगदीशपुर एसडीपीओ राजीवचंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार कारोबारी शाहपुर थानाक्षेत्र के बीरपुर गांव निवासी कमल कुमार है जिसके पास से एक बोलेरो वाहन भी जब्त किया गया है। एसडीपीओ ने बताया कि पुलिस को रविवार की रात्रि गुप्त सूचना मिली कि अंग्रेजी शराब की एक बड़ी खेप बौलीपुर बगीचे मे उतारा गया है। तब जगदीशपुर थानाध्यक्ष विगाउ राम के नेतृत्व मे एक पुलिस टीम गठित कर मौके पर भेजा गया।

## पानी में क्लोराइड-आर्सेनिक, कैंसर पेशेंट सबसे ज्यादा

**बेगूसराय।** के पानी में आयरन, क्लोराइड और आर्सेनिक की मात्रा अधिक है। शहरी क्षेत्र के ग्राउंड वाटर में आयरन ज्यादा है। वहीं गंगा के क्षेत्र में आर्सेनिक, जबकि गंडक क्षेत्र के पानी में क्लोराइड की मात्रा तय मानक से काफी अधिक है। डीएम तुषार सिंगला ने जिले में पानी के गुणवत्ता की जांच कराई तो चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए। जिले के अधिकतर हिस्सों की स्थिति यह है कि हैंडपंप का पानी पीने से कैंसर का खतरा सबसे अधिक है। यही वजह है कि बेगूसराय में कैंसर के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। हेल्थ डिपार्टमेंट के आंकड़ों के अनुसार, सिर्फ बेगूसराय सदर अस्पताल में 60 से 80 कैंसर के मरीज प्रत्येक साल डिटेक्ट किए जा रहे हैं। जबकि इससे 10 गुना अधिक मरीज बिहार और देश के विभिन्न बड़े सरकारी अस्पतालों में इलाज कराते हैं। मौत का आंकड़ा भी कम नहीं है। अब सरकार यहां कैंसर हॉस्पिटल खोलने जा रही है। कल यानी सोमवार को जब बिहार के वित्त मंत्री सम्राट चौधरी ने बजट पेश किया तो, उन्होंने इसकी घोषणा की। पर्यावरणविद् की माने तो जिले में प्रदूषण इतना है कि सिगरेट नहीं पीने वाले भी लंग्स कैंसर के शिकार हो रहे हैं।बेगूसराय के कैंसर स्पेशलिस्ट सर्जन और नवलोक हॉस्पिटल डायरेक्टर डॉक्टर नवनीत कुमार बताते हैं 'बेगूसराय मेडिकल हब है और यहां सिर्फ जिले के ही नहीं आसपास के कई जिलों से मरीज आते हैं। अगर यहां कैंसर अस्पताल बन जाता है तो आधे दर्जन से भी अधिक जिले के लोगों को फायदा होगा।' डॉक्टर नवनीत कुमार बताते हैं कि 'दूध को फटने से बचाने और बाहर से लाये गए मछलियों को सड़ने-दुर्गन्ध से बचाने के लिए फॉर्मेलिन का हो रहा प्रयोग कैंसर को जन्म देता है। पित्त की थैली के पत्थर से पीड़ित मरीजों में 0.3 प्रतिशत से 3 प्रतिशत में पित्त की थैली का कैंसर मिलता है।' 'इस कैंसर के 70 प्रतिशत मामले अंतिम अवस्था में पता चलता है और करीब 90 प्रतिशत मरीज की मौत रोग का पता चलने के एक साल के भीतर हो जाता है। ट्यूमर मार्कर 80 प्रतिशत मरीजों में बढ़ा हुआ मिलता है। पर्यावरणविद् बोले- गर्व नहीं बेगूसराय के लिए शर्म की बात बेगूसराय में कैंसर हॉस्पिटल बनने की बात पर पर्यावरणविद् शिवप्रकाश भारद्वाज कहते हैं कि 'ये गर्व




नहीं बल्कि बेगूसराय के लिए शर्म की बात है। कैंसर हॉस्पिटल खोलने से कैंसर रोगियों की संख्या कम जाएगी यह नहीं है। मैं नहीं मानता। इसका सबसे बड़ा कारण है कि हमने कावर झील की हत्या कर दी। बगीचे को उजाड़ दिया, विकास किया तो लाखों पेड़ काट दिए और फिर पेड़ लगा नहीं। यह कैंसर बढ़ने का डायरेक्ट इंपैक्ट है।' शिवप्रकाश भारद्वाज के मुताबिक, 'बेगूसराय में कहीं सांस लेने की जगह नहीं है, अभी भी देर नहीं हुआ है, हरियाली की व्यवस्था की जाए तो कैंसर की हालत सुधर सकती है। नहीं तो स्वास्थ्य विभाग और इंश्योरेंस का खर्चा रोज बढ़ता चला जाएगा। दिल्ली में सिगरेट नहीं पीने वाले भी 17 सिगरेट के बराबर प्रदूषण ग्रहण कर रहे हैं, वही स्थिति बेगूसराय की है तो लंग्स कैंसर क्यों नहीं होगा।' 'प्रदूषण बढ़ रहा है, बेगूसराय दुनिया का सबसे प्रदूषित शहर रह चुका है, यह स्थिति सुधरी नहीं है। पॉलिसी मेकर शाम में 7:00 बजे के बाद बाजार को बंद करवा दें, नहीं तो कितना भी अस्पताल बनवा लें, प्रदूषण की स्थिति नहीं सुधरेगी। इमरजेंसी सर्विस को छोड़कर बाजार को 7:00 बजे के बाद बंद कर दिया जाए, हजारों AC चल रहे हैं, लाखों लाइट जल रहा है, उसके बिजली के लिए थर्मल पावर चाहिए। कोई ना कोई बड़ा कदम उठाना होगा।' बेगूसराय के 7 इलाकों का पान पीने लायक भी नहीं बचा भारत सरकार के स्टैंडिंग काउंसिल मेंबर अमरेन्द्र कुमार अमर कहते हैं कि 'जिले में अंडर ग्राउंड वाटर में आयरन, फ्लोराइड, आर्सेनिक की बड़ी मात्रा के साथ बढ़ते विषैले पदार्थ के कारण कैंसर समेत दूसरी गंभीर बीमारियां हो रही हैं। जो जिले में सर्वाधिक खतरनाक स्तर तक पहुंच गया है। बेगूसराय के सांसद और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह कहते हैं कि 'प्रधानमंत्री राहत कोष के तहत केंद्र सरकार की ओर से जानलेवा और लाइलाज बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता प्रदान की जाती है। जब कैंसर मरीजों का भयावह डेटा सामने आया, तो यह एक गंभीर चिंता का विषय है। डीएम तुषार सिंगला ने जिले के पानी की विस्तृत रिपोर्ट साझा की, जिससे यह स्पष्ट हुआ कि बेगूसराय में कैंसर मरीजों की संख्या चिंताजनक है। इस रिपोर्ट के आधार पर सरकार ने बेगूसराय में कैंसर अस्पताल खोलने का प्रावधान किया, जो एक ऐतिहासिक और सराहनीय निर्णय है। यह अस्पताल कैंसर मरीजों के लिए एक नई उम्मीद लेकर आएगा। भारत में वर्तमान में करीब 35 लाख कैंसर के मरीज हैं। प्रत्येक साल लगभग 12-13 लाख कैंसर के नए मरीज सामने आ रहे हैं। जिसमें पांच से छह लाख की मौत हो जाती है। विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुताबिक, भारत में साल 2022 में कैंसर के कुल 14.1 लाख नए मामले सामने आए और कुल 9.1 लाख लोगों की मौत हुई।

कैंसर के 33 प्रतिशत मरीज इलाज, 33 प्रतिशत खानपान और 33 प्रतिशत सकारात्मक सोच तथा सकारात्मक वातावरण से ठीक हो सकते हैं। इसके अलावा, सकारात्मक सोच, अहिंसा, योग, नियमित कसरत, टीकाकरण, जीवनशैली में परिवर्तन, आध्यात्मिक लगाव, शारीरिक प्रतिरक्षा तंत्र की मजबूती, तम्बाकू को अलविदा, चबीर्दार खाना से परहेज, स्वच्छ एवं स्वस्थ पर्यावरण का निर्माण कर कैंसर जैसे जानलेवा रोगों से बचा जा सकता है।

# संक्षिप्त खबरें

## बैतालपुर-देवरिया सदर स्टेशन के मध्य ऑटोमेटिक सिगनलिंग के कमीशनिंग एवं नान-इण्टरलॉक कार्य के मद्देनजर ट्रेनों के परिचालन में बदलाव

**हाजीपुर(बिभा):** रेलवे द्वारा आधारभूत संरचना में विस्तार के क्रम में वाराणसी मण्डल के गोरखपुर कैण्ट-भटनी रेल खण्ड पर बैतालपुर-देवरिया सदर स्टेशन के मध्य ऑटोमेटिक सिगनलिंग के कमीशनिंग एवं नान-इण्टरलॉक कार्य हेतु ब्लाक दिये जाने के कारण ट्रेनों के परिचालन में बदलाव किया गया है जिनका विवरण निम्नानुसार है –

परिवर्तित मार्ग से चलायी जाने वाली ट्रेनें – कटिहार से 06 मार्च, 2025 को खुलने वाली 15707 कटिहार-अमृतसर एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग सीवान-भटनी-गोरखपुर कैण्ट के स्थान पर परिवर्तित मार्ग सीवान-थावे-कप्तानगंज-गोरखपुर कैण्ट के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव देवरिया सदर स्टेशन पर नही रहेगा। नई दिल्ली से 05 मार्च, 2025 को खुलने वाली 12554 नई दिल्ली-सहरसा एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग गोरखपुर कैण्ट-भटनी-सीवान के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोरखपुर कैण्ट-कप्तानगंज-थावे-सीवान के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव देवरिया सदर स्टेशन पर नही रहेगा। अमृतसर से 05 मार्च, 2025 को खुलने वाली 14604 अमृतसर-सहरसा एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग गोरखपुर कैण्ट-भटनी-सीवान के स्थान पर परिवर्तित मार्ग गोरखपुर कैण्ट-कप्तानगंज-थावे-सीवान के रास्ते चलाई जायेगी। मार्ग परिवर्तन के फलस्वरूप इस गाड़ी का ठहराव देवरिया सदर स्टेशन पर नही रहेगा।

नियंत्रित कर चलायी जाने वाली ट्रेन– काठगोदाम से 05 मार्च, 2025 को खुलने वाली 13020 काठगोदाम-हावड़ा एक्सप्रेस पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में 90 मिनट नियंत्रित कर चलाई जायेगी। पुनर्निर्धारित कर चलायी जाने वाली ट्रेन – दरभंगा से 06 मार्च, 2025 को खुलने वाली 02569 दरभंगा-नई दिल्ली स्पेशल दरभंगा से 120 मिनट पुनर्निर्धारित कर चलाई जायेगी ।

## फिरोजपुर मंडल के बटाला स्टेशन पर ईआई के कमीशनिंग के मद्देनजर 02 जोड़ी ट्रेनों का परिचालन आंशिक समापन/प्रारंभ कर

**हाजीपुर(बिभा):** आधारभूत संरचना में विस्तार के क्रम में फिरोज मंडल के अमृतसर-पठानकोट रेल खण्ड पर बटाला स्टेशन पर इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग के कमीशनिंग हेतु एनआई कार्य किये जाने के कारण 02 जोड़ी ट्रेनों का परिचालन आंशिक समापन/प्रारंभ कर चलायी जाएगी जिनका विवरण निम्नानुसार है –

आंशिक समापन – दिनांक 05, 07 एवं 09 मार्च, 2025 को टाटा से खुलने वाली गाड़ी सं. 18101 टाटा-जम्मूतवी एक्सप्रेस का आंशिक समापन अमृतसर में किया जाएगा । दिनांक 06, 08 एवं 10 मार्च, 2025 को सम्बलपुर से खुलने वाली गाड़ी सं. 18309 सम्बलपुर-जम्मूतवी एक्सप्रेस का आंशिक समापन अमृतसर में किया जाएगा ।

आंशिक प्रारंभ – दिनांक 08, 10 एवं 12 मार्च, 2025 को जम्मूतवी से खुलने वाली गाड़ी सं. 18102 जम्मूतवी-टाटा एक्सप्रेस का आंशिक प्रारंभ अमृतसर से ही किया जाएगा । दिनांक 09, 11 एवं 13 मार्च, 2025 को जम्मूतवी से खुलने वाली गाड़ी सं. 18310 जम्मूतवी-सम्बलपुर एक्सप्रेस का आंशिक प्रारंभ अमृतसर से ही किया जाएगा ।

## दानापुर से जबलपुर, रानीकमलापति एवं कोटा के मध्य, गया-आनंद विहार एवं पटना-जालना के मध्य होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

**हाजीपुर(बिभा):** होली के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर दानापुर से जबलपुर, रानीकमलापति एवं कोटा के मध्य, जलना-पटना तथा गया-आनंद विहार के मध्य होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जाएगा जिनका विवरण निम्नानुसार है – गाड़ी संख्या 03697/03698 गया-आनंद विहार-गया सुपरफास्ट स्पेशल (सासाराम-डीडीयू -प्रयागराज के रास्ते): गाड़ी संख्या 03697 गया-आनंद विहार सुपरफास्ट स्पेशल 06 मार्च से 31 मार्च, 2025 तक प्रत्येक रविवार को छोड़कर गया से 14.15 बजे खुलकर 15.06 बजे अनुग्रह नारायण रोड, 15.24 बजे डेहरी ऑन सोन, 15.42 बजे सासाराम, 16.14 बजे भभुआ रोड, 17.20 बजे डीडीयू, 19.50 बजे प्रयागराज रूकते हुए अगले दिन 07.10 बजे आनंद विहार पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 03698 आनंद विहार-गया सुपरफास्ट स्पेशल 07 मार्च से 01 अप्रैल, 2025 तक प्रत्येक सोमवार को छोड़कर आनंद विहार से 08.20 बजे खुलकर 17.20 बजे प्रयागराज, 21.05 बजे डीडीयू, 21.58 बजे भभुआ रोड, 22.34 बजे सासाराम, 22.52 बजे डेहरी ऑन सोन, 23.08 बजे अनुग्रह नारायण रोड रूकते हुए 00.30 बजे गया पहुंचेगी । गाड़ी संख्या 07611/07612 जालना-पटना-जालना होली स्पेशल (डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-कटनी-इटारसी-अकोला-पूर्णा के रास्ते): गाड़ी संख्या 07611 जालना-पटना होली स्पेशल 06, 10 एवं 15 मार्च, 2025 को जालना से 22.00 बजे खुलकर तीसरे दिन 05.40 बजे डीडीयू, 07.00 बजे बक्सर, 07.43 बजे आरा, 08.35 बजे दानापुर रूकते हुए 09.45 बजे पटना पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी संख्या 07612 पटना-जालना होली स्पेशल 08, 12 एवं 17 मार्च, 2025 पटना से 15.45 बजे खुलकर 16.05 बजे दानापुर, 16.40 बजे आरा, 18.08 बजे बक्सर एवं 20.15 बजे डीडीयू सहित अन्य स्टेशनों पर रूकते तीसरे दिन 05.35 बजे जालना पहुंचेगी । गाड़ी सं. 01705/01706 जबलपुर-दानापुर-जबलपुर होली स्पेशल (डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-कटनी के रास्ते) – गाड़ी सं. 01705 जबलपुर-दानापुर होली स्पेशल जबलपुर से 11 मार्च, 2025 को 19.40 बजे खुलकर अगले दिन 05.40 बजे डीडीयू, 07.00 बजे बक्सर, 07.50 बजे आरा रूकते हुए 08.45 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 01706 दानापुर-जबलपुर होली स्पेशल 12 मार्च, 2025 को दानापुर से 11.45 बजे खुलकर 12.18 बजे आरा, 13.08 बजे बक्सर, 15.05 बजे डीडीयू रूकते हुए अगले दिन 03.40 बजे जबलपुर पहुंचेगी । गाड़ी सं. 01661/01662 रानीकमलापति-दानापुर-रानीकमलापति होली स्पेशल (डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-कटनी के रास्ते) – गाड़ी सं. 01661 रानीकमलापति-दानापुर होली स्पेशल रानीकमलापति से 12 एवं 15 मार्च, 2025 को 14.25 बजे खुलकर अगले दिन 05.40 बजे डीडीयू, 07.00 बजे बक्सर, 07.50 बजे आरा रूकते हुए 08.45 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में, गाड़ी सं. 01662 दानापुर-रानीकमलापति होली स्पेशल 13 एवं 16 मार्च, 2025 को दानापुर से 11.45 बजे खुलकर 12.28 बजे आरा, 13.18 बजे बक्सर, 15.05 बजे डीडीयू रूकते हुए अगले दिन 09.50 बजे रानीकमलापति पहुंचेगी । गाड़ी संख्या 09817/09818 कोटा-दानापुर-कोटा होली स्पेशल (डीडीयू-प्रयागराज छिवकी-कटनी-दमोह-सागर के रास्ते):- 09817 कोटा-दानापुर होली स्पेशल 08 एवं 15 मार्च, 2025 को कोटा से 21.25 बजे खुलकर अगले दिन 15.10 बजे डीडीयू, 16.28 बजे बक्सर, 17.15 बजे आरा रूकते हुए 18.30 बजे दानापुर पहुंचेगी । वापसी में 09818 दानापुर-कोटा होली स्पेशल 09 एवं 16 मार्च, 2025 को दानापुर से 21.15 बजे खुलकर 21.45 बजे आरा, 23.20 बजे बक्सर, अगले दिन 02.00 बजे डीडीयू रूकते हुए 22.25 बजे कोटा पहुंचेगी । यात्रीगण रेल परिचालन से जुड़ी किसी भी प्रकार की अद्यतन जानकारी रेलवे हेल्पलाइन नंबर 139 डायल कर अथवा नेशनल ट्रेन इंक्वायरी सिस्टम (एन.टी.ई.एस) वेब पोर्टल या मोबाइल एप से प्राप्त कर सकते हैं ।

## चाईबासा में नक्सलियों की साजिश नाकाम, भारी मात्रा में हथियार व विस्फोटक बरामद



**चाईबासा(बिभा) :** सुरक्षा बलों ने नक्सलियों की बड़ी साजिश को नाकाम कर दिया। एसपी आशुतोष शेखर के निर्देश पर चलाए जा रहे अभियान के दौरान सुरक्षाबलों ने मंगलवार को एक पुराने नक्सल डंप को ध्वस्त कर दिया। यह कार्रवाई जिले के टोंटो थाना क्षेत्र के हुसिपी जंगल में हुई है। जहां नक्सल डंप से एक देशी पिस्टल, दो कार्बाइन, एक रायफल, दस किलो का आईईडी, 58 डेटोनेटर समेत अन्य सामान बरामद किया है। सुरक्षाबलों को टारगेट करने के उद्देश्य से नक्सलियों द्वारा पूर्व में यह विस्फोटक और हथियार छिपाकर रखा गया था।

### उपायुक्त ने की समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषक पाठशाला के कार्य प्रगति की समीक्षा

# कृषि फॉर्म विकसित करने में लगी दो एजेंसी पर करें कार्रवाई: उपायुक्त

बिभा संवाददाता



**पलामू :** समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषक पाठशाला के तहत पलामू जिले में विकसित किये जा रहे कृषि फॉर्म के कार्य प्रगति में शिथिलता बरतने को लेकर उपायुक्त शशि रंजन ने कड़ी नाराजगी जताई। उन्होंने कार्य में लगी दो कार्यकारी एजेंसी के विरूद्ध कार्रवाई का निदेश दिया। उपायुक्त ने सेंटर ऑफ टेक्नोलॉजी एंड इन्टरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट को चेतावनी पत्र भेजने तथा एक माह के अंदर कार्य में आवश्यक सुधार नहीं किए जाने की स्थिति में टर्मिनेट किए जाने की कार्रवाई करने का निदेश दिया। वहीं प्रगति एजुकेशन एकेडमी के कार्य प्रगति की भौतिक निरीक्षण एवं जांच के लिए उपायुक्त ने उप विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक कमेटी का गठन किया। कमेटी में जिला कृषि पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला अभियंता, मत्स्य पदाधिकारी एवं डीएमएफटी के यंग प्रोफेशनल शामिल रहेंगे।

उपायुक्त शशि रंजन आज समाहरणालय सभागार में समेकित बिरसा ग्राम विकास योजना-सह-कृषक पाठशाला अंतर्गत गठित जिला स्तरीय अनुश्रवण समिति की बैठक कर रहे थे।

उपायुक्त ने कहा कि जिले में कृषि के क्षेत्र में बेहतर संभावनाएं हैं। यहां के किसान भी बेहतर कर रहे हैं। कृषि फॉर्म विकसित होने से किसानों को लाभ होगा। उन्होंने कार्य को बेहतर तरीके से क्रियान्वित करते हुए कार्य में प्रगति लाने का निदेश दिया।

विदित हो कि कृषि विभाग की ओर से पलामू जिले में मेदिनीनगर के चियांकी, हरिहरगंज एवं चैनपुर के शिवपुर में कृषि विभाग की ओर से कृषि फॉर्म को विकसित किया जा रहा है। इस कार्य में अलग-अलग स्थानों पर प्रगति एजुकेशन एकेडमी, क्षितीज एग्रोटेक प्रा0लि0 एवं सेंटर ऑफ टेक्नोलॉजी एवं इन्टरप्रेन्योरशिप डेवलपमेंट कार्यकारी एजेंसी के रूप में लगी है। बैठक में उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, जिला भूमि संरक्षण पदाधिकारी आदि उपस्थित थे।

### पलामू में व्यवसायिक खेती को मिलेगा बढ़ावा : उप विकास आयुक्त



**पलामू :** पलामू में व्यवसायिक खेती को बढ़ावा देने को लेकर उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद आज अपने कार्यालय वेश्म में कृषि विभाग एवं अन्य संबद्ध विभाग के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने पलामू में विभिन्न प्रकार की हो रही व्यवसायिक खेती की विस्तृत जानकारी ली। साथ ही उन्होंने मल्टीपल फॉर्मिंग के लिए किसानों को प्रेरित करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि कृषि एवं अन्य संबद्ध विभागों के समन्वय व सामूहिक प्रयास से पलामू कृषि के क्षेत्र में बेहतर कर सकेगा। उन्होंने वन-डिस्ट्रिक्ट वन-प्रोडक्ट की तर्ज पर वन-ब्लॉक वन-प्रोडक्ट को विकसित करने के लिए बेहतर कदम उठाने की दिशा में कार्य करने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि किसानों को पारंपरिक खेती से ज्यादा मुनाफा व्यवसायिक खेती में है। इसलिए उन्हें जागरूक एवं प्रेरित करते हुए आवश्क सुविधा प्रदान किए जाने की आवश्कता है। उपविकास आयुक्त ने कलस्टर स्तर पर खेती को बढ़ावा दिये जाने का सुझाव दिया। उन्होंने कहा कि कलस्टर स्तर पर खेती को बढ़ावा मिलने से किसानों को आसानी से बाजार उपलब्ध हो सकेगा। साथ ही कृषि उत्पादन का बेहतर मुनाफा मिल सकेगा। उन्होंने जिला कृषि पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला पशुपालन पदाधिकारी, उद्यान पदाधिकारी आदि कृषि विभाग से संबद्ध अन्य विभागों के पदाधिकारियों को अपने स्तर से संबद्ध किसानों का डेटा-बेस तैयार करने एवं किसानों का रजिस्ट्रेशन कराने निदेश दिया। साथ ही सरकार की योजनाओं से अच्छादित करने का निदेश दिया। उन्होंने कहा कि कौन-कौन से किसान किस खेती से जुड़े हैं, उनका डेटा-बेस तैयार होने से व्यवसायिक खेती को बढ़ावा देने में सहुलियत होगी। उप विकास आयुक्त ने पलामू के किसानों द्वारा स्ट्रॉबेरी, अमरूद, ड्रैगन फ्रूट, संतरा, आम, मौसंबी आदि की खेती किये जाने की जानकारी प्राप्त करते हुए उनके मुनाफे का आकलन करने का निदेश दिया।

बैठक में जिला पशुपालन पदाधिकारी, जिला गव्य विकास पदाधिकारी, जिला मत्स्य पदाधिकारी ,जिला सहकारिता पदाधिकारी, जिला उद्यान पदाधिकारी, जिला कृषि पदाधिकारी, क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र, चियांकी के वरिष्ठ वैज्ञानिक, कृषि विज्ञान केन्द्र के वैज्ञानिक, जेएसएलपीएस के डीपीएम, एलडीएम सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## वृद्धा से युवक ने किया दुष्कर्म

**दुमका।** घर में घुसकर 60 साल की वृद्धा से दुष्कर्म का मामला मंगलवार को प्रकाश में आया है। मामला मुफस्सिल थाना क्षेत्र की लखीकुंडी पंचायत की है। जहां बीते दो मार्च की रात को एक शराबी युवक ने वृद्धा के साथ गलत कार्य किया है। पीड़िता ने मंगलवार को महिला थाना में मामला दर्ज कराया है। इसमें मोहलीपाड़ा के एक युवक को नामजद आरोपी बनाया है। पीड़िता ने पुलिस को दिए आवेदन में बताया कि वह लखीकुंडी में अकेली रहती है। दो मार्च की रात घर के आंगन में बैठी हुई थी। तभी मोहलीपाड़ा का एक युवक नशे की हालत में जबरन घर में घुस गया और डरा धमकाकर उसके साथ दुष्कर्म किया। तीन मार्च को शहर में रहने वाली बेटी के पास जाकर सारी बात बताई। मंगलवार को बेटी के साथ थाना जाकर मामला दर्ज कराया। महिला थाना प्रभारी अनुपमा सोरेंग ने बताया कि महिला के बयान पर दुष्कर्म का मामला दर्ज कर पीड़िता का मेडिकल कराया गया है। आरोपित की तलाश जारी है। छापेमारी के क्रम में आरोपित घर पर नहीं मिला। लेकिन जल्द ही उसे गिरफ्तार कर लिया जायेगा।

### राजकीय श्रावणी मेला महोत्सव के आयोजन को लेकर उपायुक्त ने की बैठक

# श्रद्धालुओं के लिए होगी वीआईपी कॉटेज की व्यवस्था




बिभा संवाददाता

**दुमका :** राजकीय श्रावणी मेला 2025 के आयोजन को लेकर उपायुक्त आंजनेयुलु दोड्डे की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में बैठक आयोजित की गयी।

उपायुक्त ने कहा कि श्रावणी मेला को ध्यान में रखते हुए शिवगंगा की बेहतर ढंग से साफ सफाई की जाय।कहा कि शिवगंगा के सारे पानी को निकालकर स्वच्छ जल भरा जाय ताकि आने वाले श्रद्धालु एक स्वच्छ माहौल में स्नान कर पूजा अर्चना कर सकें।उन्होंने कहा कि पेयजल पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है पेयजल को लेकर सभी जरूरी व्यवस्था प्रारंभ कर दी जाय ताकि श्रद्धालुओं को कठिनाई नहीं हो।

उपायुक्त ने मंदिर प्रांगण में परमानेंट सीसीटीवी कैमरे अधिष्ठापित करने का भी निदेश दिया है।उन्होंने मंदिर तथा मेला क्षेत्र के साफ सफाई को लेकर नियमानुसार निविदा कर मेला अवधि हेतु पर्याप्त संख्या में सफाई कर्मियों की प्रतिनियुक्ति करने का निदेश दिया।

उन्होंने कहा कि श्रद्धालुओं के आवासन को लेकर इस वर्ष 5 टेंट सिटी बनाये जाएंगे।साथ ही 30-40 वीआईपी कॉटेज बनाए जाएंगे, इस कॉटेज में सभी जरूरी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी,साथ ही श्रद्धालुओं के लिए भोजन की भी व्यवस्था कॉटेज में होगी।इस कॉटेज की बुकिंग श्रद्धालु घर बैठे ऑनलाइन कर सकेंगे।इसके लिए उपायुक्त ने जगह चिन्हित करने का निदेश दिया है।

बैठक में जिला प्रशासन के वरीय अधिकारी उपस्थित थे।

## सीएसआईआर-एनएमएल जमशेदपुर ने वन वीक वन थीम विज्ञान रथ का किया दौरा



बिभा संवाददाता

**जमशेदपूर :** सीएसआईआर-राष्ट्रीय धातुकर्म प्रयोगशाला, जमशेदपुर ने विज्ञान रथ को हरी झंडी दिखाई, जिसे भारत के लोगों के बीच वन वीक वन थीम अनुसंधान गतिविधियों को लोकप्रिय बनाने के लिए डिजाइन किया गया है।

डॉ. एन. कलैसेल्वी, सचिव, डीएसआईआर, भारत सरकार और महानिदेशक सीएसआईआर ने 14 फरवरी 2025 को सीएसआईआर-आईएमएमटी भुवनेश्वर से विज्ञान आधारित शिक्षा और जागरूकता को बढ़ावा देने वाली पहल, विज्ञान रथ का उद्घाटन किया। यह अभिनव परियोजना ओडिशा, जमशेदपुर, झारखंड और पड़ोसी राज्यों के स्कूलों, कॉलेजों और समुदायों में जाएगी। तीन सप्ताह तक यह वैज्ञानिक ज्ञान का प्रसार करेगी और नागरिकों को भारत के विकास में योगदान देने हेतु प्रेरित करेगी। विज्ञान रथ का उद्देश्य विकसित भारत 2047 के दृष्टिकोण के अनुरूप विज्ञान और नवाचार की संस्कृति को बढ़ावा देना है। यह प्रयास व्यक्तियों को सशक्त बनाने और विशेष रूप से सीएसआईआर के माध्यम से भारत के भविष्य को आकार देने का वादा करती है।

विज्ञान रथ को अनुसंधान एवं विकास, खनन, खनिज, धातु और सामग्री (4एम) विषय के अनुसार डिजाइन किया गया है। देश भर में लगभग 25 सीएसआईआर प्रयोगशालाएं देश के खनिज और धातु संसाधनों के सतत उपयोग की दिशा में अनुसंधान, नवाचार और प्रौद्योगिकी विकास के लिए इस थीम के तहत काम कर रही हैं।

सीएसआईआर-एनएमएल जमशेदपुर में विज्ञान रथ के दौरे पर, सीएसआईआर-एनएमएल के निदेशक डॉ. संदीप घोष चौधरी ने राष्ट्र निर्माण में सीएसआईआर की गतिविधि के वैज्ञानिक ज्ञान और प्रचार के प्रसार में इस तरह की गतिविधि के महत्व पर प्रकाश डाला। विज्ञान रथ के साथ सीएसआईआर-एनएमएल और सीएसआईआर-आईएमएमटी के वैज्ञानिकों और तकनीकी अधिकारियों की एक टीम भी थी।

## 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत जन-जागरूकता भागीदारी अभियान

बिभा संवाददाता



**हाजीपुर :** स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा घोषित 100 दिवसीय टी.बी. मुक्त भारत जन-जागरूकता भागीदारी अभियान के तहत सेन्ट्रल सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल, पूमरे, पटना में डा. सुबोध कुमार मिश्रा, चिकित्सा निदेशक के नेतृत्व में जन-जागरूकता के तहत ओ.पी.डी. परिसर में मरीजों एवं उनके परिजनों के बीच एक सेमिनार का आयोजन किया गया । इस सेमिनार में टी.बी. बीमारी के इलाज एवं बचाव के संबंध में जारूक रहने एवं अन्य जानकारियां उपस्थित सभी मरीजों एवं उनके परिजनों को दी गई ।इस अवसर पर डा. सुबोध कुमार मिश्रा, चिकित्सा निदेशक द्वारा स्वास्थ्य मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली द्वारा चलाये जा रहे टी.बी. से संबंधित विभिन्न योजनाओं एवं उन्मूलन कार्यक्रमों के बारे में बताया गया । इस पांचवे संस्करण में डा. अरविंद कुमार ओझा, डा. संध्या किरण, डा. संजय कुमार गुप्ता एवं डा. कौशल कुमार, अपर मुख्य चिकित्सा निदेशक, सी.एस.एस.एच, पटना के द्वारा विस्तृत रूप से टी.बी. के बारे में बताया गया ।इस सेमिनार में बहुत बड़ी संख्या में मरीज तथा उनके परिजन, पारामेडीकल कर्मचारी एवं इस अस्पातल के अन्य चिकित्सक भी शामिल हुए ।मरीजों द्वारा टी.बी. बीमारी के बचाव एवं इलाज से संधित विभिन्न प्रश्नों का जबाव उपस्थित चिकित्सकों द्वारा सेमिनार में दिया गया ।

### चांद- भैरो और फूलों -झानो इंडोर स्टेडियम में खेल बैंक का उद्घाटन

# खिलाड़ियों को खेल सामग्री उपलब्ध कराकर उनकी प्रतिभा को निखारना है: उपायुक्त


बिभा संवाददाता



**साहेबगंज :** साहेबगंज में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से चांद- भैरो और फूलों -झानो इंडोर स्टेडियम में खेल बैंक की स्थापना की गई है। इसका उद्घाटन उपायुक्त- सह- जिला दंडाधिकारी हेमंत सती के द्वारा किया गया। इस मौके पर उपायुक्त ने कहा कि खेल बैंक का उद्देश्य जिले के खिलाड़ियों को खेल सामग्री उपलब्ध कराकर उनकी प्रतिभा को निखारना है।इससे जरूरतमंद और आर्थिक रूप से कमजोर खिलाड़ियों को बड़ी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि यह पहल खिलाड़ियों के सपनों को साकार करने में मददगार साबित होगी।

खेल बैंक के माध्यम से फुटबॉल, क्रिकेट, बैडमिंटन, वॉलीबॉल समेत कई खेलों की सामग्री खिलाड़ियों को निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। इस दौरान कई खिलाड़ी, खेल प्रेमी और पदाधिकारी मौजूद रहे।

उपायुक्त ने जिले के युवाओं से खेलों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन खेल प्रतिभाओं को हर संभव सहायता देने के लिए प्रतिबद्ध है।




**बिहान भारत** की ओर से स्वात्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक **संजय कुमार** के लिए वाटिका अपार्टमेंट,भोसले गली,हरिहर सिंह रोड,बरियातू,रांची-834009(झारखंड) दूरभाष: 7761060594, 7004767601 से प्रकाशित तथा शिवा साई पब्लिकेशन प्रा.लि. (एसएच प्रिंटर प्रा.लि.), काठीटांड रातु, नियर टेंडर बगीचा, एचपी पेट्रोल पंप, रातु, रांची - 835222 झारखंड से मुद्रित। समस्त दीवानी विवाद, न्यायोचित कार्रवाई एवं दंडित परिवादो के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। **संपादक : कविता साहू**(*पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)। **प्रबंध संपादक : बीरेन्द्र महली** ।
Email-bihanbharat@gmail.com, bihanbharatranchinews@gmail.com